पश्चिम एशिया की उथल-पुथल भरी भट्टी में संघर्ष युद्धभूमि तक शायद ही सीमित रहते हैं. उनके कंपन वैश्विक व्यापार की नसों, तेल पाइपलाइनों, शेयर बाजार के संकेतकों और रोजमर्रा के घरेलू हिसाब-किताब तक पहुंच जाते हैं. ईरान को अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ खड़ा करने वाला वर्तमान उथल-पुथल भरा संघर्ष इस निर्मम रसायन का स्पष्ट उदाहरण है. इसने भू-राजनीतिक तनाव को एक ऐसे आर्थिक संकट में बदल दिया है, जिसने दुनिया के किसी भी कोने को अछूता नहीं छोड़ा. जो युद्ध शुरुआत में ईरान की परमाणु क्षमता और बैलिस्टिक मिसाइल अवसंरचना को निष्क्रिय करने के लिए एक सर्जिकल अभियान के रूप में शुरू हुआ था, वह अब क्षेत्रीय दावानल में बदल चुका है. विडंबना यह है कि इस निरर्थक युद्ध में लालची लाभार्थी तो बहुत कम हैं, परंतु युद्ध में शामिल न होने वाले एक दर्जन से अधिक देशों के नागरिक सबसे बड़े पराजित बन गये हैं. तेहरान की जवाबी कार्रवाई उग्र, पर असममित रही है. मानवीय क्षति के मुकाबले आर्थिक क्षति कहीं अधिक भयावह है. इस युद्ध की दैनिक लागत लगभग 1.8 अरब डॉलर है. दो सप्ताह में ही प्रत्यक्ष सैन्य खर्च 23 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और कोई भी युद्ध रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा.

किसी भी गंभीर मध्यस्थता प्रयास से दो एशियाई महाशक्तियां-चीन और भारत-स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं. बीजिंग ईरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है और चाबहार तथा ग्वादर के माध्यम से बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर में एक बड़ा निवेशक भी है, इसलिए वह तेहरान के पतन का जोखिम नहीं उठा सकता. पर वह वॉशिंगटन से टकराव का जोखिम भी नहीं ले सकता, क्योंकि इससे अमेरिका के साथ उसका 600 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार प्रभावित हो सकता है और खाड़ी से मिलने वाली ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ सकती है. भारत की दूरी और भी विरोधाभासी और पीड़ादायक है. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और प्रतिबंध कड़े होने से पहले ईरानी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार भी था. साथ ही भारत इस्राइल के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी भी बनाये हुए है. इसके बावजूद हमारी सरकार ने 'तनाव कम करने' और 'संवाद' की सामान्य अपीलों से आगे कुछ नहीं कहा है. दरअसल, प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव निकट हैं और महंगाई पहले ही संवेदनशील मुद्दा बन चुकी है. कुछ भारतीय रणनीतिक विश्लेषक निजी तौर पर यह भी मानते हैं कि यदि ईरान लंबे समय तक कमजोर रहता है, तो पाकिस्तान का पश्चिमी पड़ोसी व्यस्त रहेगा और खाड़ी क्षेत्र में चीन का प्रभाव भी कम होगा. इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के पास तेहरान, रियाद और वॉशिंगटन के बीच लगातार मध्यस्थता करने की संस्थागत क्षमता और संसाधन भी सीमित हैं. हालांकि, भारतीय राजनयिकों ने चुपचाप अमेरिकी और इस्राइली समकक्षों को अपनी चिंताएं बतायी हैं, पर 1991 के खाड़ी युद्ध या 2003 के इराक संकट जैसी कोई सार्वजनिक शांति पहल सामने नहीं आयी.

ऐसे युद्ध का पहला झटका हमेशा भारत जैसे ऊर्जा बाजारों में महसूस होता है. जबकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों जैसे तेल उत्पादक राष्ट्र हर कीमत वृद्धि के साथ अपने खजाने भरते हुए इस अवसर का आनंद लेते हैं. पर आयात पर निर्भर देशों के लिए इसका असर तुरंत और गहरा होता है. अपने कच्चे तेल का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करने वाला भारत मामूली कीमत वृद्धि से भी हिल जाता है. प्रति बैरल केवल 10 डॉलर की वृद्धि भारत के वार्षिक आयात बिल में 15-20 अरब डॉलर जोड़ देती है. यदि कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाये, तो एक ही वित्तीय वर्ष में यह घाटा 25 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है. इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ेगा, चालू खाते का घाटा बढ़ेगा और महंगाई बढ़ेगी, जिससे रुपये पर दबाव पड़ेगा और 2013 के बाद मुश्किल से पुनर्निर्मित विदेशी मुद्रा भंडार कमजोर पड़ सकते हैं. वित्तीय बाजारों में भी तूफान जल्दी आ गया. शुरुआती घबराहट भरी बिकवाली में भारत के शेयर बाजार की कुल पूंजी लगभग 16 लाख करोड़ रुपये घट गयी. इसका असर वैश्विक स्तर पर भी दिखा, क्योंकि निवेशक सोना और ऊर्जा शेयरों जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर भागने लगे. इस तबाही के बीच युद्ध अर्थव्यवस्था की एक भयावह विडंबना सामने आती है. जहां उद्योगों का बड़ा हिस्सा नुकसान झेल रहा है, वहीं कुछ साम्राज्य इस विनाश से फल-फूल रहे हैं. रक्षा उद्योग के विशाल निगम इस त्रासदी के सबसे बड़े विजेता हैं. उनकी सटीक हथियार प्रणालियां, स्टील्थ फाइटर और ड्रोन युद्ध में तेजी से इस्तेमाल हो रहे हैं, और जैसे-जैसे अमेरिका और इस्राइल के हमले जारी हैं, ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं. पिछले एक वर्ष में लॉकहीड मार्टिन के शेयर 470 डॉलर से बढ़कर लगभग 650 डॉलर हो गये, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बढ़ गया. आरटीएक्स के शेयर भी बढ़े, जिससे उसका मूल्य छह-सात अरब डॉलर बढ़ गया. इन रक्षा कंपनियों ने लगभग 50-60 अरब डॉलर का अतिरिक्त बाजार मूल्य हासिल किया है. हर दिन का युद्ध उनकी संयुक्त बाजार पूंजी में लगभग 300-400 मिलियन डॉलर जोड़ रहा है. ऊर्जा कंपनियां भी इस लाभ में शामिल हैं. लेकिन इन लाभों की कीमत वैश्विक अर्थव्यवस्था चुका रही है. हवाई यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है. पर्यटन अस्थिरता की छाया में कमजोर हो रहा है और निवेशक जोखिम भरे क्षेत्रों से दूर भाग रहे हैं.

सबसे अधिक मार आम नागरिकों पर पड़ती है- तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली और रसोई गैस सब महंगे हो जाते हैं. नरेंद्र मोदी सरकार को सब्सिडी के दबाव से जूझना पड़ रहा है, जबकि परिवारों के खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं. भारत के लिए यह स्थिति एक भयावह आर्थिक संकट में बदल सकती है- चालू खाते का बड़ा घाटा, गिरता हुआ रुपया और गैस, परिवहन तथा भोजन की बढ़ती कीमतों से दबे हुए परिवार. इस युद्ध के विजेता पहले ही स्पष्ट हैं- यानी अमेरिका-इस्राइल की रणनीतिक धुरी, जिसने सैन्य बढ़त हासिल कर ली है, रक्षा उद्योग जिसने अरबों डॉलर का मूल्य बढ़ा लिया है, और तेल निर्यातक राजशाहियां, जिनकी आय बढ़ गयी है. यदि यह युद्ध एक और महीने तक बिना रोक-टोक चलता रहा, तो इसका भारत पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा-एक ऐसा देश, जो 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है. भारत उस युद्ध का आकस्मिक और असहाय शिकार बनने की स्थिति नहीं झेल सकता, जिसमें उसने एक गोली तक नहीं चलायी, बम तो दूर की बात है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

# सवालों के घेरे में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका



**उमेश चतुर्वेदी**
वरिष्ठ पत्रकार
uchaturvedi@gmail.com

**संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य युद्धों को रोकना है. लेकिन न तो यह शीत युद्ध को रोक सका, न ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है. ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इस्राइली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठे हैं. मानवाधिकार के मुद्दों पर भी संयुक्त राष्ट्र प्रभावी नजर नहीं आता.**

ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इस्राइली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठे हैं. दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया. चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखती है. इसलिए, ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभायी. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशंस की असफलता रही. भले ही लीग ऑफ नेशंस को 20 अप्रैल, 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, परंतु उसके पहले ही, 24 अक्तूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गयी. इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही.

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाये रखना था. पर प्रश्न यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनियाभर में शांति बनाये रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है. इसके साथ ही, उसका एक और मकसद राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है. संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा. उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है. इसके साथ ही, उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाये रखने के लिए प्रयास करने की भी है. कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गयी, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें. पर प्रश्न यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है.

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य युद्धों को रोकना है. पर न तो यह शीत युद्ध को रोक सका, न ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है. वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था. वर्ष 2001 में भी जॉर्ज बुश के बेटे जूनियर जॉर्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ही ओट ली थी. वर्ष 1994 का रवांडा का नरसंहार हो, या फिर 2011 में दक्षिण सूडान में हुआ गृहयुद्ध, 1995 में सर्ब सेना द्वारा बोस्निया में किया गया नरसंहार हो या फिर 2010 के दौरान कथित अरब क्रांति की आड़ में हुई मध्य एशिया की हिंसा, किसी को भी रोकने में संयुक्त राष्ट्र अभियान सफल नहीं रहा. संयुक्त राष्ट्र का मंच राष्ट्रों के बीच संवाद बढ़ाने और विवादों को सुलझाने के बजाय उनके बीच गाली-गलौज और आपसी आलोचना का केंद्रभर बनकर रह गया है. अभी संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख और ताकतवर अंग सुरक्षा परिषद है. इसका गठन ही गैर-बराबरी को बढ़ावा देने का बड़ा आधार बन गया है. इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पावर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं. अमेरिका, चीन और रूस की ज्यादातर भूमिका नकारात्मक रहती है. रही बात ब्रिटेन और फ्रांस की, तो उनकी भूमिका मध्यमार्गी है. हालांकि, वे भी महत्वपूर्ण मामलों में सीधे हस्तक्षेप करने की भूमिका को प्रभावी ढंग से नहीं निभा सकते. इसका ही असर है कि ईरान पर इस्राइल और अमेरिका ने हमला कर रखा है तथा रूस एवं यूक्रेन के बीच चार वर्ष से युद्ध जारी है.

मानवाधिकार के मुद्दों पर भी संयुक्त राष्ट्र प्रभावी नजर नहीं आता. कोविड महामारी के दौरान जिस तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के साथ पक्षपातपूर्ण भूमिका निभायी, वह भी संयुक्त राष्ट्र की नाकामी का प्रतीक है. जब से ट्रंप ने अमेरिका की दोबारा कमान संभाली है, तब से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को और पंगु बनाने की कोशिश की है. विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र के कई अंगों में उन्होंने अपनी आर्थिक भागीदारी और सहयोग घटाना शुरू कर दिया है. उनका मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के मंचों के जरिये अमेरिकी करदाताओं की बड़ी रकम बेकार के कामों में खर्च हो रही है. ऐसे में, आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र की स्थिति और भी ज्यादा निरीह होने वाली है. ऐसे में यदि दुनिया के देश संयुक्त राष्ट्र के औचित्य पर ही सवाल उठाने लगें, तो दुनिया को हैरत नहीं होनी चाहिए.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

## देश दुनिया

# परमाणु ऊर्जा की ओर लौटने के खिलाफ हैं जर्मन चांसलर

पिछले सप्ताह पेरिस के पास परमाणु ऊर्जा को लेकर हुए एक सम्मेलन में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने कुछ यूरोपीय देशों द्वारा परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल से पीछे हटने और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद करने के फैसले को एक 'रणनीतिक गलती' बताया. उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा बिजली का भरोसेमंद, सस्ता और कम प्रदूषण फैलाने वाला स्रोत है. साथ ही उन्होंने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए यूरोपीय संघ (इयू) की ओर से नये सिरे से आर्थिक मदद देने का भी एलान किया. इयू अध्यक्ष की बातों की गूंज जर्मनी में सुनाई दी, जिसने 2023 में ही अपना आखिरी परमाणु रिएक्टर बंद कर दिया था. डेर लेन की परमाणु ऊर्जा पर लौटने की अपील पर बर्लिन में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है. वर्ष 1961 से, जर्मनी के कुल 37 परमाणु रिएक्टरों ने देश की 30 प्रतिशत तक बिजली की जरूरत को पूरा किया. हालांकि, 11 मार्च, 2011 को जापान के फुकुशिमा में हुई आपदा के बाद जर्मनी ने 15 वर्ष पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को धीरे-धीरे बंद करने का काम शुरू कर दिया. वर्ष 2023 में जर्मनी के आखिरी परमाणु ऊर्जा संयंत्र को भी बंद कर दिया गया. तब से जर्मनी में इस बात पर बार-बार बहस होती रही है कि क्या परमाणु ऊर्जा की ओर लौटना समझदारी होगी. उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिष मैर्त्स का कहना है कि पिछली केंद्र सरकारों ने परमाणु ऊर्जा को चरणबद्ध तरीके से बंद करने का फैसला लिया था और अब उस फैसले को पलटना संभव नहीं है. हालांकि, मैर्त्स की पार्टी सीडीयू और उसकी सहयोगी बवेरियन पार्टी सीएसयू परमाणु ऊर्जा का समर्थन करती है, लेकिन मैर्त्स जानते हैं कि पुराने फैसले को पलटने के लिए जर्मनी की संसद के निचले सदन बुंडेस्टाग में बहुमत की जरूरत होगी. इस बहुमत के लिए उन्हें धुर दक्षिणपंथी पार्टी 'अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' (एएफडी) के वोटों की जरूरत पड़ेगी. मैर्त्स पहले ही साफ कह चुके हैं कि वे एएफडी के साथ मिलकर काम नहीं करेंगे. **-येंस थुराऊ**

Deutsche Welle

## बोधि वृक्ष

# परहित में ही स्वहित



हमारे ऋषि-मुनियों ने अपने अनुभवों के आधार पर यह स्पष्ट किया है कि मनुष्यात्मा की व्यक्तिगत अशांति एवं समाज में पनप रही सामूहिक अशांति का मूल कारण है 'परहित की खातिर स्वहित का त्याग न करना.' जब हम अपने निजी हित को समाज एवं संसार के अन्य प्राणियों के हित अथवा कल्याण से अलग समझ लेते हैं, तब हम अपने कल्याण से भी वंचित होकर दुखी और अशांत हो जाते हैं और समाज में भी अव्यवस्था और अशांति बढ़ जाती है. अतः, हमें इस जीवन सूत्र को समझ लेना चाहिए कि 'दूसरे के कल्याण में ही हमारा कल्याण है.' जरा सोचिए, यदि हम सब दूसरों का अहित करने में लगे रहेंगे, तो संसार में किसी का हित कैसे होगा? और किसके द्वारा होगा? इस दूषित चक्र से निकलने का एकमात्र उपाय यही है कि हम समाज में इस तरह के विचारों को प्रवाहित करें, जिससे मनुष्य की क्रूर हिंसक दृष्टि परिवर्तित होकर कल्याणकारी दृष्टि बन जाये. इसके लिए हम सभी को हर कार्य करते हुए यही बात मन में रखनी है कि इस परिवर्तन को लाने में मेरी ही प्रारंभिक जिम्मेदारी है. आज संसार को मेरे इस छोटे-से कल्याणकारी दृष्टिकोण की अधिक आवश्यकता है. इस परिवर्तन की यात्रा में हो सकता है कि हमारे अपने ही पुराने संस्कारों के कारण हमें कुछ कठिनाइयां महसूस हों, या कोई बड़ी परीक्षा हमारे समक्ष आ जाये, या फिर जितनी जल्दी फल की आशा हम रखते हैं, उतनी जल्दी हमें उसका फल न दिखाई दे. परंतु इन सबसे हताश होने से पहले हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रारंभिक कठिनाइयां तो झेलनी ही पड़ती हैं. बच्चा जब स्कूल में पढ़ता है, तो उस समय उसे उसका कोई आर्थिक लाभ नहीं मिलता, परंतु वह लाभ उसकी बुद्धि के विकास के रूप में उसे आगे चलकर प्राप्त होता है. ठीक इसी प्रकार, हमारे सद्व्यवहार के अभ्यास का लाभ हमें सद्गुणों के रूप में प्राप्त होगा, जो आगे चलकर एक शांत और सुखी समाज के निर्माण में मजबूत बुनियाद के रूप में कार्य करेगा. इसलिए शुभ भाव एवं कल्याण भाव से कर्म करते जाइए, फल की प्राप्ति अपने आप होती जायेगी. **-ब्रह्माकुमार निकुंज जी**

## कुछ अलग

# सीमित दृष्टि से बाहर निकली आज की डबिंग

**मुकुल श्रीवास्तव**
टिप्पणीकार
srivastava_mukul@lkouniv.ac.in



एक समय था, जब डबिंग के अर्थ केवल संवादों के शब्दशः अनुवाद होते थे. विदेशी फिल्मों या धारावाहिकों के संवाद हिंदी में बदले जाते थे, पर उनमें भाव, संदर्भ और सांस्कृतिक अर्थ अक्सर खो जाते थे. भाषा तो बदल जाती थी, परंतु पात्रों की आत्मा, सामाजिक संकेत और स्थानीय संवेदनाएं अनुवाद की प्रक्रिया में फीकी पड़ जाती थीं. आज की डबिंग इस सीमित दृष्टि से बाहर निकल चुकी है. अब यह केवल भाषा परिवर्तन नहीं, बल्कि स्थानीयकरण और रचनात्मक पुनर्लेखन, यानी ट्रांसक्रिएशन का माध्यम बन चुकी है. इस प्रक्रिया में केवल शब्द बदलना नहीं होता, बल्कि भाव रूप में री-क्रिएशन किया जाता है, ताकि संस्कृति का रंग बना रहे.

इसी प्रयास में आज के हिंदी डायलॉग में हिंदी के लोकगीत, कहावतें, आलंकारिक भाषा और क्षेत्रीय हास्य तत्व शामिल किये जाते हैं. ऐसे में आधुनिक डबिंग केवल अनुवाद नहीं, एक रचनात्मक स्थानिक अनुकूलन बन चुकी है. ऐसा नहीं है कि ओटीटी पर डबिंग केवल विदेशी कंटेंट को भारत में लोकप्रिय बना रही है, यह भारतीय कंटेंट को भी दुनियाभर में पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है. 'सेक्रेड गेम्स' ने ओटीटी पर भारतीय कंटेंट की वैश्विक यात्रा की शुरुआत की, जहां अंग्रेजी, स्पेनिश और कोरियन जैसी भाषाओं में डब होकर इसने भारत की राजनीति, अपराध और सत्ता के जटिल यथार्थ को दुनिया के सामने रखा. इसके बाद 'दिल्ली क्राइम' को मिला इंटरनेशनल 'एमी अवॉर्ड' प्रमाण बना कि भारतीय सामाजिक यथार्थ वैश्विक दर्शकों के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है. वहीं 'आरआरआर' ने विभिन्न भाषाओं में डब होकर साबित कर दिया कि भाषा नहीं, भावनात्मक भव्यता और कथा की ऊर्जा भारतीय सिनेमा को विश्व मंच पर पहुंचाने की असली ताकत है. इस व्यापक बदलाव के केंद्र में सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म ही नहीं, डबिंग का वह उभरता हुआ उद्योग भी है, जिसने वैश्विक कंटेंट को स्थानीय अनुभव में बदल दिया है.

एक समय फिल्म डबिंग लंबी, महंगी और जुझारू प्रक्रिया हुआ करती थी. कई बार तो डबिंग की जगह उस कहानी को स्थानीय बाजार के हिसाब से पूरी तरह रूपांतरित कर दूसरी भाषा में नयी फिल्म के तौर पर रिलीज कर दिया जाता था. नतीजा, मूल फिल्म के कलाकारों, निर्देशक और पूरी रचनात्मक टीम को न तो पूरा श्रेय मिल पाता था, न ही उनकी मूल पहचान दर्शकों तक पहुंचती थी. लेकिन ओटीटी और तेज डबिंग तकनीकों ने यह तस्वीर पूरी तरह बदल गयी है. अब फिल्में और वेब सीरीज एक साथ कई भाषाओं में डब होकर रिलीज होती हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता सीमाओं में नहीं बंधती. ओटीटी और डबिंग की इस क्रांति ने यह साबित कर दिया है कि अब भाषा, सीमा और संस्कृति कहानी को देखने या समझने में बाधक नहीं है.

## आपके पत्र

### नवीकरणीय ऊर्जा आज की जरूरत

भारत की ऊर्जा आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए पेट्रोलियम पर निर्भरता कम करना आवश्यक है. इसके लिए भारत को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का अधिक उपयोग करना चाहिए. देश में वर्षभर पर्याप्त धूप होने के कारण सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं. तटीय और खुले क्षेत्रों में पवन ऊर्जा का विकास भी पेट्रोलियम की खपत कम कर सकता है. इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और एथेनॉल व बायोगैस, गोबर गैस, जैव ईंधनों का उपयोग बढ़ाना भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

**सुमित सागर**, हजारीबाग

### साइबर धोखाधड़ी का बढ़ता जाल

इन दिनों साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. इसका बड़ा कारण जानकारी की कमी और लालच है. साइबर ठग बड़ी चालाकी से हमसे हमारी निजी जानकारी निकलवा लेते हैं और हमारा अकाउंट खाली कर देते हैं. वहीं कई लोग जल्दी पैसा कमाने के लालच में इन ठगों के जाल में फंस जाते हैं. ऑनलाइन होने या मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आने पर हमें समझदारी से काम लेना चाहिए. किसी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना चाहिए.

**रश्मि मांझी**, ईमेल से

# इन दिनों

दो राष्ट्रों के बीच युद्ध छिड़ने पर अहिंसा में विश्वास रखने वाले व्यक्ति का धर्म है कि वह उस युद्ध को रोके.
- महात्मा गांधी

**अमेरिका-इस्राइल-ईरान युद्ध का आज 18वां दिन है. यह लड़ाई सुलह की ओर जाती नजर नहीं आ रही. ट्रंप का कहना है कि ईरान को बुरी तरह तबाह कर दिया गया है. लेकिन, ईरान पीछे हटता नजर नहीं आ रहा. लड़ाई के लिए अमेरिका को अपनी जमीन देनेवाले अरब देश भी इस युद्ध की चपेट में हैं और लगातार हमले झेल रहे हैं. मरने वालों की संख्या बढ़ रही है और विस्थापन भी. संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं इसे सदी की बड़ी मानवीय आपदाओं में से एक मान रही हैं. इस युद्ध से दुनिया भर में उपजे संकटों पर केंद्रित इस बार का इन दिनों....**



# युद्ध एक संकट अनेक

- 200 से अधिक बच्चों की जान जा चुकी है इस युद्ध में. 28 फरवरी के बाद से अब तक और 2000 से अधिक लोग मारे गये हैं ईरान में.
- 1970 के दशक के बाद के सबसे बड़े ऊर्जा संकट में धकेल दिया है दुनिया को इस युद्ध ने.
- 200 से अधिक तेल टैंकर समुद्र में फंसे हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र के लिए कवर देना बंद कर दिया है.
- 105 से 120 डॉलर के बीच पहुंच गयी हैं कच्चे तेल की कीमतें, जो पहले लगभग 70-73 डॉलर प्रति बैरल थीं.
- 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं कच्चे तेल की कीमतें एनर्जी एक्सपार्ट के मुताबिक, अगर युद्ध अगले कुछ हफ्तों तक जारी रहा तो.

**49,000** से अधिक मध्य पूर्व से जुड़ी उड़ानें रद्द हो चुकी हैं 28 फरवरी के बाद से अब तक. भारत-यूरोप रूट पर हवाई किराये में 33 फीसदी तक की वृद्धि हुई है.

ईरान युद्ध के साथ वैश्विक स्तर पर जोखिमों की एक श्रृंखला की शुरुआत हुई और इसका दायरा युद्धरत व गैर-युद्धरत दोनों तरह के देशों में बढ़ रहा है. यह युद्ध एक बड़ी मानवीय त्रासदी का रूप लेता जा रहा है. होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे होकर दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से के तेल और समुद्री गैस टैंकर गुजरते हैं, लगभग पूरी तरह बंद है. हालांकि, कई दिनों की कोशिशों और ईरान से अच्छे संबंधों के चलते भारत होर्मुज से एलपीजी के दो टैंकर लाने में सफल रहा. लेकिन, इस युद्ध से उपजे हालात के कारण विश्व के कई देशों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं.

## बमबारी में जाती जानें

पूरी दुनिया जान चुकी है कि ईरान के होर्मोज्गान प्रांत के मिनाब में 28 फरवरी, 2026 को लड़कियों के एक प्राथमिक स्कूल में मिसाइल हमला हुआ, जिसमें 165 से 180 लोग मारे गये, जिनमें अधिकांश 7 से 12 वर्षीय स्कूली छात्राएं थीं. ईरानी विदेश मंत्रालय ने कम-से-कम 168 छात्राओं की मौत की बात कही है. इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरा रोष पैदा किया और इसे दुनिया भर में एक युद्ध अपराध के तौर पर देखा जा रहा है. युद्ध तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, अब भी बमबारी एवं मिसाइल हमले जारी हैं और इसमें लगातार इंसानी जानें जा रही हैं.

## ईरान में अब तक की स्थिति

**2000** हजार से अधिक जानें अब तक जा चुकी हैं ईरान में. मारे गये लोगों में 1330 आम नागरिक (जिनमें कम से कम 206 बच्चे शामिल हैं), 1122 सैनिक हैं, ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के अनुसार.

**10,000** हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं अमेरिका-इस्राइल हमलों में ईरान स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक.

**25** अस्पताल यहां क्षतिग्रत हो चुके हैं और नौ में युद्ध की तबाही के बाद से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हैं.

**32** लाख तक हो सकती है युद्ध के कारण ईरान से विस्थापित हुए लोगों की संख्या संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के अनुसार.

- ईरान की सीमा से बाहर, श्रीलंका के तट के पास हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिसमें कम-से-कम 87 लोग मारे गये.

## लेबनान से आये आंकड़े

- 773 लोग मारे गये हैं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक लेबनान में इस्राइली सेना और हिजबुल्लाह के बीच चल रहे भीषण संघर्ष के चलते, जिनमें 103 बच्चे शामिल थे. ईरान हमले के बाद 2 मार्च से शुरू हुए इस संघर्ष में 1933 से अधिक लोग घायल हुए हैं.
- 8,30,000 है लेबनान से विस्थापित हुए लोगों की संख्या लेबनान के आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार.

## अमेरिका-इस्राइल का नुकसान

- अमेरिकी केंद्रीय कमान से जारी आंकड़े बताते हैं कि अमेरिकी सेना के कम-से-कम 13 जवान मारे गये हैं अब तक ईरान युद्ध में, जिनमें से 7 की जान दुश्मन की गोलीबारी में गयी है.
- इस्राइली अधिकारी के हवाले से आये आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध के शुरू होने के बाद से अब तक 12 इस्राइली नागरिक और 2 सैनिकों की जान गयी है.

## खाड़ी देशों के हालात

ईरान ने लगभग सभी खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों को किसी न किसी रूप में निशाना बनाया है और मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रहा है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) सबसे ज्यादा प्रभावित है. अमेरिका के सैन्य अड्डों की मेजबानी करनेवाले सभी देश - कतर, बहरीन, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत एवं अमेरिका के सहयोगी ओमान और सऊदी अरब में भी हमले हुए हैं.

ईरान के हमलों में खाड़ी देशों में लगभग 18 लोगों की मौत हुई है संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान के सरकारी मीडिया के अनुसार. संयुक्त अरब अमीरात में 6 लोग मारे गये हैं और कुवैत में भी 6 लोग मारे गये हैं, जबकि ओमान, सऊदी अरब और बहरीन में प्रत्येक देश में 2-2 मौतें हुई हैं. मारे जानेवालों में अधिकांश सुरक्षाकर्मी या विदेशी कामगार हैं.

## ऊर्जा आपदा के मुहाने पर दुनिया

अमेरिका-इस्राइल की ईरान के साथ लड़ाई से प्रभावित मध्य पूर्व के अधिकतर देश बड़े पैमाने पर तेल और गैस उत्पादन व निर्यात करते हैं. इन देशों से दुनिया भर में होनेवाला कच्चे तेल और गैस का 20 फीसदी निर्यात का रास्ता होर्मुज जलडमरूमध्य है, जो युद्ध के बाद से अस्थायी तौर पर बंद है. ईरान इस रास्ते पर मजबूत सैन्य दखल रखता है और यहां से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहा है. अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी से जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न कर रहा है. फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस युद्ध ने प्रभावी रूप से प्रतिदिन इस जलमार्ग से गुजरने वाले 2 करोड़ बैरल पेट्रोलियम के परिवहन को रोक दिया है. आइइए ने कहा कि अब केवल थोड़ी ही मात्रा में तेल गुजर रहा है. आइइए ने यह भी कहा है कि युद्ध जितना लंबा चलेगा, लागत उतनी ही बढ़ने की संभावना है.



- 20 प्रतिशत हिस्सा जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है सामान्य दिनों में विश्व के कुल पेट्रोलियम व्यापार का.
- एशिया दुनिया का सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक क्षेत्र है और 2025 में यह महाद्वीप अपने कच्चे तेल के आयात के लिए 59 फीसदी तक मध्य पूर्व पर निर्भर था.
- आइइए ने भविष्यवाणी की है कि इस महीने वैश्विक तेल आपूर्ति में प्रतिदिन 80 लाख बैरल की गिरावट आयेगी.
- वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत युद्ध से पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो युद्ध के दूसरे सप्ताह में बढ़कर लगभग 120 डॉलर हो गयी. इसके बाद ट्रंप ने संघर्ष के जल्द समाप्त होने की घोषणा की, तब कीमतों में थोड़ा सुधार हुआ और अब यह तकरीबन 100 डॉलर है.
- तेल की बढ़ती कीमतों के कारण दुनिया के कई देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गयी हैं, जिनमें अमेरिका भी शामिल है, जहां सामान्य ईंधन की औसत कीमत अब 3.63 डॉलर प्रति गैलन है, जो एक महीने पहले 2.94 डॉलर थी.
- सीमित भंडारण क्षमता के कारण, सऊदी अरब, कुवैत, इराक और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई तेल उत्पादक मध्य पूर्वी देशों को युद्ध शुरू होने के बाद से अपने परिचालन में कटौती करनी पड़ी है.
- कतर में स्थित रास लाफान गैस संयंत्र, जो वैश्विक द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा प्रदान करता है, ड्रोन हमलों के बाद पिछले सप्ताह बंद हो गया.

### तेजी से बढ़ी हैं कीमतें

**68%** तक की भारी वृद्धि देखी गयी है कंबोडिया में पेट्रोल की कीमतों में.

**50%** की बढ़ोतरी हुई है वियतनाम में पेट्रोल की कीमतों में.

**35%** नाइजीरिया, 33% लाओस और 28% कनाडा में बढ़ी हैं ईंधन की कीमतें.

**321** रुपये प्रति लीटर के आसपास तक पहुंच गयी है पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत.

**2** यूरो प्रति लीटर के पार पहुंच गयी हैं आयरलैंड में पेट्रोल व डीजल की कीमतें, जो 2022 के बाद सबसे उच्चतम स्तर है.

- जर्मनी, फिनलैंड, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड में डीजल की कीमतें 2 यूरो प्रति लीटर के पार चली गयी हैं, यानी 211 से 214 रुपये के आस-पास.
- कतर के एलएनजी (एलएनजी) उत्पादन में रुकावट के कारण यूरोप में गैस की कीमतों में 75 प्रतिशत तक का उछाल देखा गया है.

## विश्व धरोहर स्थल हो रहे क्षतिग्रस्त

ईरान में अराग स्क्वायर पर हुए मिसाइल हमले के बाद गुलिस्तान पैलेस क्षतिग्रस्त हो गया है. गुलिस्तान पैलेस आठ आलीशान संरचनाओं का एक परिसर है, जिसका निर्माण पहली बार 1500 के दशक में किया गया था. यह ईरानी राजधानी के सबसे पुराने ऐतिहासिक स्मारकों में से एक और तेहरान का एकमात्र यूनेस्को-सूचीबद्ध विश्व धरोहर स्थल है. मध्य ईरानी शहर इस्फहान के केंद्र में स्थित 17वीं शताब्दी की स्थापत्य कला का एक अनमोल नमूना, विशाल नक्श-ए जहान चौक भी क्षतिग्रस्त हो गया है. ईरान के सांस्कृतिक विरासत मंत्रालय ने 14 मार्च को एक बयान जारी कर बताया है कि पिछले दो हफ्तों में अमेरिका और इस्राइल द्वारा किये गये हमलों के दौरान, देश भर में कम से कम 56 संग्रहालयों, ऐतिहासिक इमारतों और सांस्कृतिक स्थलों को गंभीर नुकसान पहुंचा है. तेहरान में 19 ऐतिहासिक स्थल प्रभावित हुए और कुर्दिस्तान प्रांत में 12 स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं.



तेहरान का 14वीं शताब्दी का गुलिस्तान पैलेस, जो यूनेस्को के संरक्षण में एक विश्व धरोहर स्थल है, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है.

## वैश्विक पर्यटन पर छायी धुंध, सबसे व्यस्त हवाई अड्डे में उड़ानें बाधित

- वर्ल्ड ट्रेवल एवं टूरिज्म काउंसिल के अनुसार, इस युद्ध से मध्य पूर्व के पर्यटन क्षेत्र को प्रतिदिन लगभग 5000 करोड़ का नुकसान हो रहा है.
- 2026 में मध्य पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में 11 से 27 फीसदी तक की कमी आने की आशंका है. यदि युद्ध लंबा खिंचता है, तो यह नुकसान 56 डॉलर अरब तक पहुंच सकता है.
- युद्ध प्रभावित क्षेत्रों, जैसे इस्राइल में 80 प्रतिशत, जॉर्डन में 45 एवं मिस्र (सिनाई क्षेत्र) 22 प्रतिशत की बुकिंग में कमी देखी गयी है.
- दोहा में अब तक 308 में से 288 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं.
- हवाई मार्ग बदलने और तेल की बढ़ती कीमतों के कारण विमानन कंपनियों का खर्च बढ़ गया है, जिससे हवाई टिकटों के दाम 17 से 33 फीसदी तक बढ़ गये हैं.
- 60 करोड़ डॉलर के लगभग प्रतिदिन का नुकसान हो रहा है सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से होने वाली आमदनी में मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार.
- भारत से होनेवाली अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में 30-60 फीसदी की गिरावट आयी है.



- भारत-यूरोप रूट पर हवाई किराये में 33 फीसदी तक की वृद्धि हुई है, जबकि दुबई जानेवाली उड़ानों के किराये में 60-80 फीसदी का उछाल देखा गया है.
- पश्चिम की ओर जाने वाले भारतीय यात्री अब इथियोपिया या श्रीलंका जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि ईरान के ऊपर का हवाई क्षेत्र बंद है.
- मार्च और अप्रैल के लिए निर्धारित जेरूसलम और अम्मान जैसे धार्मिक स्थलों के दौरे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिये गये हैं.
- लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा कारणों से क्रूज संचालन लगभग ठप है.

**ईरान** ने संयुक्त अरब अमीरात पर 1800 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिससे इस देश में व्यापारिक गतिविधियां और पर्यटन क्षेत्र बड़े पैमाने पर प्रभावित हुए हैं. दुबई हवाई अड्डा एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका को जोड़ने वाला एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट हब है. फरवरी के अंत में अमेरिका और ईरान के बीच जंग शुरू होने से पहले यह अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा था और साल 2025 में यहां करीब 9 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी. ईरान युद्ध के बाद से लगातार इस एयरपोर्ट को हमले का सामना करना पड़ रहा है और नियमित तौर पर उड़ाने बाधित हो रही हैं.

**1600** से अधिक उड़ानें रद्द की गयीं हैं फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ने के बाद से भारत में 28 फरवरी से 3 मार्च के बीच, इनमें से 1,221 भारतीय एयरलाइंस की और 388 विदेशी एयरलाइंस की उड़ानें थीं पीआइबी के अनुसार.

- 2025 में दुबई ने 16 मिलियन से अधिक अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत किया था, लेकिन यहां के मशहूर रिसॉर्ट्स में पिछले कुछ हफ्तों में बुकिंग में 40 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गयी है.

## खबरें सिटी की

### ग्रामीण विकास : कर्मियों को मिला संगठित एआइ प्रशिक्षण

**प्रमुख संवाददाता, रांची**

- प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को आधुनिक टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया

ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की पहल पर विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए देश का पहला संस्थागत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है. इस कदम से झारखंड सरकारी कामकाज में एआइ को अपनाने वाला देश का अग्रणी राज्य बन गया है. प्रशासनिक सुधारों को गति देने के लिए विभाग ने 17 अक्तूबर 2025 को ग्रामीण एआइ सपोर्ट सेल की स्थापना की थी. इस पहल में द नंज इंस्टीट्यूट के फेलो विनोद कुमार पांडेय और अवर सचिव चंद्र भूषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.

**छह सत्रों में 40 से अधिक कर्मी हुए प्रशिक्षित :** जनवरी और फरवरी के बीच आयोजित छह विशेष प्रशिक्षण सत्रों में कंप्यूटर ऑपरेटर से लेकर अवर सचिव स्तर तक के 40 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को आधुनिक टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया. इन्हें आधिकारिक पत्र व नोटशीट तैयार करने के लिए क्लाउड एआइ और माइक्रोसॉफ्ट की जानकारी दी गयी. योजनाओं की प्रगति के लिए लाइव डैशबोर्ड बनाने के लिए पावर बीआइ के बारे में बताया गया. साथ ही डेटा विश्लेषण और प्रभावी प्रस्तुतिकरण के लिए परप्लेक्सिटी व गामा की जानकारी दी गयी.

**यह पहल झारखंड को तकनीक आधारित सुशासन का मॉडल बनायेगी :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि तकनीक से सशक्त प्रशासनिक तंत्र ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचा सकता है. यह पहल झारखंड को तकनीक आधारित सुशासन का मॉडल बनायेगी.

### रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**रांची.** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ ने विभिन्न मांगों के समर्थन में सोमवार को विधानसभा मार्ग, जगन्नाथपुर मंदिर के पास धरना-प्रदर्शन किया. इसको लेकर जिला प्रशासन को मार्ग डायवर्ट करना पड़ा और हाइकोर्ट, विधानसभा जानेवाले आम व खास शालीमार बाजार मार्ग, जेएससीए रोड होते हुए गये. धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने न्यूनतम वेतन लागू करने, वर्ष में दो साड़ी सेट देने, संयोजिका एवं अध्यक्ष को भी रसोईया के तर्ज पर मानेदय से जोड़ने, रसोईया को स्थायी नियमावली जब तक नहीं बनती है तब तक 60 साल उम्र का बाध्यता समाप्त करने, कार्य के दौरान घायल होने पर समुचित इलाज कराने व अंग क्षति पर क्षतिपूर्ति और मृत्यु होने पर आश्रितों को आर्थिक सहायता देने, 10 लाख का निःशुल्क बीमा कराने, पेंशन स्कीम से जोड़ने की मांग की. धरना को प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी केशरी, प्रेमनाथ विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया.



## चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



चुनाव
राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

> पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है।

पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढ़हना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे



# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी**

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखी

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।



## ऑफ बीट

# पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में अलग होते हैं

पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।



## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री



### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं

होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। **-एस जयशंकर,** विदेश मंत्री



### जमीनी हकीकत अलग

पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस, अध्यक्ष



### देश में ईंधन संकट का डर

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। **-संजय सिंह,** सांसद आप



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल



**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवेल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो कोलकाता के एक सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।

### अग्निकांड पर पीएम ने दुख व्यक्त किया



**दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हादसे में अब तक 10 मरीजों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पीएम ने ऐलान किया कि प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा



**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।

### सड़क हादसे में 2 की मौत, 2 घायल




**संत कबीर नगर।** यूपी के संत कबीर नगर जिले में एक मिनी ट्रक की टक्कर में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार खलीलाबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रसूलाबाद के पास एक मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दिल्ली शराब घोटाला मामला

### दिल्ली कोर्ट से केजरीवाल और सिसोदिया को जवाब देने के लिए मिला समय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय का त्रुटिग्रस्त आदेश जरूरत के बाद एक सेकंड के लिए भी रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए और केजरीवाल व अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अधीनस्थ न्यायालय का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है, तो जवाब देना जरूरी नहीं है।

### अगले सप्ताह होगी 'डिजिटल अरेस्ट' पर सुनवाई

शीर्ष अदालत अगले सप्ताह 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी से 54,000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी को 'लूट व डकैती' बताया था।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव पर थम नहीं रार, सीईसी और सीएम आमने-सामने

# चुनाव आयोग ने 28 फरवरी के बाद ट्रांसफर किए पुलिस अधिकारियों की अब मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकता

चुनाव आयोग ने उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की सूची मांगी है, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन पुलिस अधिकारियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनके ट्रांसफर के आदेश अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (28 फरवरी) के बाद जारी किए गए थे। इस रिपोर्ट में उन मामलों को शामिल नहीं किया गया है जिन्हें 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद चल रहे न्यायिक निर्णय के लिए भेजा गया था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी की तरफ से चुनावों के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून) और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 2021 और 2024 में चुनाव संबंधी हिंसा में संलिप्तता या निष्क्रियता के लिए दोषी ठहराए गए पुलिस अधिकारियों के बारे में कहा कि आयोग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। राज्य सरकार को भेजे गए एक अन्य पत्र में, चुनाव आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों का विवरण भी मांगा है जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनाव संबंधी हिंसा की घटनाएं घटी थीं। चुनाव आयोग ने दूसरे पत्र में लिखा कि आप उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की एक और सूची दें, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं।

### सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किए लोगों के बारे में मांगी जानकारी



सीईसी ज्ञानेश कुमार



केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

### अधिकारियों को हटाना महिला विरोधी सोचः ममता



तबादलों को लेकर सीएम ममता बेनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया। बेनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन

### शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव होंगेः शुभेंदु



पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बेनर्जी सरकार ने 'पार्टी लाइन पर न चलने' के कारण किनारे कर दिया था। ईमानदार और निष्पक्ष आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा।

### वाममोर्चा ने 192 प्रत्याशियों की सूची जारी की

वाम मोर्चा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 192 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की, जिसमें राज्यसभा के निवर्तमान सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य और माकपा की केंद्रीय समिति की सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी प्रमुख प्रत्याशियों में हैं।

### भाजपा का 47, माकपा का 81 उम्मीदवारों का ऐलान

केरल चुनाव



सीएम विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा माकपा ने 81 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इसमें सीएम पिनाराई विजयन और 11 मंत्रियों के भी नाम शामिल हैं। 81 उम्मीदवारों में से छह पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। सीएम विजयन कन्नूर जिले की धर्मदम से मैदान में होंगे।

## एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा

# पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस



झूठे पोस्ट हटाने की मांग की

सुनवाई एक दो दिन में होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है। याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है।

### एपस्टीन से फंडिंग मिलने की बात झूठी

मानहानि याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 से कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि हिमायनी पुरी का जेफरी एपस्टीन या उसके क्राइम नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जिन कंपनियों में वह काम कर चुकी हैं, उनमें से एक 'रियल पार्टनर्स एलएलसी' को एपस्टीन या उसके सहयोगियों से फंडिंग मिलने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह दावा भी किया गया कि रॉबर्ट मिलार्ड ने हिमायनी पुरी के साथ मिलकर लेहमन ब्रदर्स के पतन की साजिश रची थी।

### आरोप निराधार और मनगढ़ंत

हालांकि हिमायनी पुरी की याचिका में इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो, भ्रामक कैप्शन और छेड़छाड़ किए गए थंबनेल के जरिए इन आरोपों को वायरल किया गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि हिमायनी पुरी को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं। इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में होने की संभावना है।

## मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद उठेगा मुद्दा, सदन में वापस लौटेंगे सांसद

# विपक्ष के 8 निलंबित सांसदों की होगी लोकसभा में वापसी, सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अनैतिक आचरण को लेकर किए गए विपक्ष के आठ सांसदों (कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) के 1 सांसद) के निलंबन को रद्द करने को लेकर सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई है। मंगलवार को प्रश्नकाल के तुरंत बाद यह मुद्दा सदन में उठेगा और उसी के साथ ही इन सभी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा और यह सदन की कार्रवाई में पहले की तरह भाग ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में विपक्ष के तमाम नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि सदन की गरिमा और स्थापित परंपरा का सभी सदस्यों द्वारा पालन किया जाएगा। साथ ही सभी यह सुनिश्चित करेंगे की ऐसी घटनाओं की भविष्य में सदन में पुनरावृत्ति न हो। कोई भी सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने वेल में दूसरी ओर (सत्ता पक्ष) नहीं जाएगा। इसके अलावा कागज फाड़कर नहीं फेंके जाएंगे और कोई भी सदस्य अधिकारियों की मेज पर भी नहीं चढ़ेगा। बैठक में केसी वेणुगोपाल, के.सुरेश, शताब्दी राय, धर्मेंद्र यादव, सुप्रिया सुले, अरविंद सावंत, टी.सुमति और कल्याण बनर्जी, राजीव रंजन सिंह जैसे तमाम दलों के नेता शामिल हुए।

### इन सांसदों का हुआ था निलंबन

बता दें कि बजट सत्र के पहले चरण के दौरान 3 फरवरी को संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा में लाए गए एक प्रस्ताव के बाद 8 सांसदों का सत्र की बाकी बची हुई शेष संपूर्ण अवधि तक के लिए कार्रवाई से निलंबन कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, डॉ.प्रशांत पाडोले, चामला किरण रेड्डी और एस. वेंकटेशन मुख्य रूप से शामिल हैं। यह सभी विपक्षी सांसद पूर्व में भी और 9 मार्च को दोबारा से शुरू हुई बजट सत्र की कार्रवाई के दौरान अपना निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर संसद भवन परिसर पर धरने पर बैठे हुए थे।

### संसद परिसर में न लाएं डंडे, तलवार

उधर, लोकसभा सचिवालय ने सांसदों को संसद परिसर में मर्यादा बनाए रखने के लिए एक बुलेटिन जारी किया है। जिसमें दिशानिर्देश 124 ए (2)(3) का जिक्र किया गया है। यह मूल रूप से संसद परिसर क्षेत्र और मार्ग को सांसदों के लिए खुला और बाधारहित बनाए रखने के लिए कुछ गतिविधियों पर रोक लगाता है। बुलेटिन में स्पष्ट किया गया है कि परिसर में हथियार, झंडे, पोस्टर, लाठी, भाला, तलवार, डंडे और ईंट आदि न लाएं और न ही प्रदर्शित करें। बुलेटिन में कुछ मामलों में पोस्टर, प्लेकार्ड, एआई वाले आपत्तिजनक चित्र, तस्वीरें और नारों को प्रदर्शित करने पर भी रोक की बात कही गई है। सांसदों को नियमों का पालन करने को कहा गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank**

**पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।
देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 16 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| **शाखा का नाम : दिल्ली-अलकनंदा** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डी-1, अलकनंदा शॉपिंग कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110019 |
| 102305003822 | गीता बाटला | |
| **शाखा का नाम : दिल्ली-महारानी बाग** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 12, डॉ. सीवी रमण मार्ग, तैमुर नगर, नई दिल्ली-110065 |
| 342662000786 | सैफ उल इस्लाम खान | |
| **शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका सेक्टर-19** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 452, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110078 |
| 542805000087 | परमवीर लोहान | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 17.03.2026 — भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
स्थान : साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली — कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में जिन्दल विश्वविद्यालय के पीछे जगदीशपुर रोड को रोड चौड़ा करने की वजह से एलटी लाइन सहित 11 केवी राठधना एपी, 11 केवी जगदीशपुर आरडीएस, 11 केवी उद्योग कुंज फीडर की शिफ्टिंग। | 13.03.2026 24.03.2026 | 96.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 12.03.2026 03.04.2026 | 97.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिला हरियाणा में सुभाष स्टेडियम सोनीपत में मिट्टी भराई कार्य। | 13.03.2026 20.03.2026 | 54.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पंचकूला जिले में पिंजौर एरोड्रोम के परिसर की अवसंरचना के रखरखाव और कार्यालय के भवन के चारों ओर घास और अन्य छोटे पौधे इत्यादि के पौधारोपण के लिए लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास (4 माह विकास कार्य जमा 18 माह रखरखाव)। | 06.03.2026 19.03.2026 | 46.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पानीपत में लघु सचिवालय के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 4 अन्य। | 16.03.2026 24.03.2026 | 60.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन एवं रखरखाव के साथ-साथ चरखी दादरी और महेन्द्रगढ़ के स्टोन क्रशर्स एरिया के लिए 10 नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन और रखरखाव के साथ-साथ रेवाड़ी और झज्जर के स्थापना के लिए दो नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहाव रूकावटों को हटाने के लिए केसीबी ड्रेन के आरडी 2200 और आरडी 755 पर वीआर ब्रिज के डेक स्लैब को उठाना। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 217.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | इन्द्री एस्केप के आरडी 64800 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 2 कार्य। | 11.03.2026 20.03.2026 | 449.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव झुंडपुर जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 300 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 3 अदद स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मनौली कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | 120.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | यमुना नदी के आरडी 0 से 23750 तक टांडा जगदीशपुर बंध के डिजाइन सेक्शन की ब्रिंगिंग। | बंद होने की तिथि 19.03.2026 | 223.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | केसीबी ड्रेन पर 67500 के वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण / पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 179.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव पबनेरा जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 800 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 10 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मिमारपुर कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान (बाढ़ संरक्षण कार्य)। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 336.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 14 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मामले नियंत्रक, अम्बाला | हैंडलिंग कार्य (8 किलोमीटर दूर अम्बाला सिटी और नारायणगढ़)। | 14.03.2026 19.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 8800154900 dfscamb1@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्मा सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना (जाखौली कमान) + 3 कार्य। | 12.03.2026 19.03.2026 | 24.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना में लाकड़ा समुदाय की सामान्य चौपाल का निर्माण + 5 कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 46.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज भिवानी | गांव रातेरा ब्लॉक बवानी खेड़ा में महाराणा प्रताप भवन का निर्माण, एचजीवीवाई + 1 कार्य। | 13.03.2026 18.03.2026 | 94.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव बरानी खालसा ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में सामान्य चौपाल को पूरा करना + 2 कार्य। | 13.03.2026 23.03.2026 | 80.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव सौंकरा ब्लॉक नीलोखेड़ी में राजकीय विद्यालय से सरदार करनैल सिंह नम्बरदार चौपाल तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 12.03.2026 21.03.2026 | 124.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | महिला एवं बाल विकास विभाग भिवानी हरियाणा | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466150800 pobhw.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/400/43898/I/88/7 दि. 16.03.26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **अश्लेष गुप्ता, पुत्रः स्वर्गीय श्री हरि शंकर गुप्ता, निवासीः मकान नंबर 54, तीसरी मंजिल, पुष्पांजलि एन्क्लेव, कड़कड़डूमा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.219/2019 dated 11.11.2019, U/S 420/406/409/ 468/471/120B IPC** के तहत एक मामला **थाना ईओडब्लू, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.219/2019 dated 11.11.2019, U/S 420/406/409/ 468/471/120B IPC, थाना ईओडब्लू, दिल्ली** के अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री मृदुल गुप्ता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
नई दिल्ली जिला, 26, भूतल, एनेक्स बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3383/EOW/2026
(अदालती मामला)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

अभियोग संख्या 318 दिनांक 18.10.25 धारा 137 (2),96 BNS थाना शहर रेवाड़ी।

गुमशुदा की पहचान



नाम- शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा
हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी।
उम्र- 17 साल 4 महीना
कद- 5 फुट 1 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर
पहनावा- काले रंग सूट सलवार पैरों में बैंगनी रंग की चपप्ल पहने है।

दिनांक 17.10.25 को समय करीब 2.00 PM पर शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी अपने घर से विना बताए घर से चली जाने पर अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रेवाड़ी- 7056666121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रेवाड़ी- 9588719951

पीआरडीएच-1084/11/4578/2026/43886/88/7 दि. 16.03.26

संपादकीय जागरण

मंगलवार, 17 मार्च, 2026 : चैत्र कृष्ण - 13 वि. 2082

विश्वास की नींव पर ही संबंधों का भवन टिका होता है

# मुश्किल में पड़े ट्रंप

**ईरान पर** हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा। जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी। यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफ पीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश शामिल नहीं हुए थे।

यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा। वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है। उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है। ट्रंप के पास ईरान की इस रणनीति का कोई जवाब नहीं दिख रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रखकर ट्रंप की समस्या और बढ़ा दी है। उनका संकट केवल यही नहीं कि उन्हें अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा है, बल्कि यह भी है कि अमेरिका में भी उनका विरोध बढ़ता जा रहा है।

# उचित इस्तेमाल जरूरी

**दिल्ली में** वाहनों से वसूले जाने वाले पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) को खर्च करने के बावजूद इसका प्रदूषण कम होने में लाभ न दिखना निराशाजनक है। एक आरटीआइ के जवाब में पता चला है कि पिछले 21 महीनों में वाहन मालिकों से ईपीसी के 140 करोड़ रुपये वसूले गए हैं, जिसमें से 90 प्रतिशत तक खर्च भी किए गए हैं, लेकिन केंद्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) भी मानता है कि इससे हवा की गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ भी है या नहीं, ये अस्पष्ट है। ऐसे में जिन मदों में इसे खर्च किया जा रहा है, उनपर सवाल उठना लाजिमी है।

> दिल्ली सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि पर्यावरण संरक्षण शुल्क का प्रयोग प्रदूषण नियंत्रण में ही किया जाए

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बड़ी चिंता है और इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं, जिनमें दो हजार सीसी या इससे अधिक क्षमता के डीजल वाहनों पर लगाया जाने वाला ईपीसी भी है। इसका उद्देश्य डीजल वाहन मालिकों से पर्यावरण संरक्षण शुल्क वसूलकर उसका प्रदूषण नियंत्रण में इस्तेमाल करना है। लेकिन इस धनराशि को खर्च करने का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब ये प्रदूषण नियंत्रण में सकारात्मक योगदान दे। अब तक इसे किन मदों में खर्च किया जाता रहा है, दिल्ली सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस धनराशि का भविष्य में बेहतर इस्तेमाल किया जाए, ताकि इससे हुए कार्यों के परिणाम स्पष्ट नजर आएं।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति पर भी असर दिखाएंगे?**




### आज का सवाल

क्या भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी का भाजपा प्रत्याशी बनना ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ाएगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# विदेश से निवेश लाने में सक्रिय प्रदेश



हर्ष वी. पंत

**पैराडिप्लोमेसी क्षेत्रीय विकास एवं वैश्विक सहयोग की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरी है। इसने प्रदेश सरकारों और शहरों को सीधे वैश्विक मंचों पर अवसर प्रदान किया है**

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है। इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी।

वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है।



अवधेश राजपूत

वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं। पैराडिप्लोमेसी के माध्यम से प्रदेश अपने आर्थिक एवं सांस्कृतिक हितों को पोषित करने का ही प्रयास करते हैं। भारत में भी बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका से लगे प्रदेशों की नीतियों में भी अक्सर इसकी छाप दिखाई देती है, लेकिन हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे को लेकर इससे जुड़ी गतिविधियां और बढ़ी हैं। दुनिया भर में भी ऐसे तमाम उदाहरण देखने को मिलते हैं। जैसे कनाडा में क्युबेक प्रांत की सरकार की अपनी खुद की एक वैदेशिक मामलों की इकाई है, जो विभिन्न देशों के साथ व्यापार एवं सांस्कृतिक मामलों में निर्णय लेती है। स्पेन में कैटेलोनिया प्रांत विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से आर्थिक एवं सांस्कृतिक साझेदारियों पर चर्चा करता है। यहां तक कि अमेरिका में कैलिफोर्निया जैसा राज्य विभिन्न देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ जलवायु एवं तकनीकी सहयोग संबंधी मामलों पर काम करता है। चीन के दक्षिण पूर्वी तट पर स्थित ग्वांगडोंग में भी विदेश व्यापार को लेकर स्वतंत्र स्तर पर काम किया जाता है। दुबई तो इसका जीता-जागता उदाहरण है कि मजबूत वैश्विक आर्थिक कूटनीति का सहारा लेकर कैसे अपना कायापलट किया जा सकता है।

इस दौर में जब राष्ट्रीय सरकारों के समक्ष चुनौतियों और कामकाज का दायरा निरंतर विस्तार लेता जा रहा है, वहां पैराडिप्लोमेसी प्रदेश की सरकारों को नई संभावनाओं को साकार करने का मंच प्रदान करती है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकारें अन्य देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं वैश्विक निवेशकों के साथ सहयोग बढ़ाकर अपनी प्रगति को और गति दे सकती हैं। हाल के दौर में पैराडिप्लोमेसी क्षेत्रीय विकास एवं वैश्विक सहयोग की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरी है। इसने प्रदेश सरकारों और शहरों के सीधे वैश्विक मंचों पर अवसर प्रदान किया है। निवेश प्रोत्साहन, सांस्कृतिक कूटनीति एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से पैराडिप्लोमेसी आर्थिक वृद्धि, क्षेत्रीय विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में अहम योगदान दे रही है।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

# संवैधानिक मर्यादा का खुला उल्लंघन



अवधेश कुमार

**बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राष्ट्रपति को आरोपित करना राजनीतिक पतन की पराकाष्ठा है**

पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य प्रशासन का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रति व्यवहार न केवल लोकतांत्रिक शिष्टाचार का उल्लंघन है, बल्कि यह भविष्य के लिए एक चिंताजनक मिसाल भी है। ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति भाजपा के एजेंडा में फंस गई हैं। भाजपा उनसे अपना एजेंडा पूरा करवा रही है। आप 50 बार आएं तो सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होना संभव नहीं होगा। भाजपा की चिंता सत्ता होती है और मेरी चिंता मेरे राज्य की जनता होती है। यानी वह कह रही थीं कि आप भाजपा का एजेंडा पूरा करने के लिए बार-बार बंगाल आती हैं और उम्मीद करती हैं कि मैं आपके स्वागत के लिए रहूं तो ऐसा नहीं हो सकता। क्या ममता बनर्जी की इस तरह की भाषा और व्यवहार को सामान्य लोकतांत्रिक मर्यादा और संविधान की भावनाओं के अनुरूप भी माना जा सकता है?

ममता बनर्जी इसके पहले राज्यपाल से लेकर चुनाव आयोग, केंद्रीय जांच एजेंसियों और कई बार न्यायपालिका को भी इसी भाषा में आरोपित कर चुकी हैं। अभी तक राष्ट्रपति का पद उनके अपमान और दुर्व्यवहार से बचा हुआ था। राष्ट्रपति को आरोपित करना वास्तव में राजनीतिक पतन की पराकाष्ठा है। राष्ट्रपति के पद को स्तरहीन दलीय राजनीति से बाहर रखा जाना चाहिए। दरअसल राष्ट्रपति मुर्मु बंगाल में 9वां अंतरराष्ट्रीय संताल समारोह एवं कांफ्रेंस को संबोधित करने गई थीं। यह कार्यक्रम बागडोगरा हवाई अड्डा के पास सिलीगुड़ी महकमा परिषद के गोसाईंपुर में आयोजित किया गया। पहले यह विधाननगर में आयोजित होना था, लेकिन बंगाल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थानांतरित कर दिया। नए स्थान तक पहुंचना कठिन था और वह इतना छोटा था कि वहां ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते थे। स्वाभाविक था कि राष्ट्रपति विधाननगर भी गईं, संताल भाई-बहन वहां भी थे। वहां उन्हें राज्य सरकार के रवैये के प्रति अपना असंतोष प्रकट करने तथा सच्चाई अभिव्यक्त करने को बाध्य होना पड़ा। वस्तुतः बंगाल की धरती पर उतरने के समय से ही सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अवहेलना और अपमान की शुरुआत हो गई थी। सामान्य प्रोटोकाल और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री या अगर किसी कारणवश वह नहीं आ सकें तो उनकी जगह कोई मंत्री रहते हैं। इसके साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव भी उपस्थित रहते हैं, लेकिन राष्ट्रपति मुर्मु के स्वागत के लिए वहां ये नहीं थे। स्वतंत्र भारत में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब कोई राज्य सरकार राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए उपयुक्त जगह की अनुमति न दे, उनकी पूरी तरह अवहेलना करे और असंतोष व्यक्त करने पर प्रतिक्रिया ऐसे दे जैसे अपने किसी राजनीतिक प्रतिस्पर्धी से टकरा रही है। राष्ट्रपति देश के संवैधानिक अभिभावक होते हैं। सभी को उस पद की गरिमा और स्थापित परंपरा के अनुरूप सम्मान देना होता है।



राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हो प्रक्रियाओं का पालन ● फाइल

राष्ट्रपति की भावनाओं को मुख्यमंत्री के नाते ममता बनर्जी को गंभीरता से लेना चाहिए था, लेकिन बजाय इसके उन्होंने राष्ट्रपति को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने यहां तक कहा कि सम्मेलन, उसकी फंडिंग, आयोजकों के बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं था। राष्ट्रपति के किसी प्रदेश में दौरे की सूचना राज्य सरकार के पास सबसे पहले जाती है। उसमें उनके सारे कार्यक्रम वर्णित होते हैं। राष्ट्रपति भवन के अधिकारी प्रदेश सरकार के साथ संपर्क में रहते हैं। उसके अनुसार उनका प्रोटोकाल, कार्यक्रम में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं होती हैं।

क्या ममता बनर्जी के प्रशासन ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बारे में उन्हें जानकारी ही नहीं दी? अगर ऐसा है तो इसकी जांच होनी चाहिए, किंतु ममता के व्यवहार से ऐसा लगता नहीं कि उन्हें कुछ पता नहीं था। बंगाल के मीडिया ने राष्ट्रपति की यात्रा और कार्यक्रम के बारे में समाचार दिए थे। सब कुछ सामने होते हुए भी इस तरह का व्यवहार और वक्तव्य साबित करता है कि ममता बनर्जी की हनक के समक्ष देश के शीर्ष पद का भी कोई सम्मान नहीं।

राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले जनजाति समाज के कार्यक्रम के प्रति जब ऐसा खराब व्यवहार है तो फिर सामान्य संगठन और राजनीतिक दलों के कार्यक्रम के साथ प्रशासन का कैसा व्यवहार होता होगा, इसकी कल्पना कीजिए? बंगाल में जनजाति समुदाय की बड़ी संख्या है। स्वतंत्रता के संघर्ष में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वयं राष्ट्रपति जनजाति समुदाय से आती हैं। ममता बनर्जी स्वयं को आदिवासी समाज के लिए संघर्ष करने वाली और उनका हितैषी घोषित करती हैं। विडंबना देखिए कि भाजपा-विरोधी सभी दल इस पर मौन हैं। इन दलों का व्यवहार हतप्रभ करने वाला है। राष्ट्रपति कह रही हैं कि ऐसी स्थिति पैदा की गई, ताकि कार्यक्रम न हो और उन्हें वापस जाना पड़े। विवेकशील लोगों को विचार करना पड़ेगा कि क्या सत्ता की राजनीति इस सीमा तक चली जाएगी, जहां प्रशासन द्वारा राष्ट्रपति के कार्यक्रम की व्यवस्था करने की जगह उसे हर स्तर पर विफल कर देने का व्यवहार हो? ऐसे व्यवहार का प्रतिकार होना चाहिए, ताकि आगे कभी इसकी पुनरावृत्ति न हो सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश इस तरह की भयानक अराजकता में फंसेगा, जहां किसी पद या विधान की मर्यादा नहीं बचेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### क्रोध

क्रोध मनुष्य की स्वाभाविक मानसिक अवस्था है, किंतु जब यह अनियंत्रित हो जाता है तो विवेक का समूल नाश कर देता है। जिस प्रकार अग्नि अंततः उस लकड़ी को जलाकर ही शांत होती है जिसे वह आधार बनाती है, उसी प्रकार क्रोध भी सर्वप्रथम उसी हृदय को दग्ध करता है, जिसमें वह उत्पन्न होता है। आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में मनुष्य निरंतर अपनी सहनशीलता और धैर्य खो रहा है, जिसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव उसके अंतर्वैयक्तिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

क्रोध प्रायः हमारी अपेक्षाओं के खंडित होने या अहंकार को चोट पहुंचने पर उत्पन्न होता है। शास्त्रों का उद्घोष है, 'क्रोधाद्भवति सम्मोहः' अर्थात क्रोध से मूढ़ भाव (अविवेक) उत्पन्न होता है, जिससे बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। जब बुद्धि कार्य करना बंद कर देती है, तब मनुष्य ऐसे आत्मघाती निर्णय लेता है, जिनका पश्चाताप उसे आजीवन सालता रहता है। जिस प्रकार उबलते हुए जल में अपना प्रतिबिंब देख पाना असंभव है, ठीक उसी प्रकार क्रोधित मन से सत्य और उचित मार्ग का दर्शन संभव नहीं है। भगवान बुद्ध ने इस मनोदशा की सटीक व्याख्या करते हुए कहा था कि 'क्रोध को पाले रखना, किसी अन्य पर फेंकने की नीयत से जलते हुए कोयले को अपनी हथेली में पकड़े रहने के समान है। इसमें जलते आप स्वयं ही हैं।' अतः क्रोध पर विजय प्राप्त करना केवल दूसरों के हित में नहीं, बल्कि स्वयं की शांति और आत्मिक प्रगति के लिए अपरिहार्य है।

क्रोध का वास्तविक समाधान उसका दमन नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता और क्षमाशीलता का भाव है। यदि हम क्षणिक उत्तेजना के समय केवल मौन रहने की कला सीख लें, तो हम जीवन की जटिलतम समस्याओं को टाल सकते हैं। संयम और विवेक के साथ किया गया निरंतर प्रयास ही हमारे जीवन को ऊर्जावान, संतुलित और सुखद बना सकता है।

लवली आनंद

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### लोकतांत्रिक मर्यादाओं का करें पालन

संपादकीय 'चुनावी बिगुल' चार राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के राजनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। इन चुनावों के विश्लेषण में कुछ अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे पहला पहलू मतदाताओं की बदलती प्राथमिकताओं का है। आज का मतदाता पहले की तुलना में अधिक जागरूक है और वह केवल राजनीतिक नारों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं जैसे मुद्दों को अधिक महत्व देता है। इसलिए, राजनीतिक दलों के लिए केवल वैचारिक या भावनात्मक मुद्दों के आधार पर समर्थन प्राप्त करना अब पहले जितना आसान नहीं रह गया है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू युवाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की भूमिका है। इन राज्यों में बड़ी संख्या में युवा मतदाता चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं। उनके लिए रोजगार के अवसर, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि राजनीतिक दल इन विषयों को प्राथमिकता देंगे, तो इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सार्थक बन सकती है। तीसरा पहलू चुनावी विमर्श की गुणवत्ता का है। अक्सर चुनावी राजनीति आरोप-प्रत्यारोप और भावनात्मक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमट जाती है, जिससे वास्तविक जनसमस्याएं पीछे छूट जाती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल स्वस्थ बहस और ठोस नीतिगत प्रस्तावों के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करें। यह केवल चुनाव आयोग या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि राजनीतिक दलों और मतदाताओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें।

बिमलेश सिंह चौहान, लखनऊ

### गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी

पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर अपने देश में भी दिखाई दिया। एलपीजी गैस सिलिंडर की मांग अचानक बढ़ने से गैस एजेंसियों के बाहर कतारें लग गईं। लोगों में आशंका और घबराहट के कारण बुकिंग में तेजी आई जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। सिलिंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की खबरों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी। हालात को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने साफ कर दिया है कि रसोई गैस जैसी जरूरी वस्तु की आपूर्ति में बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति या गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा। गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार का कहना है कि जैसे ही जंग के क्षेत्र में फंसे जहाज भारत पहुंचेंगे, गैस की उपलब्धता में तेजी से सुधार होगा और बाजार में दबाव कम होगा। इसी बीच, सरकार ने कमर्शियल सिलिंडरों पर लगी अस्थायी रोक भी हटा दी है। कुछ दिनों पहले घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए कमर्शियल सिलिंडरों की आपूर्ति रोक दी गई थी। अब जब स्थिति थोड़ी संतुलित होती दिखाई दे रही है तो होटल रेस्टोरेंट और उद्योगों के लिए कमर्शियल सिलिंडर की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

### भारत रत्न की मांग

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की अनुशंसा की है। प्रश्न यह उठता है कि 2004 से 2014 तक देश में यूपीए की सरकार 10 वर्ष तक रही थी, जिसमें कांग्रेस का ही प्रधानमंत्री था। नीति निर्धारण पूर्ण रूप से सोनिया की अध्यक्षता वाली कमेटी करती थी। उस समय कांशी राम को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया? शायद इसलिए कि गांधी परिवार की नीति रही है कि उनके परिवार के इतर किसी राजनीतिक विभूति को भारत रत्न से अलंकृत न किया जाए। जिस लौह पुरुष व भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को सर्वप्रथम भारत रत्न से अलंकृत करना चाहिए था, उनको कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1991 में जाकर देने का काम किया। जबकि सरदार पटेल ने नेहरू को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना हक तक छोड़ा था। पटेल की दृढ़ता एवं सूझबूझ से ही भारत में 526 रियासतों का विलय हुआ था। अन्यथा भारत के न जाने कितने टुकड़े हो गए होते। उनके इस कर्ज को नरसिम्हा राव ने उनकी मृत्यु के 41 वर्ष बाद भारत रत्न से अलंकृत करके उतारा। डा. आंबेडकर को भी नेहरू ने भारत रत्न देना आवश्यक नहीं समझा। उनको गैर कांग्रेसी सरकार में प्रधानमंत्री रहे वीपी सिंह ने 1990 में उनकी मृत्यु के 34 वर्ष के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया। राहुल ने केवल दलित वोट के प्रलोभन में यह मांग की है।

धर्मेंद नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

## पोस्ट

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीत लीं। अब आपको समझ आ रहा होगा कि आखिर तेजस्वी यादव ने राज्यसभा जाने का निर्णय क्यों नहीं लिया?

हर्ष वर्धन त्रिपाठी@MediaHarshVT

असम, केरल और पुडुचेरी में राजनीतिक दलों को युद्धस्तर पर काम करना पड़ेगा। चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद सोमवार से ही नामांकन शुरू हो गए हैं, जो 23 मार्च तक होंगे। इस बीच में उगादि, ईद जैसे त्योहार और शनिवार-रविवार की छुट्टी भी आ रही है। ऐसे में नामांकन भरने के लिए प्रत्याशियों के पास मुश्किल से तीन-चार दिन का समय ही बचा है।

अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1



पिछली बार नंदीग्राम विधानसभा में सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया तो ममता भवानीपुर से चुनाव लड़कर विधायक बनीं। अब भाजपा ने सुवेंदु को भवानीपुर से टिकट दे दिया है। यानी इस बार बंगाल की राजनीति का बड़ा मुकाबला नंदीग्राम से भवानीपुर पहुंच गया है।

रोमिता तिवारी@romita_tiwari

## जनपथ

ममता जी के सामने ठोकें सुवेंदु ताल,
वह तो पिछली बार भी हैं कर चुके कमाल।
हैं कर चुके कमाल बजाकर अपना डंका,
जाकर नंदीग्राम फूंक दीदी की लंका।
वर्षों रहकर साथ जानते हैं वह क्षमता,
खतरे में इक बार पुनः दिखती हैं ममता।

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा -201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 241

# ईरान के ताबड़तोड़ हमले, इजरायल ने नष्ट किया विमान

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सोमवार को युद्ध भयावह हमलों के साथ 17वें दिन में प्रवेश कर गया। ईरान ने यूएई और दुबई के हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया, जिससे वहां मौजूद ईंधन टैंक में आग लग गई। इसके चलते कुछ देर के लिए उड़ानें बाधित रहीं। वहीं इजरायल ने तेहरान पर भीषण बमबारी करते हुए दावा किया कि हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर के विशेष विमान को नष्ट कर दिया गया है। साथ ही दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ सीमित जमीनी कार्रवाई शुरू की गई है। अमेरिका ने भी ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास स्थित सैन्य अड्डे पर बम बरसाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ पूरी ताकत से सैन्य अभियान जारी रहेगा। इजरायली सेना ने कहा कि ईरान के सैन्य उद्योग को बर्बाद करने के लिए अगले तीन हफ्ते तक लगातार बमबारी के लिए हजारों लक्ष्य चिह्नित किए गए हैं।

- ईरान के सुप्रीम लीडर का विमान नष्ट, हमले में दुबई हवाई अड्डे के पास ईंधन टैंक में लगी आग
- इजरायल ने लेबनान में जमीनी अभियान शुरू किया, ईरान के लिए तीन हफ्ते का प्लान



दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास सोमवार को ईंधन टैंक में लगी आग से उठते धुएं के गुबार के बीच गुजरता एक विमान ● एएफपी

रायटर के अनुसार, ईरान की मेहर न्यूज के मुताबिक, केंद्र में स्थित मरकजी प्रांत में हुए हमले में पांच लोग मारे गए हैं, जबकि सात घायल हुए। इजरायली सेना ने दावा किया कि तेहरान, शिराज और तबरीज में ईरानी आतंकी सत्ता से जुड़े ढांचे को निशाना बनाया गया। इजरायली सेना (आइडीएफ) ने बताया कि तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर खड़े विशेष विमान (ए340 एयरबस) को निशाना बनाया गया, जिससे सुप्रीम लीडर, राष्ट्रपति देश और विदेश में यात्राएं करते थे।

**यूएई पर छह मिसाइल, 21 ड्रोन से हमले:** इसके जवाब में ईरान ने मिसाइलों से इजरायल पर हमले किए। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि तेल अवीव के हवाई ईंधन केंद्रों पर हमले किए गए। अबू धाबी के अमेरिकी अल दफरा एयर बेस, बहरीन में अमेरिकी नौसेना अड्डे और शेख ईसा एयर बेस पर भी हमले किए गए। ईरानी ड्रोन हमले में यूएई के फुजैराह बंदरगाह स्थित तेल डिपो और अबू धाबी के शाह आयल-गैस फील्ड में आग लग गई। यूएई ने कहा, देश पर छह मिसाइल, 21 ड्रोन हमले हुए। 304 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1627 ड्रोन हमले हुए हैं। हमले से एयरपोर्ट स्थित तेल भंडार में आग लग गई।

**ईरान को तीन हफ्ते में घुटनों पर ला देंगे:** एपी के अनुसार, इजरायल सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादाव शोशानी ने मीडिया को बताया कि ने दावा किया कि अगले तीन हफ्तों में हम ईरान को घुटनों पर ला देंगे। डब्ल्यूएचओ ने ईरान के अस्पतालों पर 18 हमलों की पुष्टि की है।

# 'ईरान को हुए नुकसान की पाई-पाई दुश्मन से वसूलेंगे'

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने एक बार फिर कहा है हमें हुए नुकसान की पाई-पाई की भरपाई दुश्मन से कराई जाएगी। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान शांतिवार्ता के लिए छटपटा रहा है और ये युद्ध ज्यादा से ज्यादा एक हफ्ते में खत्म हो सकता है। वहीं, ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका को इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए और जब तक संभव हो सकेगा, लड़ाई लड़ी जाएगी। खामेनेई ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर मोहसिन रेजाई को अपना सैन्य सलाहकार नियुक्त किया है।



मोजतबा खामेनेई

आइएएनएस के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर के आधिकारिक टेलीग्राम संदेश में कहा गया कि यदि विरोधी पक्ष क्षतिपूर्ति देने से इन्कार करता है तो ईरान उसकी उतनी संपत्ति अपने नियंत्रण में लेगा, जितनी वह उचित समझेगा, और यदि यह संभव नहीं हुआ तो बराबर नुकसान पहुंचाया जाएगा। लिखित संदेश में उन्होंने कहा कि तेहरान संघर्ष में मारे गए लोगों के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेगा।

- सुप्रीम लीडर ने दोहराया, बराबर नुकसान पहुंचाएंगे, ट्रंप बोले- एक हफ्ते में खत्म होगा युद्ध
- ईरान ने कहा, मुगालते में न रहें, ट्रंप ने कहा, युद्धविराम के लिए बात करने को तड़प रहा है ईरान



तेहरान में सोमवार को एक आवासीय इमारत में हवाई हमले के बाद बिखरे मलबे में बचाव कार्य में जुटे कर्मचारी ● रायटर

**ट्रंप बोले- किससे करें बात, ईरानी नेताओं का पता ही नहीं:** अमेरिका और ईरान के नेताओं के बीच सोमवार को जुबानी जंग और तेज हो गई। रायटर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान अमेरिका से युद्धविराम पर बात करना चाहता है। हमारे लोग भी उनसे बातचीत करना चाहते हैं, लेकिन किससे करें, कुछ पता ही नहीं चल रहा। ट्रंप ने कहा कि ईरान को इतना नुकसान हुआ है कि उसे फिर से खड़ा होने में 10 साल लग सकते हैं। हम चाहें तो अभी जीत का एलान कर सकते हैं, लेकिन इसे हफ्तेभर और देखना चाहिए।

### हम मजबूत स्थिति में : ईरान

एपी के अनुसार, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह सैन्य कार्रवाई को तब तक जारी रखेगा, जब तक अमेरिका खुद इस अवैध युद्ध को रोकने की पहल नहीं करता। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि जहां तक संभव होगा हम लड़ाई जारी रखेंगे और खुद का बचाव करते रहेंगे। अराघची ने कहा कि हमने कभी युद्धविराम को लेकर अमेरिका से कुछ नहीं कहा है। यहां तक कि हमने अमेरिका से बातचीत के लिए भी कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि हम पहले ही अपना बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस युद्ध को राष्ट्रपति ट्रंप ने चुना है। उन्होंने कहा कि ये अस्तित्व की लड़ाई नहीं है। हम स्थिर हैं और काफी मजबूत स्थिति में हैं।

# होर्मुज की सुरक्षा को लेकर अलग-थलग पड़े ट्रंप

## राष्ट्रपति ने सात सहयोगी देशों से की थी युद्धपोत भेजने की अपील, आस्ट्रेलिया व जापान ने किया मना

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** ईरान पर सैन्य हमले का फैसला लेते समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापक कूटनीतिक समन्वय से दूरी बनाए रखी और सीमित रणनीतिक सलाह के आधार पर कार्रवाई को मंजूरी दे दी। सैन्य कार्रवाई से पहले पारंपरिक राजनयिक तैयारी भी नहीं की गई। अब जबकि युद्ध के आर्थिक और भू-राजनीतिक असर तेजी से सामने आ रहे हैं, तो ट्रंप सहयोगी देशों और प्रमुख वैश्विक शक्तियों से स्थिति संभालने में सहयोग मांग रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के मामले में भी ट्रंप अलग-थलग पड़ गए हैं। जर्मनी, स्पेन, आस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन जैसे सहयोगी देशों ने मदद करने से इन्कार कर दिया और कहा कि वे इस युद्ध में शामिल नहीं होंगे। इस पर ट्रंप की नाराजगी सामने आई है। सोमवार को कहा, कुछ देश होर्मुज को खोलने में उत्साहित नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों होर्मुज मामले में मदद को इच्छुक हैं।

एपी के अनुसार, ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटने के दौरान एयरफोर्स वन में रविवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सात देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है, ताकि होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखा जा सके। ट्रंप ने कहा, 'मैं इन देशों से मांग करता हूं कि वे आगे आएं और अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें, क्योंकि यह उनका ही क्षेत्र है।' हालांकि ट्रंप ने उन देशों का नाम बताने से इन्कार कर दिया, जो पश्चिम एशिया के कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर हैं।

### चीनी प्रवक्ता बोला- सभी पक्ष रोकें सैन्य अभियान

**बीजिंग, प्रेट्र:** ट्रंप की होर्मुज स्ट्रेट में युद्धपोत भेजने की मांग पर चीन ने सभी पक्षों से पश्चिम एशिया में सैन्य अभियान तुरंत रोकने की अपील की है। चीन ने यह भी बताया कि ट्रंप के बीजिंग दौरे को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार कहा कि होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के क्षेत्र में तनाव ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के प्रवाह को प्रभावित किया है और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को नुकसान पहुंचाया है। चीन फिर से सभी पक्षों से सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने की अपील करता है।

- ईरान पर हमले से पहले कूटनीति से बचे ट्रंप, अब सहयोगियों से मांग रहे मदद
- ट्रंप ने चेताया, मदद नहीं की तो नाटो को भविष्य में करना पड़ेगा संकट का सामना



संयुक्त अरब अमीरात के पास होर्मुज से गुजरते तेल टैंकर ● फाइल/रायटर

### चीन दौरा टाल सकते हैं ट्रंप, दिए संकेत

**वाशिंगटन, एपी:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा को टाल सकते हैं। उन्होंने खुद इस बात के संकेत दिए हैं। यह माना जा रहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने में मदद के लिए बीजिंग पर दबाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप ने रविवार को फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'पश्चिम एशिया के तेल पर चीन की निर्भरता का मतलब है कि उसे उस नए गठबंधन की मदद करनी चाहिए, जिसे वह तेल टैंकरों की होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही फिर से शुरू कराने की कोशिश में आगे बढ़ा रहे हैं, क्योंकि ईरान ने वैश्विक तेल प्रवाह को रोक दिया है। उन्होंने कहा, 'हम दौरे से पहले यह जानना चाहते हैं कि क्या बीजिंग मदद करेगा। हम इसको टाल सकते हैं।' उनका 31 मार्च से दो अप्रैल तक चीन दौरा का कार्यक्रम निर्धारित है।

न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने उन देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है, जिनसे उन्होंने होर्मुज में युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सहयोगियों ने मदद नहीं की तो नाटो को भविष्य में संकट का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने फाइनेंशियल टाइम्स को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा, 'अगर कोई जवाब नहीं आता है या नकारात्मक जवाब आता है तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।' ट्रंप ने कहा कि खाड़ी की सुरक्षा के लिए चीन को भी मदद के लिए युद्धपोत भेजने चाहिए। रायटर के मुताबिक, जापान और आस्ट्रेलिया ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों को एस्कार्ट करने के लिए पश्चिम एशिया में नौसैनिक पोत भेजने की योजना नहीं बना रहे।

**ब्रिटेन-जर्मनी ने कहा, ईरान युद्ध में नहीं होंगे शामिल:** रायटर के अनुसार, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान युद्ध में नहीं पड़ेगा। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध में शामिल नहीं होगा। स्पेन ने भी होर्मुज में किसी भी सैन्य अभियान में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। यूरोपीय यूनियन ने कहा कि वह विचार कर रहा है। ईयू ने पश्चिम एशिया के लिए 45.8 करोड़ डालर की मानवीय मदद की घोषणा की है।

**मैक्रों ने की ईरान से हमले रोकने की अपील:** एएनआइ के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और उनसे पश्चिम एशिया में हमले बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही बहाल करने की अपील की।

# ट्रंप के लिए युद्ध घरेलू मोर्चे पर पड़ रहा भारी

**सिडनी, द कन्वर्सेशन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ जारी युद्ध में घरेलू स्तर पर गंभीर राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्लेषकों के अनुसार, जीवित अमेरिकी राष्ट्रपतियों में शायद ही किसी को युद्ध शुरू होने के समय इतनी कम जनस्वीकृति मिली हो। उपलब्ध जनमत सर्वेक्षणों में किसी भी सर्वे में ईरान युद्ध के पक्ष में स्पष्ट बहुमत नहीं दिखा, कई सर्वेक्षणों में अधिकांश अमेरिकी इसके विरोध में नजर आए। वहीं, ईरान अमेरिका और उसके सहयोगियों की राजनीतिक और आर्थिक भयावहता बढ़ाने के लिए युद्ध को लंबा खींचने का प्रयास कर रहा है। तेल की कीमतें बढ़ने से यात्रा से लेकर खाने तक का खर्च बढ़ रहा है। जनता में नाराजगी भी तेज होती जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने युद्ध शुरू होने से पहले सार्वजनिक रूप से कोई व्यापक राजनीतिक या रणनीतिक तर्क नहीं रखा। फारस की खाड़ी में अमेरिकी सैन्य जमावड़े को उन्होंने पहले ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने की रणनीति बताया था, लेकिन अचानक सैन्य कार्रवाई ने घरेलू राजनीतिक बहस को तेज कर दिया।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी जनता आम तौर पर उन युद्धों को अधिक समर्थन देती है जिन्हें रक्षात्मक या आक्रामक शक्तियों पर नियंत्रण के रूप में प्रस्तुत किया जाए, लेकिन सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य वाले युद्धों को लेकर संदेह अधिक रहता है। इस संदर्भ में राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का मत है कि युद्ध के उद्देश्य स्पष्ट न होने पर समर्थन तेजी से घटता है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ● फाइल फोटो

- जनसमर्थन घटा, महंगाई और तेल संकट ने ट्रंप के लिए बढ़ाई राजनीतिक मुश्किलें
- युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता को भरोसे में नहीं लेने का का दिखने लगा असर

अमेरिकी प्रशासन ने बमबारी शुरू होने के बाद ईरान को तत्काल खतरा बताने की कोशिश की, लेकिन यह तर्क व्यापक रूप से प्रभावी नहीं रहा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसे पूर्व-निरोधात्मक आत्मरक्षा बताया, जबकि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने युद्ध की सैन्य कार्रवाई को कठोर भाषा में सही ठहराने का प्रयास किया।

इसी बीच अमेरिकी समाज में इजरायल को लेकर समर्थन में गिरावट भी सामने आई है। हालिया सर्वेक्षणों में पहली बार इस सदी में अधिक अमेरिकियों ने अपनी सहानुभूति फलिस्तीनियों के साथ बताई। विश्लेषकों का मानना है कि इससे युद्ध को 'इजरायल समर्थित संघर्ष'' के रूप में देखने वालों की संख्या बढ़ी है।

दक्षिणपंथी टिप्पणीकार टकर कार्लसन ने इसे 'इजरायल का युद्ध'' बताया, जबकि लोकप्रिय पाडकास्ट होस्ट जो रोगन ने कहा कि ट्रंप समर्थक युवा वर्ग का एक हिस्सा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी संकट गहराता दिख रहा है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसियों के आकलन के अनुसार, वैश्विक तेल आपूर्ति में व्यवधान ऐतिहासिक स्तर का हो सकता है, जिससे ईंधन, परिवहन और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने का खतरा है।

विश्लेषण में कहा गया है कि ट्रंप ने तेल कीमतों में अस्थायी बढ़ोतरी को शांति की छोटी कीमत बताया, लेकिन अगले ही दिन बाजारों को शांत करने के लिए युद्ध जल्द समाप्त होने का संकेत देना पड़ा। रिपब्लिकन पार्टी के भीतर खुला विरोध सीमित है, लेकिन नवंबर के मध्यावधि चुनाव नजदीक आने के साथ कई सांसद युद्ध लंबा खिंचने को लेकर चिंतित बताए जा रहे हैं।

# भारतीय ध्वज वाले जहाजों के होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने को लेकर ईरान से कोई व्यवस्था नहीं : जयशंकर

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि ईरान के साथ होर्मुज स्ट्रेट के जरिये भारतीय ध्वज वाले जहाजों के आने-जाने के लिए कोई 'ब्लैंकेट अरेंजमेंट' यानी व्यापक व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि हर जहाज का मूवमेंट एक अलग घटना है।

फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने बताया कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच बातचीत के परिणामस्वरूप दो भारतीय ध्वज वाले टैंकर शिवालिक और नंदा देवी इस महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग से गुजरे हैं। उन्होंने ब्रसेल्स में कहा- 'मैं इस समय उनसे बातचीत कर रहा हूं और मेरी बातचीत के कुछ नतीजे भी निकले हैं।'' बातचीत अभी भी जारी है। रायटर के अनुसार, जयशंकर ने कहा कि ईरान के साथ प्रत्यक्ष वार्ता होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से शिपिंग को फिर से शुरू करने का प्रभावी तरीका है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ● फाइल फोटो

जयशंकर ने यह भी खंडन किया कि भारत ने जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति देने के लिए ईरान को कुछ दिया है। उन्होंने कहा, 'यह एक एक्सचेंज का मुद्दा नहीं है।'' इस बीच जयशंकर ने बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट व साइप्रस के विदेश मंत्री कांस्टेंटिनोस कोम्बोस से मुलाकात की और व्यापार व निवेश में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

### ईरान ने भारत से जब्त किए टैंकरों के वापसी की मांग की

रायटर के अनुसार, ईरान ने भारत से फरवरी में जब्त किए गए अपने तीन टैंकरों को छोड़ने की मांग है। यह मांग उस बातचीत का हिस्सा है, जो भारतीय झंडे वाले या भारत आने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते सुरक्षित गुजरने देने के लिए चल रही है। सूत्रों ने बताया कि तेहरान ने कुछ दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति की भी मांग की है। भारतीय अधिकारियों ने भारतीय जल क्षेत्र के निकट तीन ईरानी टैंकरों को जब्त किया था और आरोप लगाया था कि ये टैंकर अपनी पहचान छिपाने और अवैध रूप से जहाज से जहाज ट्रांसफर में शामिल थे। ये तीन जहाज वर्तमान में मुंबई के पास डाक किए गए हैं।

# मौत की अफवाह पर नेतन्याहू ने जारी किया नया वीडियो

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लगातार दूसरे दिन अपना वीडियो जारी कर तमाम अफवाहों और अटकलों पर विराम लगा दिया। ईरानी हमले में उनकी मौत की खबरों के बीच उन्होंने रविवार को काफी पीते हुए वीडियो जारी किया, जिसे यूजर्स ने एआइ जेनरेटेड बताकर खारिज किया था। इस पर नेतन्याहू ने सोमवार को फिर 90 सेकेंड का वीडियो जारी किया, जिसमें वह यरुशलम की पहाड़ियों में लोगों से मिलते देखे जा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर वीडियो पोस्ट के साथ ही लिखा- 'दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करते और साथ मिलकर जीतते हुए'।

नेतन्याहू के कई दिनों से सामने न आने के चलते उन कयासों को बल मिला था कि ईरानी हमले में उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद नेतन्याहू का वीडियो सामने आया था, जिसे लोगों ने एआइ जेनरेटेड बताया। वहीं, भारत में इजरायल के राजदूत रूबेन अजार ने भी कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू स्वस्थ, सुरक्षित और सक्रिय हैं।




इजरायल में लोगों के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ● वीडियोग्रैब

### रूस ने कहा- तुरंत युद्धविराम हो, नागरिक ढांचे पर हमले रुकें

**मास्को, प्रेट्र:** रूस ने सोमवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को तुरंत रोकने और सभी पक्षों से नागरिक ढांचे पर हमले बंद करने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी देशों और ईरान में नागरिकों की मौत और पीड़ा तुरंत थमनी चाहिए। रूसी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर धोखे से और बगैर उकसावे के हमला कर पश्चिम एशिया में हिंसा का अभूतपूर्व चक्र शुरू किया है, जिसका अंत फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा।

वहीं जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को कहा कि ईरान से जुड़े मौजूदा संघर्ष का समाधान सैन्य कार्रवाई से संभव नहीं है और स्थायी शांति के लिए राजनीतिक रास्ता अपनाना ही जरूरी होगा।

# बमबारी, ठप संचार और जोखिम, तेहरान में डटा भारतीय दूतावास

जयप्रकाश रंजन ● जागरण

**नई दिल्ली :** दुनिया के कई देशों ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है या ज्यादातर अधिकारियों को बाहर निकाल लिया है, लेकिन भारतीय दूतावास के ढाई दर्जन से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात ईरान में फंसे 9000 भारतीयों को सुरक्षित निकालने में जुटे हुए हैं। भारतीय दूतावास के आस-पास के एक किलोमीटर के क्षेत्र में कई बार भारी बमबारी हो रही है, वहां स्थानीय संचार का कोई ठोस साधन नहीं है, इंटरनेट सेवाएं ठप हैं, साथ ही स्थानीय स्तर पर बहुत ज्यादा समर्थन भी नहीं मिल रहा। फिर भी भारतीय छात्रों, धार्मिक यात्रियों व कारोबारियों को बाहर निकालने का आपरेशन जारी है। अब तक 640 भारतीयों (ज्यादातर छात्र) को तेहरान से आर्मेनिया और अजरबैजान सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। भारत के साथ तल्खी रखने वाले अजरबैजान को साधने के लिए विदेश मंत्रालय को खासी मशक्कत करनी पड़ी है।



रणधीर जायसवाल ● एएनआइ

आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि जितने भारतीय नागरिकों को तेहरान से बाहर निकाला गया है, उनमें से 284 धार्मिक यात्रा पर गए हैं।

तेहरान में भारतीय दूतावास के अधिकारी जोखिम भरे माहौल में काम कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में केवल सरकारी अनुमति से ही संचार स्थापित किया जा पा रहा है। साथ ही उनकी जानकारी उनके परिवारों तक पहुंचाने की कोशिश भी की जा रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर खाड़ी क्षेत्र के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा है कि भारतीय दूतावास से समन्वय के बिना ईरान की सीमा को पार करने का प्रयास कतई न करें।

**खाड़ी देशों से 2.20 लाख से अधिक भारतीय लौटे :** एएनआइ के अनुसार, भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को यूएई, सऊदी अरब, ओमान और कतर सहित विभिन्न देशों से 45 उड़ानें भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर उतरीं। अभी तक लगभग 2.20 लाख भारतीय देश लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि कतर से उड़ानें नियमित रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ईरान से आए 50 छात्र, बोले- हालात बेहद डरावने हैं

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों, विशेषकर वहां रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी का सिलसिला तेज हो गया है। सोमवार शाम 50 भारतीय छात्रों का एक और जत्था इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। छात्र आबिद हुसैन ने कहा कि बीते कुछ दिनों से माहौल बहुत डरावना था। रात में धमाकों की आवाजों से वे ठीक से सो भी नहीं पाते थे। सुरक्षा कारणों और हवाई क्षेत्र में प्रतिबंधों के चलते इन छात्रों को सीधे लाने के बजाय आर्मेनिया और दुबई के रास्ते भारत लाया गया है। इससे पहले रविवार को 70 भारतीय छात्रों का पहला जत्था दिल्ली पहुंचा था। छात्रों ने बताया कि ईरान से उन्हें सड़क मार्ग से आर्मेनिया सीमा तक ले जाया गया। पूरी यात्रा में तीन से चार दिन तक का समय लग गया।

# ट्रंप के मदद के प्रस्ताव पर भारत ने दिखाया ठंडा रुख

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव पर बेहद ठंडा रुख दिखाया है, जिसमें उन्होंने होर्मुज से जहाजों के आवागमन को सामान्य करने के लिए अन्य देशों से सैन्य मदद मांगी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'कुछ देशों के बीच बात हुई है, लेकिन हमने किसी के साथ इसे लेकर द्विपक्षीय बातचीत नहीं की है।' जापान, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन जैसे अमेरिका के सहयोगी देशों ने पहले ही इस प्रस्ताव में शामिल होने के प्रति अपनी अरुचि दिखा दी है।

**'जग लाडली' पर लोडिंग के समय पोर्ट पर हुआ था हमला:** 14 मार्च को जब 'जग लाडली' में यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर कच्चे तेल की लोडिंग हो रही थी, तभी फुजैराह तेल टर्मिनल पर हमला हुआ था, लेकिन यह जहाज रविवार को भारतीय समयानुसार 10:30 बजे वहां से सुरक्षित रवाना हो गया था। जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले, कुछ देशों के बीच बात हुई है, लेकिन हमने किसी के साथ इसे लेकर द्विपक्षीय बातचीत नहीं की**

### निर्यात कंटेनरों की संख्या घटकर 3900 तक पहुंची

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथारिटी में निर्यात के लिए जाने वाले कंटेनरों की संख्या 5600 से घटकर 3900 हो गई है।

# 'अरब क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने की तैयारी में था ईरान'

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** नई दिल्ली में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने कहा है कि ईरान के खिलाफ मौजूदा सैन्य कार्रवाई केवल इजरायल की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र और वैश्विक व्यापार के लिए जरूरी थी। उनका दावा है कि यदि अभी कार्रवाई नहीं की जाती तो आने वाले वर्षों में ईरान ऐसे कदम उठा सकता था जिससे भारत समेत कई देशों के दीर्घकालिक हित प्रभावित होते। कहा कि ईरान की योजना वर्ष 2027 तक इजरायल पर बड़ा हमला करने की थी और वह खाड़ी तथा अरब देशों के मौजूदा ढांचे को भी अस्थिर कर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति बना रहा था। यदि ऐसा होता तो खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों और भारत के इन देशों के साथ मजबूत आर्थिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता था।

मीडिया से बात करते हुए अजार ने कहा, कल्पना कीजिए कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियारों का जखीरा होता तो वह क्या कर सकता था। हमने देखा है कि उसने अपने पड़ोसी देशों पर किस तरह हमले किए हैं। यदि अमेरिका और इजरायल ने अभी कार्रवाई नहीं की होती तो भविष्य में स्थिति कहीं अधिक गंभीर हो सकती थी। अजार के अनुसार, यह खाड़ी में रहने वाले लाखों भारतीयों के लिए भी अच्छी खबर है, जो लंबे समय से ईरान से पैदा होने वाले खतरे की छाया में रह रहे थे।



राजदूत रुवेन अजार ● इंटरनेट मीडिया

इजरायली राजदूत ने कहा कि सैन्य कार्रवाई के बाद कूटनीति के लिए भी रास्ता खुला रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका और क्षेत्र के कई देशों के साथ कूटनीतिक चैनलों के जरिये लगातार बातचीत की गई है। इजरायल की जनता के पूर्व में ईरान के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान ने इजरायल को दुश्मन मानना शुरू किया है।

- भारत में इजरायली राजदूत रुवेन बोले, यह स्थिति भारत के हितों को बहुत नुकसान पहुंचाती
- यदि अभी नहीं रोका जाता तो परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंच गया था ईरान

अजार ने इजरायल और अमेरिका के बीच ईरान पर हमले को लेकर आपसी मतभेद की बात को पूरी तरह से खारिज किया और कहा कि दोनों देशों के बीच पूरा तालमेल है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू लगातार संपर्क में हैं और उनकी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं उनकी टीम से जारी है। अजार ने वैश्विक तेल आपूर्ति के अहम मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित व्यवधान को लेकर भी चिंता को कमतर बता कहा कि यह मार्ग पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आर्थिक असर जरूर पड़ सकता है, लेकिन यह उतना बड़ा नहीं है जितना आशंका जताई जा रही है। अजार के अनुसार, 'ईरान लंबे समय तक होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही को बाधित करने की क्षमता नहीं रखता और स्थिति जल्द स्थिर हो सकती है। ईरान ने निश्चित तौर पर लगातार कार्रवाई की है, लेकिन हमें उसकी क्षमताओं का पता था। मगर, पिछले पांच-सात दिनों से उसके आक्रामण की धार लगातार कम हो रही है जो बताता है कि उसके पास हथियारों का भंडार कम हो रहा है।''

# Stay Ahead Of Competition
# Join The Aspirants Community.

✅ Receive Earliest Newspapers updates from 5 AM with All Editions

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦ **International Newspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International

[Genaral & Exam related]

Click Here

♦ **Editorials [English & Hindi]**

[National + International Editorials]

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# उलझता युद्ध

ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू हुए आधा महीने से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन दिनों-दिन यह उलझता जा रहा है। यह युद्ध बड़ी चिंता ही नहीं, बल्कि मानवता का अपमान है। युद्ध में दोनों तरफ से अतिवादी कदम उठाए जा रहे हैं। युद्ध रोकने की कोशिशें नदारद हैं, पर अमेरिका के ज्यादातर सहयोगी इस युद्ध के लिए तैयार नहीं हैं। तेल का अभाव झेल रही दुनिया जानती है, होर्मुज जलडमरूमध्य पर यातायात का सुचारू होना जरूरी है। पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लग रहा था कि वह ईरान पर हावी हो जाएंगे और होर्मुज मार्ग पर असर नहीं पड़ेगा। अब यह काम ट्रंप या उनकी सेना नहीं कर पा रही है, तो उन्होंने चीन और नाटो के सदस्य देशों को एक तरह से ललकारा है कि ये देश इस समुद्री मार्ग को खुलवाने के लिए आगे आएं। इस बीच, सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। वास्तव में, यह ऐसे देशों को युद्ध में शामिल करने की एक चाल हो सकती है, जो युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। सीधा सा अर्थ है - होर्मुज को खुलवाने की कोई भी कोशिश ईरान से लड़ने के समान होगी।

इस त्रासद युद्ध के संबंध में दूसरी सबसे अहम बात है, अफवाहों और डीपफेक का इस्तेमाल। अफवाहों का बाजार ऐसा गर्म है कि कभी ईरान के नए सर्वोच्च नेता के न होने या बुरी तरह से घायल होने की खबर आती है, तो कभी इजरायल के सर्वोच्च नेता के निधन की खबर आती है। खुद को जिंदा बताने के लिए इजरायली नेता अपना वीडियो जारी करते हैं, जिसे एक एआई टूल ग्रोक डीपफेक करार देता है। यह एक ऐसा युद्ध है, जिसमें एकाधिक देश अपने नेताओं को सुरक्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। तकनीक के आधुनिक दौर में यह बहुत खतरनाक बात है कि किसी भी नेता की हत्या के लिए उसका 'लोकेशन' ज्ञात होना पर्याप्त है। अगर इजरायल को ईरानी नेताओं की 'लोकेशन' चाहिए, तो ईरान भी कम नहीं है। नेताओं की 'लोकेशन' की बेरहम तलाश के दौर में सच्चाई अपना 'लोकेशन' गंवा चुकी है। आज हकीकत यह है कि दुनिया विश्वास या अविश्वास की बेहद नाजुक डोर पर टिकी है। ध्यान रहे, विगत महीनों से ट्रंप हर किसी पर टैरिफ की तलवार भांज रहे थे, अमेरिकी मदद और संवेदना के दायरे को समेटते चले जा रहे थे। आज जब जरूरत आन पड़ी है, तब उनके नाटो के देश ही मदद का हाथ नहीं बढ़ा रहे हैं। विडंबना देखिए, कुछ ही महीने पहले ट्रंप को नाटो की जरूरत नहीं थी, पर आज उन्हें इसकी याद आ रही है। यह एक सबक है कि दुनिया में किसी महाशक्ति का व्यवहारकुशल होना जरूरी है, तभी आड़े वक्त में दूसरे देश साथ खड़े होते हैं।

**यह एक बड़ा सबक है कि दुनिया में किसी शक्तिशाली देश का व्यवहार-कुशल होना बहुत जरूरी है, तभी आड़े वक्त में दूसरे देश साथ खड़े होते हैं।**

जहां तक भारत की बात है, तो उसे होर्मुज में ईरान ने कुछ राहत दी है, स्थितियां बहुत तो नहीं बिगड़ेंगी, पर तेल-गैस की किल्लत कमोबेश बनी रहेगी। तेल के मामले में भारत के आत्मनिर्भर न होने की कीमत सबको चुकानी पड़ेगी। भारत के लिए यह बहुत जटिल समय है और उसे संतुलन साधकर चलना है। जहां भारत में एक तबका ईरान का साथ देने के लिए बेचैन है, तो वहीं, ऐसे भारतीय भी हैं, जो ईरान व अन्य देशों से स्वदेश लौटने को बेताब हैं। बड़ी संख्या में भारतीयों को स्वदेश लाया जा रहा है। अकेले सोमवार को यूएई, सऊदी अरब व अन्य देशों से भारत के लिए 45 उड़ानें तय थीं। वैसे युद्ध शुरू होने के बाद से करीब 2,20,000 भारतीय लौट चुके हैं। सबको यह दुआ और उम्मीद करनी चाहिए कि भारतीयों को देश व विदेश में कम से कम परेशानी हो।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 17 मार्च, 1951

## अमृत की तलाश

दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के दीवान-ए-खास में देश के विभिन्न भागों से आए हुए साहित्यकारों, संगीतज्ञों, चित्रकारों, मूर्तिकारों आदि को सम्बोधित करते हुए भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हम यहां निर्मल, शुद्ध, शीतल और स्वस्थ अमृत की तलाश में एकत्र हुए हैं।

अमृत की तलाश इस देश के निवासियों के लिए कोई नया कार्य नहीं है। हमारे देवताओं ने अमृत की तलाश में समुद्र का मंथन किया। मुकुटधारियों ने राज-पाट और ऐहिक एश्वर्य का परित्याग करके अरण्यों में तपश्चर्या की। अमृत की तलाश में एक अजब आकर्षण है। उसको प्राप्त करने के बाद मनुष्य अमर हो जाता है।... कलाकार अपनी कृतियों में इन गुणों का प्रदर्शन करते हैं, जिनसे कि मनुष्यों को अपने जीवन का निर्माण करने और अमरत्व की ओर ले जाने की प्रेरणा मिलती है। कोई पूछ सकता है कि देश आज जिन परिस्थितियों में होकर गुजर रहा है, उनमें यह बेकार की सांस्कृतिक चर्चा कैसी? जब लोगों के सामने अपने पेट भरने की समस्या मुंह बाये खड़ी है और उनकी जीवन-धारण करने की सामान्य भौतिक आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो रही हैं, तब इस अमृत की तलाश का क्या अर्थ है?

यह सच है कि मनुष्य की अनिवार्य भौतिक आवश्यकताओं- खान-पान, परिधान और आश्रय का सबसे पहले प्रबंध होना चाहिए; क्योंकि किसी ने ठीक ही कहा है- भूखे भजन न होंहि गुपाला'। भूखे पेट भगवान की भक्ति भी नहीं हो सकती। किन्तु साथ ही यह भी उतना ही सच है कि भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति मात्र से मानव को संतोष नहीं होता। मानव शरीर और आत्मा के समन्वय से बना है। शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ उसे ऐसी वस्तुओं की आवश्यकता है, जिससे आत्मिक आनन्द प्राप्त हो सके। मानव जीवन समुच्चयात्मक है और उसे अलग-अलग विभागों में बन्द करके नहीं रखा जा सकता। इसीलिए संस्कृति की, साहित्य और संगीत और अन्य कलाओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती। मानव जीवन का स्तर आज जितना नीचे गिर गया है, उसे ऊंचा उठाने के लिए संस्कृति की प्रतीक विविध कलाओं की सहायता अपेक्षित है। अतः देश के कलाकारों को एक जगह एकत्र करने, संगठित करने का जो आयोजन किया गया है, वह सामयिक है।

# देश की राजनीति को दिशा देंगे ये चुनाव

**विधानसभा चुनावों के नतीजों से बेशक केंद्र सरकार की स्थिरता पर कोई असर न पड़े, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति और गठबंधनों पर इनका प्रभाव जरूर पड़ेगा।**



यहां स्कैन करें

**संजय कुमार** | प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक

चार राज्यों (पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम) और एक केंद्रशासित प्रदेश- पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों का एलान अहम है। इन चुनावों में कुल 824 विधानसभा सीटों के लिए मत डाले जाएंगे, जिनके नतीजों से बेशक केंद्र सरकार की स्थिरता पर कोई असर न पड़े, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति और गठबंधनों पर इनका प्रभाव जरूर पड़ेगा।

ये इलाके भारतीय मानचित्र के वे हिस्से हैं, जहां से 116 सांसद लोकसभा के लिए चुनकर आते हैं, इसीलिए राष्ट्रीय व क्षेत्रीय, दोनों दलों का काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है। असम और केरलम जैसे राज्य राष्ट्रीय दलों (भाजपा, कांग्रेस और वाम पार्टियों) के बीच चुनावी जंग के गवाह बनेंगे, तो तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में क्षेत्रीय पार्टियों (द्रमुक, अन्नाद्रमुक, तृणमूल कांग्रेस) की भूमिका अहम होगी। ये चुनाव एक बार फिर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनाधार, उनकी संगठनात्मक शक्ति, चुनावी रणनीति और नेतृत्व क्षमता की परीक्षा लेंगे, क्योंकि ये आज भी चुनावी सफलता की कुंजी हैं। निस्संदेह, सुशासन और लोक-कल्याणकारी राजनीति का खासा महत्व है, पर किसी भी दल की चुनावी नैया उसकी संगठनात्मक शक्ति और नेतृत्व क्षमता से पार होती है।

भाजपा असम और पुडुचेरी (एनडीए) में अपनी सरकार बचाने उतरेगी, जबकि दो क्षेत्रीय पार्टियां- तृणमूल और द्रमुक क्रमशः पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में। केरलम में वाम दलों वाले एलडीएफ की परीक्षा होगी। भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती असम और पुडुचेरी में अपनी सत्ता बनाए रखने की है, फिर वह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को हराने का प्रयास करेगी, जो बीते 15 वर्षों से कुर्सी पर काबिज हैं।

2021 के विधानसभा चुनावों में असम में भाजपा (60 सीटें) ने अपने सहयोगियों के साथ 75 सीटें जीतीं और 43.9 फीसदी मत पाए थे। इसके उलट, 'इंडिया' ब्लॉक के खाते में, जिसे यहां महाजोत कहा जाता था, 42.3 फीसदी मत के साथ 50 सीटें आई थीं। यानी, सीटों के मामले में बेशक दोनों में बड़ा अंतर था, पर मत प्रतिशत के लिहाज से फर्क उन्नीस-बीस का ही था। इसका अर्थ है कि जनाधार में मामूली बदलाव भी यहां एनडीए के समीकरण को बिगाड़ सकता है। जाहिर है, असम में चुनावी सफलता की कुंजी, जन-समर्थन के अलावा, गठबंधन होगा और यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस व भाजपा जैसी पार्टियां किस तरह छोटे-छोटे क्षेत्रीय दलों के साथ साझेदारियां बनाती हैं, जिनका छोटे कबीलों, जातियों और समुदायों में प्रभाव है।

पश्चिम बंगाल की जंग असम के मुकाबले कहीं अधिक करीबी हो सकती है। यहां तृणमूल बीते डेढ़ दशक से सत्ता में है, इसलिए मतदाताओं में सरकार के प्रति कुछ हद तक नाराजगी भी है। भाजपा इसे भुनाने का प्रयास कर सकती है। हालांकि, क्या वास्तव में मतदाताओं में सरकार-विरोधी रुझान है? इसका जवाब ठीक-ठीक नहीं दिया जा सकता।

उल्लेखनीय है कि तृणमूल सरकार ने चुनाव की घोषणा से ठीक पहले सरकारी कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते को जारी करके सत्ता-विरोधी माहौल को कुछ हद तक संभालने का प्रयास किया है। इसके कारण सरकारी कर्मचारियों का एक वर्ग नाराज चल रहा था। राज्य सरकार ने पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय को भी 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि पार्टी हिंदुओं व मुसलमानों को समान मानती है।

तृणमूल सरकार को महिलाओं के खिलाफ कुछ हिंसक घटनाओं, शिक्षक भर्ती मुद्दा और फुटबॉलर मेसी के दौरे के दौरान कुप्रबंधन जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ा था। इनसे पार्टी की छवि को कुछ हद तक नुकसान पहुंचा था, पर क्या ये अब अतीत की बातें हो चुकी हैं या विपक्षी पार्टी, खासतौर से भाजपा, चुनावों में इनको मुद्दा बनाने में सफल हो सकेगी, इस पर नजर बनी रहेगी। वैसे देखने वाली बात यह भी होगी कि क्या राज्य की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने वाला घुसपैठियों का मुद्दा भी चुनावों में सुनाई देगा? 15 साल कोई छोटा वक्त नहीं होता। हमने देखा है कि इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद सरकारें बाहर हो जाती हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में गुजरात जैसा मॉडल भी है, जहां भाजपा न केवल 1995 से सत्ता में है, बल्कि पिछले विधानसभा चुनावों में और अधिक मजबूत बनकर उभरी है।

निश्चय ही, भाजपा यहां सत्ता हासिल करने के लिए पूरा दम-खम लगा रही है, और वह पूरी तरह से नाकाम भी नहीं है। पिछली बार 38.1 प्रतिशत वोटों के साथ वह 77 विधानसभा सीटों पर कब्जा करने में सफल रही और राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई। फिर भी, तृणमूल से पार पाने में वह अब तक नाकाम रही है। हालांकि, भाजपा की यह उपलब्धि सराहनीय जरूर है कि उसने इस राज्य में कांग्रेस और वाम मोर्चा को काफी पीछे धकेल दिया है और ये दोनों अब क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर पहुंच गए हैं। इनका मत प्रतिशत भी इकाई अंकों में सिमट गया है।

रही बात केरलम की, तो यहां भी भाजपा कड़ी मेहनत कर रही है, जबकि चुनावों में एलडीएफ और यूडीएफ के बीच ही मुकाबला रहता है। उधर, तमिलनाडु में भी द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन के बीच सत्ता बदलती रही है। हालांकि, इस बार अभिनेता विजय की पार्टी भी मैदान में है, जिससे चुनाव दिलचस्प बन सकता है।

लिहाजा, सवाल यही है कि राष्ट्रीय राजनीति पर ये चुनाव कितने असरंदाज होंगे? 'इंडिया' ब्लॉक का स्वरूप और कांग्रेस की स्थिति काफी हद तक इसी बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस और क्षेत्रीय दल इन चुनावों में कैसा प्रदर्शन करते हैं? इंडिया ब्लॉक की प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सत्ता बची रहे और तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन की सरकार। इन चुनावों से यह भी तय होगा कि विपक्षी गठबंधन में बतौर नेतृत्व कांग्रेस की स्वीकार्यता कितनी मानी जाएगी?

अगर इन चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन कमजोर रहता है, तो राहुल गांधी की नेतृत्व-क्षमता पर फिर से सवाल उठेंगे। उधर, भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन की भी परीक्षा है, खास तौर से असम, पश्चिम बंगाल और केरलम के चुनावों में। यहां भाजपा की सफलता और विफलता पार्टी अध्यक्ष की क्षमता को आंकने का मौका देगी। असम में भाजपा की जीत मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा को राष्ट्रीय राजनीति के लिए तैयार कर सकती है। कुल मिलाकर, भावी राजनीतिक समीकरण के लिहाज से ये चुनाव काफी महत्वपूर्ण हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



# दक्षिण में अपने किले बचाना विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती



दक्षिण एक्सप्रेस
यहां स्कैन करें

**एस श्रीनिवासन** | वरिष्ठ पत्रकार

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का बिगुल रविवार को बज गया। इनमें दक्षिण के दो राज्य तमिलनाडु और केरलम हैं। यहां से दो दिग्गज नेताओं- केरलम के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की किस्मत दांव पर है। विजयन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में लगातार दूसरी बार जीत हासिल करके केरलम की राजनीति में 40 साल से चले आ रहे इस चलन को तोड़ दिया था कि यहां हर चुनाव में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और कांग्रेस-नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) में सत्ता अदल-बदल हो जाती है।

विजयन ने दशकों तक अपनी राजनीतिक कुशलता से वाम मोर्चा को आगे बढ़ाया। उन्होंने पार्टी को वैचारिक कट्टरता से दूर रखा और सत्ता में केंद्रीकृत नेतृत्व स्थापित किया। सवाल है कि क्या वह तीसरी बार भी इस तेवर को बरकरार रख पाएंगे? जहां तक स्टालिन का सवाल है, उन्होंने 2018 में अपने पिता के निधन के बाद अपनी अलग पहचान बनाई और 2021 का चुनाव जीतकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाया। यदि वह इस बार चुनाव जीतते हैं, तो अपने पिता एम करुणानिधि के 1971 के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

**विजयन केरलम हारते हैं, तो वाम मोर्चा पूरे देश में सत्ताहीन हो जाएगा। उधर, द्रमुक की हार 'इंडिया' को तमिलनाडु से बाहर कर देगी।**

अगर विजयन केरलम हार जाते हैं, तो वाम मोर्चा पूरे देश में सत्ता से बाहर हो जाएगा। द्रमुक की हार का मतलब होगा, तमिलनाडु से 'इंडिया' ब्लॉक का बाहर हो जाना। उसकी जगह एनडीए को मिल जाएगी। केरलम में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस-नीत विपक्षी यूडीएफ को एलडीएफ से पांच प्रतिशत अधिक वोट मिले हैं। माकपा को पूरा भरोसा था कि वह अपने आक्रामक प्रचार अभियान से इस अंतर को पाट लेगी, पर हाल में पार्टी के कई नेताओं के यूडीएफ या भाजपा का दामन थाम लेने से चिंता की लहर फैल गई है। माकपा नेताओं के बीच आपसी कलह, अहं का टकराव और वैचारिक मतभेद उसके बेहद मजबूत, अनुशासित और कैडर-आधारित संगठन पर भारी पड़ रहे हैं।

केरलम में माकपा के सामने नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का संकट कितना बड़ा है, इसे यूं समझिए कि अलाप्पुझा के वरिष्ठ नेता जी सुधाकरन ने पार्टी छोड़ दी। वह 2021 के चुनावों में टिकट न मिलने से नाराज थे। माकपा के पय्यानूर के वरिष्ठ अनुभवी नेता वी कुन्हीकृष्णन ने भी पार्टी छोड़ दी। इस आपाधापी में पर्यवेक्षक सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि क्या माकपा नेता भी सिद्धांत को ताक पर रखकर सिर्फ चुनाव की सोचने लगे हैं? क्या इसका मतलब यह है कि केरल में भी वामपंथी पार्टियां पश्चिम बंगाल की राह पर चल पड़ी हैं? पार्टी को सत्ता-विरोधी लहर के अलावा हाल ही में सामने आए 'गोल्ड प्लेटिंग विवाद' का भी सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, यूडीएफ में राहुल गांधी और प्रियंका की जोड़ी की राज्य में काफी अच्छी साख है। वामपंथी दल को हराने के लिए उन्हें अपनी इस साख का इस्तेमाल बड़ी होशियारी से करना पड़ सकता है।

तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन मजबूत स्थिति में है। उसका अपने सहयोगियों के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर नाममात्र की अड़चनें हैं। देश के कुशल मुख्यमंत्रियों में शुमार एमके स्टालिन मतदाताओं को लुभाने के लिए कई नकद योजनाओं का सहारा ले रहे हैं। खासकर महिला मतदाताओं को रिझाने की वह हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उनकी बड़ी उपलब्धियों में प्रदेश में निवेश आकर्षित करना और केंद्र सरकार की कई बाधाओं के बावजूद राज्य में बेहतर शासन-व्यवस्था प्रदान करना शामिल है। स्टालिन की मजबूत छवि के साथ ही, द्रमुक गठबंधन भी अपेक्षाकृत मजबूत है।

दूसरी ओर, अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भाजपा के सक्रिय सहयोग से चल रहा है। भाजपा अब भी अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है। अन्नाद्रमुक नेता ए पलानीस्वामी इस कदम से खुश नहीं हैं, क्योंकि इससे भविष्य में उनकी नंबर एक की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। विजय भी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, पर क्या वह एनडीए में शामिल होकर पलानीस्वामी के मंत्रिमंडल में उप-मुख्यमंत्री बनना स्वीकार करेंगे- यह सवाल बना हुआ है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# सुख, दुःख और मोह

सांख्य-दर्शन के अनुसार, समस्त विश्व-प्रपंच के मूलभूत दो तत्व हैं-पुरुष और प्रकृति। पुरुष ईश्वर नहीं है। वह जीव है। वह प्रकृति के समस्त व्यापारों का द्रष्टा है। वह जन्म-मरण के चक्कर से मुक्त है। इस मत के अनुसार, जगत् का उपादान-तत्व प्रकृति है। इसके तीन गुण हैं- सत्व, रजस् और तमस्। 'सत्व' सौजन्य और सुख उत्पन्न करता है। 'रजस्' सभी क्रियाओं का स्रोत है और दुःख उत्पन्न करता है। 'तमस्' क्रियाशीलता में बाधा पहुंचाता है। सत्व, रजस् और तमस् क्रमशः सुख, दुःख और आलस्य उत्पन्न करते हैं। ये तीनों गुण प्रकृति के सारभूत तत्व हैं।

त्रिगुणात्मक प्रकृति से उद्भूत जगत की प्रत्येक वस्तु सुख, दुःख और मोह रूप है। वाचस्पति मिश्र ने *सांख्यतत्वकौमुदी* में कहा है - एक कुल-शील सम्पन्न सुन्दरी युवती से उसके पति को सुख, सौतों को दुःख तथा उसे न पा सकनेवाले अन्य कामी पुरुष को मोह होता है। इससे स्पष्ट है कि उस युवती में उन विभिन्न प्राणियों के लिए सुख, दुःख और मोह, तीनों बातें विद्यमान हैं। यही स्थिति संसार के अन्य सभी पदार्थों की है।

सृष्टि के पहले सभी गुण साम्यावस्था में रहते हैं। पुरुष और प्रकृति के सान्निध्य से गुण क्षोभ होता है। प्रकृति में भीषण उथल-पुथल मच जाती है। एक गुण दूसरे गुण पर अधिकार जमाने की कोशिश करता है। अपने-अपने प्रभुत्व के अनुसार सृष्टि आरंभ होती है। सबसे पहले महत् उत्पन्न होता है। यह व्यक्ति की बुद्धि का आधार है। सत्व गुण की अधिकता के कारण बुद्धि का उदय होता है। उसका स्वाभाविक धर्म स्वयं को तथा दूसरी चीजों को प्रकाशित करना है। सत्व के प्रभुत्व से बुद्धि में धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य बढ़ता है। तमस् की अधिकता से अधर्म, अज्ञान और आसक्ति पैदा होती है। महत् से अहंकार उत्पन्न होता है। 'मैं' और 'मेरा' का अभिमान अहंकार है : *अभिमानोऽहङ्कारः।* अहंकार के कारण ही पुरुष अपने को कर्ता, कामी और स्वामी समझने लगता है। अहंकार ही संसार के सब व्यवहारों का मूल है। अहंकार से इसके सात्विक (वैकारिक) रूप में मन, पांचों ज्ञानेंद्रियां और पांचों कर्मेंद्रियां विकसित होती हैं। इसी से इसके तामस (भूतादि) रूप में पांच सूक्ष्म तत्व उत्पन्न होते हैं। रजस (तैजस) रूप दोनों में रहता है। नेत्र, श्रवण, घ्राण, रसना और त्वचा, पांच इंद्रियां हैं। पांच ज्ञानेंद्रियों से क्रमशः रूप, शब्द, गंध, स्वाद और स्पर्श का ज्ञान होता है। ये सब पुरुष के लिए उत्पन्न होते हैं और अहंकार के परिणाम हैं।...

**एक सुन्दरी युवती से उसके पति को सुख, सौतों को दुःख तथा उसे न पा सकनेवाले पुरुष को मोह होता है। स्पष्ट है, उस युवती में सुख, दुःख और मोह, तीनों बातें विद्यमान हैं।**

सच तो यह है कि वैष्णव धर्म में जिस विष्णु की कल्पना की गई है, वह पुरुष है और जिस लक्ष्मी की कल्पना की गई है, वह प्रकृति है। ईश्वर चिंतन की परंपरा में सांख्य मत का निश्चय ही महत्वपूर्ण स्थान है।

**प्रभाकर माचवे**

**एंटोनियो गुटेरस** | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**मध्य-पूर्व के लोग बिना किसी डर के जीने, बम विस्फोटों से दूर अपने बच्चों को पालने और जान बचाने की चिंता के बिना घर लौटने के हकदार हैं। और मैं, इस क्षेत्र के शांतिपूर्ण भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।**

अनुलोम-विलोम
**डोनाल्ड ट्रंप**



## अनावश्यक युद्ध को न्योता देते ट्रंप

क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजरायल का साथ देने के नाम पर ईरान के साथ अनावश्यक युद्ध में कूद गए हैं, जो उनके लिए आत्मघाती साबित हो रहा है? यह सवाल यूं ही नहीं उठे हैं। इस युद्ध के शुरू होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता तेजी से घटी है। कुछ सर्वेक्षणों में तो 60 प्रतिशत तक उनकी लोकप्रियता में कमी देखी गई है। एक अन्य सर्वेक्षण में 59 प्रतिशत अमेरिकियों ने युद्ध का विरोध किया है, जबकि केवल 27 फीसदी ने इसका समर्थन किया। खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजें रुक गई हैं, तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और वाशिंगटन आर्थिक संकट को कम करने के उपाय खोजने में जुटा है। युद्ध में तुरंत जीत हासिल कर लेने का ट्रंप का अनुमान तब गलत साबित हुआ, जब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक तेल टैंकरों पर गोलीबारी करने की धमकी दी। वास्तव में, ईरान ने पिछले जून में हुए 12 दिनों के युद्ध की तुलना में कहीं अधिक आक्रामक प्रतिक्रिया दी है और अमेरिकी सैन्य ठिकानों, मध्य पूर्व के अरब देशों और इजरायली आबादी वाले केंद्रों पर मिसाइलों व ड्रोन से हमले किए हैं। इतना ही नहीं, ईरान की जवाबी कार्रवाई ने न सिर्फ ट्रंप को, बल्कि उनके समर्थकों को भी चिंता में डाल दिया है। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव नवंबर में होने वाले हैं। अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो चुनाव में रिपब्लिकन को हानि हो सकती है, जिससे उनकी ताकत कम हो जाएगी। इन सबसे यही संकेत मिल रहा है कि ट्रंप एक ऐसे युद्ध में फंस गए हैं, जो अब उनके लिए गले की हड्डी बन गया है।

**जंग बहादुर सिंह**, टिप्पणीकार

**दुनिया** का कोई भी देश युद्ध नहीं चाहता। वह हर मसले का हल शांति से निकालना चाहता है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद युद्ध ही पसंद है। यह जानते हुए भी कि युद्ध हमेशा हानिकारक सिद्ध हुए हैं और सारी दुनिया इसके खिलाफ है, फिर भी, ट्रंप युद्ध करना चाहते हैं। वह ऐसे-ऐसे फैसले लेते रहे हैं, जो शेष दुनिया के लिए आफत साबित हुई है। भूमंडलीकृत दुनिया में सभी देश एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। ऐसे में, उनकी हठधर्मिता का नुकसान उनको और उनके देश, दोनों को भुगतना पड़ सकता है। वह कितने अराजक व्यक्ति हैं, इसका अंदाज इससे भी होता है कि जैसे ही उन्होंने सत्ता संभाली, टैरिफ को लेकर देशों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। फिर, ईरान युद्ध में उतर गए, जबकि उन्होंने हर युद्ध को रोकने का वायदा पद संभालते वक्त किया था। उनको वस्तुस्थिति समझकर ही आगे कदम बढ़ाना चाहिए।

**राजेश कुमार चौहान**, टिप्पणीकार

## राष्ट्रवादी होने से वह गुनहगार नहीं हो जाते

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। उनका कुसूर आखिर क्या है? क्या अपने देश की रक्षा करना गलत है? क्या उन तत्वों को नष्ट करना, जो उनके देश के खिलाफ है या जो अमेरिका को नुकसान पहुंचा सकता है, गलत है? इतना ही नहीं, जो देश खुलेआम अमेरिका को धमकी दे रहा है, उसे भला क्यों ट्रंप बर्दाश्त करते? ऐसे में, ईरान पर हमला उनका कोई गलत कदम नहीं है। अलबत्ता, इसकी तारीफ ही होनी चाहिए।

वास्तव में, उनका राष्ट्रवादी होना कई लोगों को चुभ रहा है। ट्रंप अपने देश से प्यार करते हैं, इसीलिए उन्होंने अमेरिका को फिर से महान बनाने का सपना चुनाव के समय दिखाया था, जिस कारण उन्हें लोगों का प्यार भी मिला। वह तब दोबारा सत्ता में आएं, जब उनके चरित्र पर लगातार लांछन लगाया जा रहा था और 'कैपिटल हिल' वाली घटना को लेकर उनको घेरा जा रहा था। जाहिर है, अमेरिका के मतदाताओं ने ट्रंप के खिलाफ हो रहे नकारात्मक अभियान को नकार दिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि वह दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां तब तक प्रतिकूल होने लगी थीं। अमेरिका का रुतबा कमजोर पड़ने लगा था। चीन तो सीधी टक्कर दे ही रहा था, कुछ अन्य देश भी अमेरिका को आंख दिखा रहे थे। ट्रंप ने सीधे-सीधे ऐसे देशों से लोहा लेना शुरू किया। पहले उन्होंने टैरिफ का दांव खेला और 'जैसे को तैसा' की नीति अपनाई। हां, इसका नुकसान भारत जैसे कुछ देशों को भी हुआ, लेकिन अच्छी बात है कि ट्रंप ने इन देशों की दुविधा समझी और टैरिफ में कुछ रियायतें भी दीं। इसके बाद उन्होंने हाथ सख्त करने शुरू किए और ईरान जैसे देशों को घेरा, जो अमेरिका के लिए खतरा बनने लगा था। उनके लिए यह चुनावी वायदे को पूरा करने के साथ-साथ राष्ट्रवादी सोच को फिर से स्थापित करने का माध्यम था। यह ठीक है कि हर काम की कुछ न कुछ कीमत अदा करनी पड़ती है और ट्रंप भी अपवाद नहीं हैं, लेकिन मध्यावधि चुनाव में यदि उनको हार मिलती भी है, तो उसे हार नहीं मानेंगे, बल्कि राष्ट्रवाद की कीमत कहेंगे।

मेरा तो यह भी मानना है कि ट्रंप जिस रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं, उसमें उनको फायदा ही होगा। तात्कालिक नुकसान की वह नहीं सोचते। यही कारण है कि उन्होंने सीधे लोहा लेने का फैसला किया, कोई दायां-बायां प्रपंच नहीं किया। इसका फायदा उनको मिलेगा। अमेरिका के मतदाता समझते हैं कि कौन नेता उनके हित में कितना सोच रहा है? ट्रंप को घेरने वाले एक दिन खुद जनता की अदालत में घिरते नजर आएंगे।

**देविका लाल**, टिप्पणीकार

# नव सृष्टि का संदेश नवरात्र

**नवरात्र का पर्व नैसर्गिक पवित्रता और बाल-सुभाव के आवाहन का पर्व है। यह आवाहन जितना सुरुचि से, जितना सादगी से, जितना प्रकृति के साथ संतुलन बुद्धि रखते हुए किया जाए, जितने बाल-सुलभ भाव से, सरल-निश्छल मन से किया जाए, उतनी ही जगदंबा प्रसन्न होती हैं। नवरात्र का संदेश नव सृष्टि का संदेश है।**



चैत्र नवरात्र (19 से 27 मार्च)

**अध्यात्म**



विद्यानिवास मिश्र

**वर्ष** में दो नवरात्र पड़ते हैं- शारदीय और वासंती। दोनों संपातों में पड़ते हैं। संपात का अर्थ होता है- स्थूल रूप में रात-दिन का बराबर होना। पृथ्वी का सूर्य से सम दूरी होना। सूक्ष्म रूप से इसका अभिप्राय है- संतुलन प्राप्त करने की स्थिति। ताप और शीत के बीच संतुलन होता है।

नवरात्र में जगदंबा की पूजा का विधान इसलिए है कि व्यक्ति की अपनी कोई ऊर्जा है, इसका अभिमान छोड़ने का अभ्यास करे। सबकी ऊर्जा का स्रोत एक है, वह आदिशक्ति है। वही मां है। वही नाना रूपों में व्यक्त होती है। फिर अदृश्य, अव्यक्त करुणा और ममता के प्रवाह में समा जाती है। वह व्यक्त दो कारणों से होती है- एक तो तब, जब आसुरी शक्ति का मद प्रबल हो जाता है। दुर्बल वेध्य बन जाता है। तब वह काली होकर अवतीर्ण होती है। वह शक्ति के मद का मद पीती है। तब वह विकराल होती है। दूसरा कारण है, उसे यों ही लीला करनी होती है। वह छोटी-सी बच्ची बन जाती है। वह बच्चों की मांग पर तरह-तरह के खिलौने बनानेवाली मां बन जाती है।

## शक्ति, संयम, नियम से सुरक्षित हों

वह भुवनमोहिनी बन जाती है। वस्तुतः प्रकृति में भी सुषमा तभी होती है, जब वह सु अर्थात अच्छी तरह समता या संतुलन प्राप्त करती है। यह संतुलन पानेवाले या देनेवाले के बीच हो, सोखनेवाले या सींचनेवाले के बीच हो, आवेग और शक्ति के बीच हो। इस नवरात्र में व्रत इसलिए करते हैं कि अपने भीतर की शक्ति, संयम और नियम से सुरक्षित हों। उसका अनावश्यक अपव्यय न हो। पूरी सृष्टि में जो ऊर्जा का प्रवाह आ रहा है, उसे अपने भीतर रखने के लिए भी पात्र की स्वच्छता आवश्यक है।

व्रत के साथ हम ऐसे पुष्पों से, ऐसी सुगंधियों से, ऐसे आमोद-प्रमोद के मनोरम उपायों से जगदंबा को रिझाने का प्रयत्न करते हैं, जो इस लोक में सबसे अधिक चटकीले हों, कमनीय हों। गंध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य का अर्पण इसी भाव से होता है कि इस संसार में जो कुछ सुंदर है, वह सब मां, तुम्हारा ही है। गंध के रूप में पृथ्वी तत्व अर्पित होता है।

## सब कुछ तुम्हारा है मां

पुष्प के रूप में पुष्प की तरह खिला हुआ प्रसन्न आकाश अर्पित होता है। धूप के रूप में सर्वशोधक वायु तत्व अर्पित होता है। दीप के रूप में अग्नि तत्व अर्पित होता है और नैवेद्य के रूप में जल का अमृत अर्पित होता है। इन पांचों तत्वों की समष्टि तांबूल के रूप में अर्पित होती है। यह अर्पण इस भाव से होता है कि सीमित परिधि में रहनेवाला तत्व अनंत असीम में निहित तत्व को अर्पित हो जाए। इन पांच तत्वों के अर्पण के साथ-साथ गीत वाद्य भी अर्पित होते हैं। उनके माध्यम से मन अर्पित होता है।

इस प्रकार शक्ति के आराधन का यह नवरात्र कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाता है। दुख-सुख दोनों अर्पित होते हैं ऐसी मां को, जो जागती रहती है, हर बच्चे की देखरेख के लिए। वह यह देखती रहती है कि कहीं कोई बच्चा दूसरे बच्चे के साथ अन्याय तो नहीं कर रहा है। सतानेवाले बच्चे को वह दंड देती है, चोट खाए हुए बच्चे को सहलाती है। वह सतानेवाले को बड़ी डरावनी लगती है और सताए जानेवाले को बड़ी दयालु। वह एक ही है। उसी के अनेक रूप दिखाई पड़ते हैं।

इन अनेक रूपों में कोई भेद नहीं है। व्यापार में भेद है, तत्त्वतः कोई भेद नहीं है। दो या बहुत दिखने का द्वैत नहीं होता है।

## सहज-सरल और निश्छल बनें

यही कारण है कि जगदंबा सबको अपनी वत्सल छाया में समेटती हैं- बड़े-से-बड़े ज्ञानी को, बड़े-से-बड़े विरागी तपस्वी को और अज्ञ-से-अज्ञ, अबोध-से-अबोध जन को, अधम-से-अधम विषयों में फंसे जन को।

मां के आगे सब कुछ भूल जाता है। बस, इतना ही याद रहता है- संतान कैसी भी हो, मां तो बस मां होती है। एक बार सब दुरावभर छोड़ दे, उनके आगे सब कुछ रख दें, अपनी दुर्बलता, अपनी क्षमता सब उन्हीं को सौंप दे, उन पर छोड़ दें।

ऐसी मां की अर्चना जिस सौष्ठव से, जिस भाव से की जानी चाहिए, वह हो नहीं रही है, इसलिए इतना अमंगल है। देखने में लगता है, बड़ा उत्साह है, बड़ा भावोन्माद है, पर भीतर-भीतर कहीं-न-कहीं दूसरे से बढ़-चढ़कर दिखने का भाव रहता है। जगदंबा यह सहन नहीं करतीं और तब सृष्टि का संतुलन बिगड़ता है।

नवरात्र का पर्व नैसर्गिक पवित्रता और बाल-सुभाव के आवाहन का पर्व है। यह आवाहन जितनी सुरुचि से, जितनी सादगी से, जितनी प्रकृति के साथ संतुलन बुद्धि रखते हुए किया जाए, जितने बाल-सुलभ भाव से, सरल-निश्छल मन से किया जाए, उतनी ही जगदंबा प्रसन्न होती हैं। काश, हम आज अमंगल के घेरे में घिरे हुए लोग समझते, तो हमारा आवाहन कर्ण-कटु ध्वनियों का हाहाकार न होता! हमारे आयोजन इतने दिखाऊ और खोखले न होते। नवरात्र का संदेश नव सृष्टि का संदेश है, इसे हम समझ लें, तो विश्व-मंगल का नया अध्याय प्रारंभ हो जाए।

**(साभार : 'भारतीय संस्कृति के आधार', प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली से संपादित अंश)**

---

**आस्था-अनास्था**

अश्वनी कुमार

# पालकी से आकर हाथी से लौटेंगी देवी दुर्गा

**चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान किस पर हो रहा है?**
**-मनोकामना कौस्तुभ,** मथुरा



**चैत्र नवरात्र** 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक हैं। इस बार देवी दुर्गा पालकी पर आ रही हैं। देवी का पालकी पर आना महामारी, प्राकृतिक आपदा, दंगे और जन हानि का संकेत है। माता का प्रस्थान हाथी पर हो रहा है। यह अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और ज्ञान में वृद्धि का संकेत माना जाता है।

देवी भागवत के अनुसार- रविवार या सोमवार के दिन नवरात्र प्रारंभ होने पर देवी दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आती हैं। यह शुभ होता है। इससे अच्छी वर्षा और मेहनत का फल मिलता है। शनिवार या मंगलवार के दिन नवरात्र प्रारंभ होने पर देवी का वाहन घोड़ा होता है। यह सत्ता परिवर्तन और युद्ध का प्रतीक है। यह विपक्ष के लिए शुभ और सत्ता पक्ष के लिए प्रतिकूल होता है।

बृहस्पतिवार या शुक्रवार के दिन नवरात्र प्रारंभ हो, तो देवी पालकी में आती हैं। यह अशुभ है। इससे महामारी, प्राकृतिक आपदा, उपद्रव, दंगे और जन हानि जैसी स्थितियां पैदा होती हैं। बुधवार के दिन नवरात्र शुरू हो, तो देवी दुर्गा नाव पर आती हैं। यह शुभ होता है। इससे भरपूर बारिश और अच्छी फसल होती है। मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं।

देवी का आगमन होगा, तो उनकी विदाई भी होगी। माता की विदाई रविवार या सोमवार हो, तो देवी भैंसे पर जाती हैं। इससे रोग और शोककारक स्थितियां बनती हैं। यह देश के लिए अशुभ होता है। शनिवार या मंगलवार के दिन विदाई होने पर देवी की सवारी मुर्गा होती है। इससे दुखों और कष्टों में वृद्धि होती है। मां की विदाई बुधवार या शुक्रवार के दिन हो, तो देवी हाथी पर सवार होकर जाती हैं। यह शुभ माना जाता है। आपको आपके अच्छे कार्यों का फल मिलता है। बृहस्पतिवार के दिन विदाई हो, तो दुर्गा की सवारी मनुष्य होती है। ।इससे देश में चारों तरफ सुख-शांति और संपन्नता होती है।

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्र, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

---

# मिलजुल कर दुआ करने और खुशी बांटने का दिन

**ईद अल फितर (21 मार्च)**



**खुशी** यानी ईद, ईद यानी खुशी। दोनों के अर्थ एक ही हैं। इस्लाम में दो ही त्योहारों का प्रामाणिक उल्लेख मिलता है। पहला रमजान पूरा होने की खुशी में ईद अल फितर, जिसे मीठी और छोटी ईद भी कहा जाता है। दूसरा हज पूरा होने की खुशी में ईद अल हज, जिसे ईद अल अजहा और बड़ी ईद भी कहा जाता है। अभी रमजान खत्म होने को हैं, तो मीठी ईद यानी ईद अल फितर की खुशियां हमारे दरवाजे पर दस्तक देने आ रही हैं।

एक महीने के रोजे पूरे करने के बाद ईद अल फितर की नमाज एक शुकराना है, रब के प्रति कि उसने सामर्थ्य और सेहत बख्शी माह-ए-मुबारक में इबादत की पूंजी जमा करने की।

ईद अल फितर को छोटी और मीठी ईद इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि यह त्योहार विशेषकर बच्चों का उत्सव होता है। बच्चों को सबसे पहले मीठी सेवइयां बनाई व खिलाई जाती हैं। नमाज के बाद सबसे पहला काम पास-पड़ोस में शीरनी के साथ पकवानों को बांटना, जो कि बच्चों से ही कराया जाता है। इसका मकसद बच्चों में खाना बांट कर खाने की आदत और जज्बा पैदा करना होता है।

ईद की नमाज रब का शुकराना होता है कि उसने उन्हें सेहत भरा जिंदगी का एक साल और दिया, जिसमें वे इबादत कर सके। साथ ही आने वाले साल के लिए सेहत और हलाल की रोजी की दुआएं भी शामिल होती हैं।

यहां यह बात विशेष उल्लेखनीय है कि ईद की नमाज के लिए जिस रास्ते से जाते हैं, उस रास्ते से वापस नहीं लौटते। इसका उद्देश्य अधिक लोगों से मिलना-मुलाकात करने के साथ एक-दूसरे के दुख-तकलीफ को साझा करना और यह देखना कि कहीं कोई तकलीफ में तो नहीं है। यदि ऐसा है, तो उसकी तकलीफों को दूर करने का भरसक प्रयास किया जाता है।

नमाज के बाद घर लौटने से पहले सभी नमाजी कब्रिस्तान जरूर जाते हैं और अपने सगे-संबंधियों के साथ-साथ सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दुआ करते हैं। पहले समय जब संचार माध्यम सीमित थे, घर के बुजुर्ग गांव-मुहल्ले के घरों में जाते और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते थे। एक-दूसरे के पकवानों को चखते जरूर थे। यह उस घर की माली हालत को जानना- समझना होता था कि कहीं कोई परेशानी में तो नहीं है।

इस ईद को ईद अल फितर इसलिए भी कहते हैं कि ईद की नमाज से पहले ही प्रत्येक मुस्लिम को फितरा अदा करना होता है। फितरा एक बेहद छोटी-सी तय की गई रकम होती है, जिस पर समाज के गरीब और लाचारों का हक होता है। यह हर मुस्लिम खुशी-खुशी ईद की नमाज से पहले फिक्र से अदा कर देता है। फितरे में कोई कोताही नहीं बरती जाती। ईद अल फितर को जकात और अहम बना देती है। जकात, पूरे साल की कमाई के ढाई प्रतिशत के हिस्से को कहा जाता है। इस जकात पर गरीब, अनाथ बच्चों और उन बुजुर्गों व औरतों का हक होता है, जिनका इस दुनिया में कोई सहारा तथा कमाई का साधन नहीं होता।

**मुख्तार अहमद**

---

# जमशेद-ए-नवरोज : पारसी नव वर्ष

**नवरोज (20 मार्च)**



**पारसी** समुदाय का नव वर्ष 'नवरोज' बसंत ऋतु की शुरुआत और प्रकृति के पुनर्जन्म का प्रतीक है। नवरोज यानी नया दिन, नई शुरुआत, ताजगी और आने वाले साल में खुशहाली की कामना। यह बुराई पर अच्छाई की विजय याद दिलाता है।

पैगंबर जरथुस्त्र पारसी धर्म के संस्थापक थे। 'अवेस्ता' इनका पवित्र ग्रंथ है, जिसमें इनकी स्तुति और शिक्षाएं शामिल हैं। लगभग तीन हजार साल पुराना पारसी धर्म दुनिया के सबसे पुराने एकेश्वरवादी धर्मों में एक माना जाता है।

पारसी समुदाय 360 दिनों का ही साल मानते हैं। बाकी बचे पांच दिन 'गाथा' के रूप में मनाए जाते हैं। इन पांच दिनों में सभी मिलकर अपने पूर्वजों को याद करते हैं। पारसी मान्यता के अनुसार पारसी राजा जमशेद ने संसार को प्रलय से बचाया था। नवरोज के दिन इन्होंने सिंहासन संभाला था, इसलिए इसे 'जमशेद-ए-नवरोज' भी कहते हैं।

नवरोज से कुछ दिन पहले गेहूं और दाल अंकुरित करने की परंपरा है। नवरोज के दिन लोग घरों की सफाई करते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और 'हफ्त सिन टेबल' पर सात वस्तुएं रखते हैं- जैसे सरसों का तेल, पानी, सेब, अखरोट, सौंफ, सोने की मछली और दही। इस दिन घर को फूलों और सुंदर सजावट से सजाया जाता है। लोग सुबह-सुबह फायर टेंपल जाते हैं। इस दिन अग्नि मंदिरों में पूजा की जाती है। साथ ही पूजा स्थल पर चंदन की लकड़ी अग्नि को समर्पित की जाती है और अपने परिवार तथा दोस्तों की लंबी उम्र, सुख-शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना करते हैं। यह दिन माफी मांगने, पुरानी गलतियां सुधारने और नए संकल्प लेने का भी है। लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और पूरे दिन जश्न का माहौल बना रहता है। परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर तरह-तरह के पारसी व्यंजन खाए जाते हैं।

नवरोज से पहले वाले बुधवार को बच्चे से लेकर बुजुर्ग अलाव के ऊपर से कूदते हैं। यह पिछले वर्ष की सभी नकारात्मकता को दूर करने के लिए किया जाता है। पारसी नव वर्ष नवरोज फसली या बस्तानी कैलेंडर के पहले महीने 'फर्वादिन' के पहले दिन से शुरू होकर तेरह दिन तक मनाया जाता है। पूरी दुनिया में नवरोज मार्च में मनाया जाता है, लेकिन भारत में मुख्यतः पारसी लोग शहंशाही कैलेंडर को मानते हैं, इसलिए यहां इस साल यह त्योहार 16 अगस्त को मनाया जाएगा, लेकिन खास बात यह है कि भारतीय दोनों ही तिथियों पर पारसी नव वर्ष मनाते हैं।

यह त्योहार ईरान के अलावा मध्य एशिया, भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान, में भी मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 21 मार्च के दिन को अंतरराष्ट्रीय नवरोज दिवस के रूप में मान्यता दी है। यह यूनेस्को की विश्व विरासत का हिस्सा है। पारसी नव वर्ष को नवरोज, नौरोज, जमशेदी और पतेती आदि कई नामों से जाना जाता है।

**अरुण कुमार जैमिनि**

---

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 17 मार्च से 23 मार्च 2026 तक

**17 मार्च (मंगलवार)** : चैत्र कृष्ण त्रयोदशी तिथि प्रातः 09.23 मिनट तक। वारुणी योग (सूर्योदय से प्रातः 09.23 मिनट तक)। वारुणी पर्व। मास शिवरात्रि व्रत। पंचक।

**18 मार्च (बुधवार)** : चैत्र कृष्ण चतुर्दशी तिथि प्रातः 08.26 मिनट तक पश्चात अमावस्या तिथि। पितृकार्येषु अमावस। पंचक।

**19 मार्च (गुरुवार)** : चैत्र कृष्ण अमावस्या तिथि प्रातः 06.53 मिनट तक पश्चात प्रतिपदा रात्रि 04.53 मिनट तक तदनंतर द्वितीया तिथि। चैत्र अमावस (प्रातः 06.53 मिनट तक)। वि. संवत् 2082 पूर्ण। रौद्र नाम नव वि. संवत् 2083 प्रारंभ। चैत्र (वासंत) नवरात्र प्रारंभ। घटस्थापन (अभिजित मुहूर्त में)। ध्वजारोहण। तैलाभ्यंग। श्री दुर्गा पूजा। गुड़ी पड़वा। पंचक। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का क्षय।

**20 मार्च (शुक्रवार)** : चैत्र शुक्ल द्वितीया तिथि रात्रि 02.31 मिनट तक। चंद्रदर्शन। पंचक समाप्त रात्रि 02.28 मिनट। उत्तर गोल प्रारंभ।

**21 मार्च (शनिवार)** : चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि रात्रि 11.57 मिनट तक। श्री मत्स्य जयंती। गणगौरी तृतीया। शव्वाल (मु.) मास प्रारंभ। गंडमूल रात्रि 12.38 मिनट तक।

**22 मार्च (रविवार)** : चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि रात्रि 09.17 मिनट तक। शक चैत्र एवं संवत् 1948 प्रारंभ। दमनक चतुर्थी।

**23 मार्च (सोमवार)** : चैत्र शुक्ल पंचमी तिथि सायं 06.39 मिनट तक। श्री (लक्ष्मी) पंचमी।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

---

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार के लिए माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मिथुन :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में भी कमी रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि भी होगी।

**कन्या :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सेहत पर ध्यान दें।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार में सुस्ती आ सकती है।

**धनु :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि भी होगी।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में संतुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि भी हो सकती है।

**मीन :** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

17 मार्च, मंगलवार, **शक संवत्** : 26 फाल्गुन (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग** : 04 चैत्र मास प्रविष्टे 2082, **इस्लाम** : 27 रमजान,1447, **विक्रमी संवत्** : चैत्र कृष्ण त्रयोदशी तिथि प्रातः 09.23 मिनट तक। साध्य योग रात्रि 06.22 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक तदनंतर शुभ योग। चंद्रमा कुंभ राशि में (दिन-रात)। **सूर्य उत्तरायण।** बसंत ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 09.23 मिनट से रात्रि 08.55 मिनट तक। वारुणी योग (सूर्योदय से प्रातः 09.23 मिनट तक)। वारुणी पर्व। मास शिवरात्रि व्रत। पंचक।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**हमारा एयरकंडीशनर्स का ऑफिस है। यह खास नहीं चल रहा है। इसे कैसे बेहतर किया जा सकता है?**
**-अक्षत गौड़,** रोहतक

- आपका शोरूम पश्चिम मुखी है। इसमें आपने एक दरवाजा उत्तर दिशा की ओर खोला हुआ है। यह शुभ है। आपका शोरूम का उत्तर पश्चिम भाग कटा हुआ है, क्योंकि उसमें एक एटीएम बना हुआ है, जिसके कारण आपका शोरूम गोमुखी हो गया है। इसको डिटेचिंग विधि से किसी वास्तु शास्त्री की देखरेख में ठीक करवाइए।
- अपने पीछे से काले रंग की माइका हटा दीजिए।
- उत्तर दिशा में हरी मूंग को एक बाउल में भरकर रखें।

## वर्ग पहेली : 8270



**बाएं से दाएं**
2. आधुनिक; वर्तमान समय का (5)
6. तथ्यान्वेषण करना; परखना; छलनी में से निकालना; छनाई करना (3)
7. हरताल; पिघला हुआ सोना (5)
8. जंगल; गृह; घर (3)
10. अंश; भाग; कौतुक; अभिनय; फन; कौशल; छटा; युक्ति (2)
12. तल; परत; पेंदा; स्तर (2)
14. मनुष्य; मानव; व्यक्ति; पति; नौकर; सेवक (3)
16. एकाएक ऊपर से नीचे आ जाना; गिर जाना; ढहना; संभल न पाना (2,3)
17. झोंका; बयार; बहती हवा; पवन (3)
18. उपनायक; नायक का साथी (5)

**ऊपर से नीचे**
1. अत्यधिक शोक विह्वल होने के कारण खड़े-खड़े गिर जाना (3,2,1,3)
2. मध्यमा के साथ वाली अंगुली (4)
3. नामजदगी; नाम लिखा जाना; पंजी में लिखा जाना (4)
4. पौधा जिससे कलमें व मूढ़े बनते हैं; नरकल (4)
5. ध्वस्त करना; नष्ट-भ्रष्ट करना; पूरी तरह से तोड़-फोड़ करना; बरबाद करना (3,3,3)
9. पर्वत; नगीना; मणि; रत्न; अदद (2)
11. खोह; गुफा; बिवर (2)
13. बनाने वाली हंसी; निंदासूचक हास; हंसी-ठट्ठा (4)
14. आमद रफ्त; मिलना-जुलना; आवागमन (2,2)
15. मीमांसा करने वाला; व्याख्या करने वाला; समीक्षक (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8269

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | थि | 2 क | त | 3 र | ■ | 4 वा | ■ | 5 को |
| प | ■ | था | ■ | 6 स | ला | ह | का | र |
| 7 ना | स्ति | क | ता | ■ | ■ | न | ■ | क |
| रा | ■ | र | ■ | 8 ब | ■ | ■ | 9 ओ | स |
| ग | ■ | 10 ना | व | चा | ल | 11 क | ■ | र |
| 12 अ | दा | ■ | ■ | ना | ■ | रा | ■ | न |
| ला | ■ | 13 ठि | ■ | ■ | 14 का | रा | गा | र |
| 15 प | र | का | ट | 16 ना | ■ | प | ■ | ख |
| ना | ■ | ना | ■ | 17 प | त | न | हो | ना |

## सुडोकू : 8252

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 9 | |
| | 9 | | 8 | 4 | | | 7 | 3 |
| | 7 | | | | 2 | 4 | | |
| 4 | | 8 | 7 | | | | | |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 9 | | 5 |
| | | 6 | 5 | | | | 1 | |
| 7 | 5 | | | 3 | 6 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | | 6 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8251

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 2 |

# प्रवाह

77 साल बेमिसाल

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक

स्थापना : 18 अप्रैल 1948 • आगरा

कूटनीति महत्व रखती है और रखेगी, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बहुत कम चीजें पहले से तय होती हैं। -रिचर्ड एन हास

**सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सदन के सुचारु संचालन और सांसदों के निलंबन-वापसी पर बनी सहमति दर्शाती है कि जटिल मुद्दे भी आपसी संवाद से सुलझ सकते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब सदन अनुशासित ढंग से चल सकेगा, जो संसदीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए जरूरी भी है।**

## संसदीय सद्भाव की ओर



ऐसे समय में, जब संसद की कार्यवाही में बार-बार हंगामे, व्यवधान और निलंबन की घटनाएं इस पवित्र संस्था की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगा रही हों, तब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सांसदों के निलंबन को वापस लेने पर सहमति बनना एक अत्यंत स्वागतयोग्य और लोकतांत्रिक कदम है। उल्लेखनीय है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने तथा अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोप में सात कांग्रेस सांसदों व मदुरै से एक सीपीआई(एम) सांसद को बजट सत्र के शेष समय के लिए संसद से निलंबित कर दिया गया था। सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति दर्शाती है कि जटिल से जटिल मुद्दों को भी आपसी बातचीत के जरिये सुलझाया जा सकता है। संसद में आज एक प्रस्ताव लाकर सांसदों का निलंबन 12 बजे खत्म किए जाने की संभावना है। यह प्रस्ताव विपक्ष की ओर से पेश किया जा सकता है, जिसका सत्तापक्ष की ओर से समर्थन किया जाएगा और लोकसभा अध्यक्ष की मंजूरी के बाद निलंबन खत्म होगा। बैठक में यह फैसला भी लिया गया कि सांसद सदन की कार्यवाही के दौरान तख्तियां (प्लेकार्ड) और एआई से तैयार की गई तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करेंगे और सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। संसद के सुचारु संचालन और संसदीय परंपराओं की गरिमा को सुनिश्चित करने की दिशा में यह अनिवार्य कदम है। यह इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि पिछले कुछ समय से कुछ सांसदों के व्यवहार की वजह से संसदीय प्रक्रियाएं तो बाधित होने ही लगी थीं, संसद की उत्पादकता पर भी गंभीर असर पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि संसद में एक मिनट की कार्यवाही पर करीब ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। हंगामे या बार-बार स्थगन के कारण हर बाधित मिनट सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है। यह भी सच है कि संसद में अनुशासन बनाए रखना केवल अध्यक्ष या सरकार की नहीं, बल्कि सभी दलों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर सरकार विपक्ष की चिंताओं और मांगों को सुनने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं देती, तो इससे असंतोष व टकराव की स्थिति पैदा होती है, लेकिन अगर विपक्ष भी अपनी बात रखने के लिए व्यवधान का रास्ता अपनाता है, तो इससे संसदीय परंपराएं कमजोर ही होती हैं। इसलिए, जरूरी है कि दोनों पक्ष संतुलन और संयम का परिचय दें। सर्वदलीय बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति से उम्मीद की जानी चाहिए कि अब सदन की कार्यवाही अनुशासित व गरिमापूर्ण ढंग से चलेगी, जो संसदीय संस्कृति को बचाने के लिए नितांत जरूरी भी है।

## तो ये था यूनुस का एजेंडा

**बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के 18 महीने का कार्यकाल विवादों और अस्थिरता से भरा रहा। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के चौंकाने वाले खुलासे ने यह स्पष्ट कर दिया कि यूनुस ने गैर-सांविधानिक तरीकों से देश को असुरक्षित बनाया। अब बीएनपी सरकार के सामने सामरिक रिश्तों को सुधारने की बड़ी चुनौती है।**



लगता है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार के आने के साथ ही बांग्लादेश को मोहम्मद यूनुस के चंगुल से बचा लिया गया है। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के उस चौंकाने वाले बयान पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसमें उन्होंने कहा कि अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने 18 महीने के कार्यकाल के दौरान गैर-सांविधानिक तरीकों से देश को अस्थिर करने की कोशिश की, जिसमें उन्हें हटाने की कोशिश भी शामिल थी।

राष्ट्रपति के अनुसार, उन्हें सभी फैसले लेने और उसके बाद के कामों से अलग कर दिया गया था। बांग्लादेश के सभी विदेशी मिशनों से उनकी तस्वीर हटाने का कदम सबसे ज्यादा स्पष्ट था। इस एक काम से यह स्पष्ट हो गया कि यूनुस बिना किसी से सलाह किए अपने बनाए एक बुरे एजेंडे पर काम कर रहे थे। शायद इसमें विदेशी ताकतों का भी हाथ था।



प्रशांत दीक्षित

सामरिक मामलों के जानकार

यूनुस के एकतरफा कामों के ऐसे ही कई मामले सामने आए। मार्च 2025 में चीन के दौरे के दौरान, उन्होंने राजनीतिक बयान दिए, जिसमें भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों (सेवन सिस्टर्स) को समुद्री रास्ते के लिए बांग्लादेश पर निर्भर जमीन से घिरे इलाकों के तौर पर पेश किया गया, और चीन को इस इलाके में अपना आर्थिक असर बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया गया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों की समुद्र तक सीधी पहुंच नहीं है, जिससे बांग्लादेश 'इस पूरे इलाके के समुद्र का एकमात्र रक्षक' बन गया।

बीजिंग में एक उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में, यूनुस ने सुझाव दिया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र, बांग्लादेश के जरिये चीनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का काम कर सकता है। उन्होंने बांग्लादेश के इलाके और बंदरगाह (जैसे चटगांव और मोंगला) को व्यापार के लिए इस्तेमाल करने का सुझाव दिया, ताकि चीन को इस इलाके में 'विनिर्माण, उत्पादन, विक्रय' का मौका मिले। उन्होंने ऊर्जा और बुनियादी ढांचे में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और 'पूर्वोत्तर' को शामिल करते हुए एक 'एकीकृत आर्थिक योजना' बनाने का आह्वान किया। जनवरी 2026 में सबसे चिंताजनक खबर यह आई कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अमेरिका के एक राजदूत को जो किताब तोहफे में भेंट की थी, उसमें 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्य भी शामिल थे।

इससे पहले अक्तूबर, 2025 में एक रिपोर्ट आई थी कि पाकिस्तान के जनरल शमशाद मिर्जा, जो फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बाद दूसरे नंबर के सैन्य अधिकारी हैं, संपर्क, व्यापार और रक्षा भागीदारी बढ़ाने के लिए ढाका का दौरा कर रहे थे। जनवरी, 2025 में दोनों सेनाओं के बीच रिश्ते फिर से शुरू होने के बाद से मिर्जा ढाका जाने वाले सबसे वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी हैं। खबरें थीं कि मिर्जा पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से से सटे कुछ सीमाई इलाकों का दौरा कर सकते हैं।

याद करें कि पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई ने शेख हसीना के सत्ता से हटने के कुछ ही महीनों के भीतर बांग्लादेश में अपना असर जमाने की कोशिश की। क्या अंतरिम सलाहकार ऐसी कार्रवाई को बढ़ावा दे रहे थे? एक पक्की खबर यह थी कि बांग्लादेश भारत को उसके पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले बहुत पतले कॉरिडोर 'चिकन नेक' के पास लालमोनिरहाट में एक एयर बेस बना रहा था। इससे भी बुरी बात यह थी कि इसे चीन बना रहा था, जो इस काम को पाकिस्तानी कॉन्ट्रैक्टर (ठेकेदार) के जरिये अंजाम दे रहा था।

चीन के साथ मिलकर बनाए गए जेएफ-17 लड़ाकू विमान की बिक्री के लिए पाकिस्तान के जोरदार प्रमोशन का समय कोई इत्तेफाक नहीं है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के बाद, पाकिस्तानी अधिकारियों और सैन्य नेताओं ने जेएफ-17 को 'लड़ाई में परखा हुआ' दिखाने की कोशिश की थी, और दावा किया था कि इसके ऑपरेशनल इस्तेमाल ने इसकी विश्वसनीयता साबित कर दी है।

इस तर्क पर विवाद होने और स्वतंत्र रूप से इसकी पुष्टि न होने के बावजूद, पाकिस्तान ने दुनिया भर में विमान की मार्केटिंग के लिए इसी कहानी का सहारा लिया है। हालांकि, जेएफ-17 सिर्फ अजरबैजान, नाइजीरिया और म्यांमार को ही बेचा गया है और बांग्लादेश एक खास संभावित ग्राहक के तौर पर उभरा है। यह रक्षा बातचीत पाकिस्तान-बांग्लादेश रिश्तों में आम गर्मजोशी के साथ हुई। एक दशक से ज्यादा समय के बाद, ढाका और कराची के बीच सीधी उड़ान फिर से शुरू हुई, जो राजनयिक और आम लोगों के बीच जुड़ाव में सुधार का संकेत है।

यूनुस के कार्यकाल में सैन्य संपर्क भी बढ़े थे, और आधिकारिक बयानों में दोनों तरफ से पुरानी शिकायतों से ऊपर उठकर सहयोग पर जोर दिया गया था। यूनुस सरकार की तरफ से, इन्हें कई कूटनीतिक और रक्षा चैनल खुले रखने के लिए विविधता के तौर पर बताया जा रहा था। सच में, एक सलाहकार के तौर पर, ऐसे कामों को बढ़ावा देना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। इन कामों को करने की जिम्मेदारी चुनी हुई सरकार की थी।

शेख हसीना के ढाका से पलायन के बाद जब यूनुस को अंतरिम सलाहकार नियुक्त किया गया, तो कई टिप्पणीकारों ने इस पर आश्चर्य और चिंता जताई। उनका मानना था कि यह नियुक्ति अमेरिकी 'डीप स्टेट' के प्रभाव में हुई है, जिसने नोबेल पुरस्कार पाने के बाद यूनुस को इस पद के लिए उपयुक्त मान लिया। लेकिन उनके कॅरिअर के विकास में कुछ काली परछाइयों को ताकतवर लोगों ने नजरअंदाज कर दिया।

सबसे पहले, तो यह यूनुस और ग्रामीण बैंक के लिए एक संयुक्त पुरस्कार था और बाद में यूनुस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। हालांकि, बाद में देश के भ्रष्टाचार विरोधी आयोग द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में उन्हें अंतरिम सरकार चलाने के लिए शपथ लेने के कुछ ही दिनों बाद बरी कर दिया गया। यह जल्दबाजी में लिया गया फैसला था।

जाहिर है, बीएनपी सरकार के सामने भारत और बांग्लादेश के बीच इतने वर्षों में बने सामरिक रिश्तों को हुए नुकसान को ठीक करने की चुनौती होगी। यह पता लगाने की भी जरूरत है कि क्या यूनुस एक 'अपराध के लिए उकसाने वाले' की भूमिका निभा रहे थे। ऐसा लगता है कि उनके काम बांग्लादेश के हित में नहीं थे, बल्कि वह सत्ता में अपनी जगह बनाए रखने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए थे।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



बर्ट्रेंड रसेल

मेरी इच्छा थी कि मैं मनुष्य के हृदय को समझ सकूं, यह जान सकूं कि तारे क्यों चमकते हैं और ब्रह्मांड किस नियम से संचालित होता है। मैं सत्य के उन सूक्ष्म सूत्रों को पकड़ना चाहता था, जो दृश्य और अदृश्य जगत को जोड़ते हैं।

### सत्य के सूक्ष्म सूत्रों को पकड़ने का प्रयास करें

*मेरे जीवन को तीन सरल, किंतु अत्यंत प्रबल अभिलाषाओं ने संचालित किया है-प्रेम की आकांक्षा, ज्ञान की खोज और मानव जाति के दुख के प्रति असहनीय करुणा। ये तीनों मेरे जीवन में ऐसे प्रवाहित हुए हैं, जैसे प्रचंड वायु के झोंके, जिन्होंने मुझे इधर-उधर, अनिश्चित दिशाओं तथा वेदना के विशाल सागर में भटकाया है, यहां तक कि कभी-कभी मैं निराशा के अंतिम छोर तक जा पहुंचा हूं।*

*सबसे पहले मैंने प्रेम की तलाश की, क्योंकि वह ऐसा परमानंद देता है, जिसके कुछ ही क्षणों के लिए मैं जीवन की सारी उपलब्धियां न्योछावर कर सकता था। प्रेम की खोज इसलिए भी की, क्योंकि वह उस भयानक अकेलेपन को कम करता है, जिसमें एक कांपती हुई चेतना किनारे खड़ी होकर शून्य, ठंडे व निस्संग अंधकार को निहारती है। वह अकेलापन आत्मा को भीतर तक जमा देता है और मनुष्य को स्वयं से दूर कर देता है। मैंने प्रेम इसलिए भी चाहा, क्योंकि उसके मिलन में मुझे एक रहस्यमयी झलक दिखाई देती थी, मानो संतों और कवियों द्वारा कल्पित स्वर्ग का सूक्ष्म पूर्वाभास हो। यही वह अनुभूति थी, जिसकी मैंने कामना की और अंततः मैंने उसे पा लिया। उस प्राप्ति ने मेरे अंतर्मन में एक मधुर शांति और कृतज्ञता का संचार किया।*



*उतनी ही तीव्रता से मैंने ज्ञान की खोज भी की। मेरी इच्छा थी कि मैं मनुष्य के हृदय को समझ सकूं, उसके भावों और द्वंद्वों को जान सकूं। मैं यह जानना चाहता था कि आकाश में तारे क्यों चमकते हैं और ब्रह्मांड की व्यवस्था किस नियम से संचालित होती है। मैं सत्य के उन सूक्ष्म सूत्रों को पकड़ना चाहता था, जो दृश्य और अदृश्य जगत को जोड़ते हैं। यह बौद्धिक जिज्ञासा मेरे लिए केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं थी, बल्कि आत्मा की तृप्ति का माध्यम भी थी। यद्यपि मैं इस दिशा में बहुत अधिक सफलता प्राप्त नहीं कर सका, फिर भी जो थोड़ा-बहुत समझ पाया, उसने मेरे जीवन को आलोकित किया और मेरे विचारों को व्यापकता दी।*

*प्रेम और ज्ञान मुझे ऊर्ध्व दिशा में, मानो स्वर्ग की ओर ले गए। किंतु करुणा ने मुझे बार-बार धरती पर लौटा दिया। पीड़ा की प्रतिध्वनियां मेरे हृदय में गूंजती रहीं और मुझे चैन से बैठने न दिया। अकाल से पीड़ित बच्चे, अत्याचार सहते निर्दोष लोग, असहाय वृद्ध, जो अपने ही परिवार पर बोझ समझे जाते हैं, और संसार में व्याप्त अकेलापन, ये सब उस आदर्श जीवन का उपहास करते प्रतीत होते हैं, जिसकी कल्पना हम करते हैं। जब भी मैं सुख और शांति के शिखर पर पहुंचना चाहता हूं, मानव दुख की पुकार मुझे नीचे खींच लाती है। मैं इसे कम करना चाहता हूं, परंतु अपनी सीमाओं के कारण असमर्थ रहता हूं, और इसी असमर्थता में स्वयं भी पीड़ा का अनुभव करता हूं। फिर भी आशा की एक सूक्ष्म ज्योति मेरे भीतर निरंतर जलती रहती है। यही मेरा जीवन रहा है। और यदि मुझे फिर अवसर मिले, तो मैं इसे उसी प्रकार पुनः जीना चाहूंगा।*

*- फ्रॉम द ऑटोबायोग्राफी ऑफ बर्ट्रेंड रसेल के अनूदित अंश*

### जीवन को अर्थपूर्ण बनाएं

सूत्र

*अर्थपूर्ण जीवन वही है, जिसमें हम लोगों से सच्चे दिल से प्रेम करें, लगातार सीखते रहें और दूसरों के दुख को अपना समझकर उसे कम करने का हरसंभव प्रयास करें। यही तीनों भाव मनुष्य को ऊंचा उठाते हैं, उसे संवेदनशील बनाते हैं और उसके अस्तित्व को अर्थ, गरिमा तथा प्रकाश से भर देते हैं।*

## दूसरा पहलू

*साइंस* पत्रिका के शोध के मुताबिक, अमेरिका में पक्षियों की आबादी में कमी आई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां बड़े पैमाने पर खेती होती है।

### अमेरिका में पक्षियों की संख्या क्यों घट रही है

**अमेरिका** में पक्षियों की संख्या लगातार घट रही है और अब यह गिरावट पहले से कहीं अधिक तेज होती जा रही है। *साइंस* पत्रिका में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, 1987 से 2021 के बीच पक्षियों की आबादी में उल्लेखनीय कमी आई है, खासकर उन क्षेत्रों में, जहां बड़े पैमाने पर खेती होती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्म और तेजी से गर्म हो रहे इलाकों में यह गिरावट सबसे ज्यादा देखी गई, जिससे यह संकेत मिलता है कि जलवायु परिवर्तन भी इस संकट को बढ़ा सकता है। पक्षियों को पृथ्वी पर सबसे अधिक अध्ययन किए गए जीव समूहों में माना जाता है और वे पारिस्थितिकी तंत्र की सेहत के संकेतक और प्रकृति के प्रहरी भी हैं। इसलिए, उनकी गिरती संख्या गंभीर चेतावनी मानी जा रही है।



कैटरीन आइन्हॉर्न

शुरुआत में जहां एक मार्ग पर करीब 10 पक्षी प्रतिवर्ष कम हो रहे थे, वहीं अध्ययन के अंत तक यह संख्या बढ़कर लगभग 19 तक पहुंच गई।

जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के पक्षी वैज्ञानिक पीटर पी मार्रा के अनुसार, जब हम जैव-विविधता और उन प्राकृतिक प्रणालियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिन पर मानव जीवन निर्भर करता है, तो विकास का सपना धीरे-धीरे संकट में बदल जाता है। अध्ययन में नॉर्थ अमेरिकन ब्रीडिंग बर्ड सर्वे के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिसमें लगभग 25 मील लंबे तय मार्गों पर पक्षियों की नियमित गणना की जाती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 1987 में प्रत्येक मार्ग पर औसतन 2,034 पक्षी दर्ज किए गए थे, पर 2017 तक इस संख्या में करीब 15 प्रतिशत की गिरावट आई। शोध का एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह भी है कि पक्षियों की गिरावट समय के साथ तेज होती गई। शुरुआती वर्षों में जहां एक मार्ग पर करीब 10 पक्षी प्रतिवर्ष कम हो रहे थे, वहीं अध्ययन के अंत तक यह संख्या बढ़कर लगभग 19 पक्षी प्रतिवर्ष तक पहुंच गई। वैज्ञानिकों ने 20 अलग-अलग कारकों की जांच की, जिनमें उर्वरक और कीटनाशकों का उपयोग तथा कृषि भूमि का विस्तार शामिल था। नतीजे बताते हैं कि कृषि से जुड़े लगभग सभी संकेतकों का संबंध पक्षियों की तेजी से घटती संख्या से है। हालांकि, उनका मानना है कि असली कारणों को समझने के लिए और शोध की जरूरत है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि कीटों की घटती संख्या पक्षियों के लिए बड़ा संकट बन रही है। एक अध्ययन के अनुसार, 1970 के बाद जिन पक्षी प्रजातियों की संख्या में सर्वाधिक गिरावट आई, वे वही थीं, जो कीटों पर निर्भर रहती हैं।



कृषि से जुड़े लगभग सभी संकेतकों का संबंध पक्षियों की तेजी से घटती संख्या से है। 1970 के बाद जिन पक्षी प्रजातियों की संख्या में सर्वाधिक गिरावट आई, वे वही थीं, जो कीटों पर निर्भर रहती हैं।

शहरीकरण, प्राकृतिक आवासों का नष्ट होना, कांच की इमारतों से टकराव, शिकार व जलवायु परिवर्तन जैसे कई अन्य खतरे भी पक्षियों की संख्या को प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि, वनों में रहने वाली कुछ पक्षी प्रजातियों की आबादी स्थिर या बढ़ती हुई दिखाई दी। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष है कि पक्षियों की तेजी से घटती संख्या केवल एक प्रजाति का संकट नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।

©The New York Times 2026

## आंकड़े

### बंदूक का खौफ

दुनिया भर में जमैका में बंदूक से होने वाली हत्याओं की दर सबसे ज्यादा दर्ज की गई। इसके बाद इक्वाडोर और मेक्सिको का स्थान है।

| | |
|---|---|
| जमैका | 41.9 |
| इक्वाडोर | 39.5 |
| मेक्सिको | 17.2 |
| अमेरिका | 4.4 |
| चिली | 3.3 |

आंकड़े 2023 में प्रति लाख लोगों पर हुई हत्याओं की संख्या के | स्रोत : यूएनडीओसी व यूएन जनसंख्या प्रभाग

कामदेव ने महादेव की तपस्या भंग की, तो क्रोधित होकर नीलकंठ ने अपने तीसरे नेत्र से उन्हें भस्म कर दिया। फिर पुनर्जीवित होने का वरदान भी दिया।

### श्रीकृष्ण के पुत्र बने कामदेव

**रंग** तेरस मुख्य रूप से राजस्थान और मालवा क्षेत्रों में चैत्र कृष्ण त्रयोदशी को मनाया जाता है। इस पर्व से जुड़ी सबसे प्रचलित मान्यता कामदेव और रति के प्रसंग से संबंधित है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, तारकासुर नामक राक्षस के आतंक से तीनों लोकों में त्राहि-त्राहि मची थी। उसे वरदान मिला था कि उसकी मृत्यु केवल माता पार्वती और भोलेनाथ के पुत्र के हाथों ही संभव है। लेकिन भगवान शिव कई सौ वर्षों तक चलने वाली अपनी गहरी साधना में लीन थे। तारकासुर के वध हेतु भगवान कार्तिकेय के जन्म के लिए शिवजी का जागना आवश्यक था।

देवताओं के अनुरोध पर कामदेव ने महादेव की तपस्या भंग की, किंतु क्रोधित होकर नीलकंठ ने अपना तीसरा नेत्र खोला और कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति के विलाप, माता पार्वती के आग्रह व देवताओं की विनती पर भोलेनाथ ने वरदान दिया कि कामदेव अनंग (बिना शरीर के) रूप में जीवित रहेंगे और कृष्ण अवतार के समय (द्वापर युग में) उनके पुत्र प्रद्युम्न के रूप में पुनः शरीर धारण करेंगे।



अंतर्यात्रा

संकलित

इसके बाद देवताओं ने हर्षोल्लास के साथ रंगों और अबीर से उत्सव मनाया। रंग तेरस का उत्सव उसी का प्रतीक माना जाता है। इसे अच्छी फसल की कटाई के उल्लास के रूप में भी मनाया जाता है। राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में, इसे महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता से जोड़कर भी देखा जाता है।

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 17 मार्च, 1952

### जमींदार सुप्रीम कोर्ट में फरियाद नहीं कर सकते


जमींदार सुप्रीम कोर्ट में फरियाद नहीं करसकते, एडवोकेट जनरल

यू. पी. जमींदारी उन्मूलन कानून पर बहस

**उत्तर प्रदेश के जमींदारी उन्मूलन कानून की वैधानिकता पर दिए गए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध जमींदारों द्वारा की गई बहस पर जवाब देते हुए एडवोकेट जनरल ने कहा कि जमींदारी उन्मूलन कानून को वैधानिक चुनौती नहीं दी जा सकती है।**

## गुमशुदा की तलाश है



**मानवाधिकार व शांति के संकल्प के साथ स्थापित संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक युद्धों के बीच लापता दिखना उसकी प्रासंगिकता पर सवाल खड़े करता है।**

डॉ. विवेक एस अग्रवाल

मुद्दा

दुनिया के बड़े हिस्से में धधक रही युद्ध की आग के बीच एक गुमशुदा की तलाश चल रही है, यह कोई इन्सान, माफिया या गिरोह न होकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) नाम का संगठन है। युद्ध रोकने और मानव अधिकार समेत विकास की कसमें खाकर बने इस संगठन के किसी भी अंश का अस्तित्व ही ओझल हो गया है। वर्तमान युद्ध काल में लड़ाई के संसाधन इस कदर झोंक दिए गए हैं कि उनकी गिनती करना भी दूभर हो गया है। न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र का मुख्य संगठन, बल्कि उसके प्रमुख और आनुषंगिक संगठनों ने भी पूर्णतया मौन साधकर अपने को समाधि की स्थिति में स्थापित कर लिया है।

इस संगठन का गठन 51 देशों ने 26 जून, 1946 को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में किया था। भावी पीढ़ियों को युद्ध से बचाने के उद्देश्य से लिखित प्रस्तावना पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए संस्थापक राष्ट्रों ने हस्ताक्षर भी किए थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि युद्ध रोकने के उद्देश्य से गठित संगठन की नाक के नीचे से ही वैश्विक अशांति को दिशा दी जा रही है। प्रस्तावना के अनुसार, राष्ट्रों ने संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों को युद्ध के खतरे से बचाएंगे। साथ ही, वे मूल मानवाधिकारों, मानव गरिमा और मूल्य तथा छोटे-बड़े सभी देशों की समानता में विश्वास को फिर से मजबूत करेंगे। वे ऐसे हालात बनाएंगे, जिनमें संधियों व अंतरराष्ट्रीय कानूनों से पैदा होने वाली जिम्मेदारियों का न्याय और सम्मान बना रहे, तथा स्वतंत्रता के माहौल में सामाजिक प्रगति तथा बेहतर जीवन को बढ़ावा दिया जा सके। यूएन के छह मुख्य अंग हैं, जो इसके कार्यों का संचालन करते हैं। इसके अतिरिक्त 16 विशिष्ट संस्थाओं का संचालन भी संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के तहत ही होता है। संगठन को अपेक्षित सफलता न मिलने के बाबत चर्चाएं तो विगत कुछ दशकों से दुनिया भर में चलती रही हैं, किंतु यूएन की अपने मूल उद्देश्यों के प्रति बेबसीपूर्ण शिथिलता समझ से परे है। आखिर, क्या कारण हैं कि मूल संगठन समेत समस्त ढांचा युद्ध की विभीषिका के बचाव में पहलकारी भूमिका में नहीं दिख रहा। बीते चार वर्षों के युद्ध घटनाक्रम के बाद यूएन के औचित्य पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। अमेरिका इस व्यवस्था की स्थापना से अभी तक इसका हिस्सा रहा है, किंतु वहां की सरकार ने ही सर्वप्रथम खुलेआम यूएन को औचित्यहीन माना है। शायद यही कारण है कि अमेरिका यूएन चार्टर की धज्जियां उड़ाते हुए, अपने समर्थित युद्धों की गौरवपूर्ण स्वीकृति दिए जा रहा है। रेडक्रॉस, रेड क्रिसेंट संस्थाओं की उपस्थिति भी मात्र औपचारिकता भर रह गई है।




इस परिपेक्ष्य में सर्वप्रथम रूस-यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करना उचित होगा। अनुमान के अनुसार, जहां अब तक युद्ध में करीब 20 लाख लोगों ने अपनी जिंदगी से हाथ धोया, तो इससे दोगुने लोगों को देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। असंख्य लोग घायल और बेरोजगार हो गए। क्या यह मानव अधिकारों का उल्लंघन नहीं है? यह क्रम तब से लेकर वर्तमान में चल रहे विभिन्न युद्धों तक अनवरत रूप से चला आ रहा है। एक के बाद एक हो रहे युद्धों से राष्ट्रों की संप्रभुता पर सीधा-सीधा हमला हो रहा है और वे खतरे में हैं। ऐसे में, सुरक्षा परिषद क्यों दायित्वविहीन नजर आ रही है। इस संदर्भ में तो वीटो पावर रखने वाले रूस व अमेरिका की युद्धों में सक्रिय भागीदारी ने 'जब सैंया भए कोतवाल, तो डर काहे का' कहावत को चरितार्थ कर दिया है। इन युद्धों में इस्तेमाल हो रहे बेतहाशा आयुध क्या वैश्विक तापमान, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को आहत नहीं कर रहे? यदि कर रहे हैं, तो संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का मौन समझ नहीं आता। युद्ध से सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहीं कोई हस्तक्षेप नहीं दिखा। अमेरिका व इस्राइल द्वारा ईरान के विद्यालयों को लक्षित कर किए गए हमले में सैंकड़ों मासूम बच्चों की जान चली गई। दस्त से हुई चंद मौत के बाद दुनिया भर में हल्ला मचाने वाला यूनिसेफ भी बेजुबान हो गया है।

हाल ही में, तेहरान में 16वीं सदी की ऐतिहासिक विश्व विरासत धरोहर गोलेस्तान पैलेस को युद्ध से क्षति पहुंचाई गई। यूनेस्को चुप रहा। क्या यूनेस्को की भूमिका मात्र मान्यता देने तक ही सीमित है? मान्यता से संरक्षण तो प्राप्त नहीं होता। उचित होता संरक्षण हेतु राष्ट्रों को बाध्य किया जाता। इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र के समस्त संगठन दुनिया में अपने तय एजेंडे के अतिरिक्त कहीं भी नजर नहीं आते। यदि आपातकालीन परिस्थितियां उनके लिए कोई महत्व नहीं रखतीं और राष्ट्रों को अपनी संप्रभुता की रक्षा स्वयं ही करनी है या किसी संगठन का अराजकता पर कोई अंकुश ही नहीं है, तो फिर उसके अस्तित्व पर हजारों करोड़ डॉलर प्रतिवर्ष का खर्चा क्यों किया जाए?

अतः यह आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र अपनी स्थापना की मूलभावना को क्रियान्वित करने हेतु सामने आकर अवहेलना कर रहे राष्ट्रों को पाबंद करे या चिंताओं का दिखावा करना बंद करे। यदि संयुक्त राष्ट्र को शांतिकाल तक ही अपनी भूमिका सीमित करनी है, तो वर्तमान ढांचे का पुनरावलोकन कर उसे सीमित एवं मितव्ययी संगठन के रूप में पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।

# एजुकेशन & कॅरिअर

कठिन परिश्रम से ही असंभव को संभव बनाया जा सकता है।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

जूनियर इंजीनियर, लीगल असिस्टेंट व अन्य पद खाली



911 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 25 मार्च, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष
यहां आवेदन करें : dsssb.delhi.gov.in

### बीओबी कैपिटल मार्केट्स में रिक्तियां ■ 103 पद

व्यवसाय विकास प्रबंधक का पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
31 मार्च, 2026
पात्रताएं
बारहवीं, स्नातक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
bobcaps.in

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ■ 54 पद

प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
26 मार्च, 2026
वेतनमान
लेवल-10 से लेकर लेवल-14 तक निर्धारित
यहां आवेदन करें
cuh.ac.in

### म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड ■ 265 पद

केमिकल प्रोसेस वर्कर के पदों पर आवेदन आमंत्रित
अंतिम तिथि : 27 मार्च, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष
यहां आवेदन करें : ddpdoo.gov.in

### इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड में निकली भर्ती ■ 77 पद

कनिष्ठ परियोजना अभियंता के पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
31 मार्च, 2026
वेतनमान
रुपये 30,000 से लेकर रुपये 1,20,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
ddpdoo.gov.in

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नोएडा ■ 34 पद

प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य पद खाली
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
24 मार्च, 2026
योग्यताएं
एमडी, एमएस व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

### यहां भी रोजगार की संभावनाएं...

- राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश : डिजाइनर/संकाय और एसोसिएट सीनियर संकाय आदि पद रिक्त। आवेदन की अंतिम तिथि : 30 अप्रैल, 2026
- nidmp.ac.in
- अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान, जोधपुर : प्रोजेक्ट टेक्निकल सपोर्ट का पद खाली। वॉक-इन-इंटरव्यू तिथि : 20 मार्च, 2026
- aiimsjodhpur.edu.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# क्या आप कामयाब लीडर बनना चाहते हैं

*सफल लीडर जानते हैं कि संगठन को कामयाबी सिर्फ प्रतिभाओं से नहीं मजबूत सिस्टम से मिलती है*



जेम्स फुल्टन
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

आज के समय में किसी भी संगठन की सफलता केवल कुछ प्रतिभाशाली लोगों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उस पूरे सिस्टम पर निर्भर करती है, जो प्रतिभा को सही दिशा देता है और लोगों को हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए एक सफल लीडर प्रतिभा, टीम और कार्य-प्रणाली को इस तरह जोड़ता है कि संगठन लगातार प्रगति करता रहे। साथ ही सीखना, सहयोग करना और अनुशासित कार्यप्रणाली संगठन की रोजमर्रा की संस्कृति बन जाए।

**■ काम करते-करते सीखें**
कई लीडर प्रतिभा विकास को केवल प्रशिक्षण कार्यक्रमों या सेमिनारों तक सीमित रखते हैं, लेकिन सफल लीडर ऐसा करने के बजाय काम को इस प्रकार डिजाइन करते हैं कि लोग काम करते-करते ही सीखते रहें। इसके लिए नए कर्मचारियों को चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती हैं और वरिष्ठ अधिकारी उनका मार्गदर्शन करते हैं। इससे कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी क्षमता तेजी से विकसित होती है। इस प्रकार सीखना किसी अलग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं, बल्कि काम की प्रक्रिया का हिस्सा बन जाता है।

**■ टीम संस्कृति को दें बढ़ावा**
सफल लीडर टीमवर्क को बहुत महत्व देते हैं। उनकी टीम में केवल वरिष्ठ अधिकारियों का ही नियंत्रण नहीं होता, बल्कि टीम के सभी सदस्य एक-दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे माहौल में लोग सहज रहते हैं, जिस कारण वे खुलकर अपनी बात रख पाते हैं, गलतियों से सीखते हैं और सामूहिक रूप से बेहतर परिणाम हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस स्थिति में जब टीम के भीतर उच्च मानक तय होते हैं, तो हर सदस्य उन्हें बनाए रखने की जिम्मेदारी महसूस करता है।

Harvard Business Review

**■ दिनचर्या को करें ठीक**
किसी लीडर के कार्यकाल में कुछ महत्वपूर्ण क्षण ऐसे होते हैं, जहां उन्हें गुणवत्ता और प्रदर्शन का स्तर तय करना होता है। जैसे-मीटिंग, निर्णय प्रक्रिया, प्रोजेक्ट समीक्षा आदि। सफल लीडर इन प्रक्रियाओं को स्पष्ट और अनुशासित बनाते हैं। नियमित समीक्षा, फीडबैक और सुधार की प्रक्रिया से कर्मचारी लगातार सीखते रहते हैं। ऐसे में धीरे-धीरे यह दिनचर्या संगठन की पहचान बन जाती है और उत्कृष्टता स्वाभाविक रूप से विकसित होने लगती है।




**■ बेहतरीन सिस्टम बनाएं**
किसी संगठन में उत्कृष्ट सिस्टम बनाना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होता, बल्कि यह सामूहिक नेतृत्व की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में प्रतिभा, टीम और दिनचर्या को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। यदि प्रतिभा हो, लेकिन सही दिनचर्या न हो, तो लोग गलत आदतें दोहराते रहेंगे। यदि दिनचर्या अच्छी हो लेकिन टीम सहयोग न करे, तो केवल औपचारिकता रह जाएगी। इसलिए सफल लीडर ऐसा सिस्टम बनाते हैं, जिसमें मानक स्पष्ट हों, फीडबैक जल्दी मिले और जिम्मेदारी तय हो, ताकि संगठन निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करे।

## आईआईटी, भुवनेश्वर समर इंटर्नशिप प्रोग्राम

इंटर्नशिप प्रोग्राम

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान, (आईआईटी) भुवनेश्वर की ओर से समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए छात्रों से आवेदन मंगाए गए हैं। किसी भी शैक्षणिक संस्थान में डिग्री के लिए पंजीकृत छात्र, जो बुनियादी विज्ञान, पृथ्वी, महासागर और जलवायु विज्ञान, विद्युत और कंप्यूटर विज्ञान, अवसंरचना, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन आदि से संबंधित क्षेत्रों में आईआईटी भुवनेश्वर में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन तीन से आठ सप्ताह की अवधि के लिए किया जाएगा। पर्यवेक्षक अपने प्रोजेक्ट से उपलब्ध धनराशि के आधार पर इंटर्न को फेलोशिप प्रदान कर सकते हैं। आवेदक अपनी योग्यता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/5d85sa49 पर जाकर 15 अप्रैल, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।



## एलन डब्ल्यू हेस्टन फेलोशिप-2026

आवेदन आमंत्रित

**एलन** डब्ल्यू. हेस्टन फेलोशिप के लिए दुनिया भर के स्कॉलर्स से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मूल्य स्तर (आईसीपी) और मूल्य स्तर तुलनाओं से जुड़े क्षेत्रों में आर्थिक मापन पर केंद्रित चल रहे अनुसंधान को समर्थन और बढ़ावा देना तथा नई अनुसंधान परियोजनाओं की शुरुआत करना है। इस फेलोशिप की अवधि छह से एक वर्ष निर्धारित की गई है। फेलोशिप के दौरान चयनित फेलो को आईसीपी ग्लोबल ऑफिस और आईसीपी समुदाय के डाटा तक पहुंच मिलेगी, साथ ही अनुसंधान पद्धतियों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। प्रत्येक चयनित फेलो को अधिकतम 10,000 अमेरिकी डॉलर तक की फेलोशिप राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी पात्रता की जांच कर आधिकारिक लिंक tinyurl.com/yc73kmne पर जाकर इस फेलोशिप प्रोग्राम में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है।

## यूनेस्को यूथ लीडरशिप वर्कशॉप-2026

अंतरराष्ट्रीय पहल

**यूनेस्को** यूथ लीडरशिप वर्कशॉप-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पूर्णतः वित्तपोषित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 8 से 12 जून, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्लोबल सिटीजनशिप एजुकेशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के युवा लीडर्स को सशक्त बनाना और उन्हें रचनात्मक व प्रभावी वकालत के माध्यम से अपने समुदायों में शांति, लचीलापन और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। आवेदकों का ग्लोबल सिटीजनशिप एजुकेशन से सक्रिय रूप से जुड़ा होना आवश्यक है। आवेदन के लिए उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। आवेदकों का जन्म 1998 से 2007 के बीच हुआ हो और युवा गतिविधियों में कम से कम दो वर्ष का सक्रिय अनुभव हो। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक लिंक tinyurl.com/3969den8 पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## खुद को परखें

1. नासा के वैन एलन प्रोब्स मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या था?
   (a) मंगल ग्रह के वायुमंडल का अध्ययन करना
   (b) पृथ्वी की विकिरण पट्टियों का अध्ययन करना
   (c) दूरस्थ आकाशगंगाओं का अवलोकन करना
   (d) महासागरों के तापमान की निगरानी करना
2. हाल ही में खबरों में छाई कुरुम्बा चित्रकला की उत्पत्ति मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र में हुई थी?
   (a) पश्चिमी हिमालय
   (b) छोटानागपुर पठार
   (c) दक्षिण भारत के नीलगिरी पर्वत क्षेत्र
   (d) थार रेगिस्तान
3. योग महोत्सव-2026 कहां आयोजित किया गया था?
   (a) चेन्नई
   (b) हैदराबाद
   (c) मुंबई
   (d) नई दिल्ली

उत्तर- 1.b, 2.c, 3.d

## सेज्जिल बैलिस्टिक मिसाइल

सामान्य ज्ञान



**■ क्या है**
यह एक स्वदेशी, दो चरणों वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे सज्जिल, अशूरा या डांसिंग मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है।

**■ चर्चा में क्यों**
ईरान ने सेज्जिल बैलिस्टिक मिसाइल को अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों के 54वें चरण में पहली बार सक्रिय युद्ध में तैनात किया है।

**■ इसका उद्देश्य**
इसका उद्देश्य ईरान को त्वरित प्रतिक्रिया देने वाला निवारक प्रदान करना है, जो मध्य पूर्व और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम हो। इसे विशेष रूप से इस्राइल के आयरन डोम और एरो सिस्टम जैसे परिष्कृत मिसाइल रक्षा कवच को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है।

**■ स्वदेशी रूप से विकसित**
इस मिसाइल को ईरान के एयरोस्पेस उद्योगों द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। यह मिसाइल ऊंचाई पर पैंतरेबाजी करने में सक्षम है।

## ऊर्जा

Life Dream Love

# इन्सुलिन रेजिस्टेंस को हल्के में न लें

**शरीर में रक्त शर्करा की मात्रा जब बहुत बढ़ जाती है और इन्सुलिन हार्मोन्स का असर कम हो जाता है। यह स्थिति खतरनाक है। इससे नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर और दिल से जुड़ी बीमारियां भी हो सकती हैं।**

इन्सुलिन शरीर के कई कार्यों को पूरा करने के लिए बहुत जरूरी हार्मोन है। यह कोशिकाओं में शुगर को अंदर जाने देता है, ताकि ऊर्जा का निर्माण हो सके। लेकिन जब इन्सुलिन हार्मोस का असर कम हो जाता है या इसका प्रभाव नहीं होता है, तो इस स्थिति को इन्सुलिन रेजिस्टेंस कहा जाता है। इन्सुलिन रेजिस्टेंस होने पर खून में ग्लूकोज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है और मेटाबॉलिक सिंड्रोम, नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज और दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

**■ क्यों जरूरी है :** इन्सुलिन हार्मोन को पैंक्रियाज बनाता है। यह शरीर को ब्लड शुगर यानी ज्यादा ग्लूकोज से बचाता है। दरअसल, जब हम भोजन करते हैं, तो हमारा शरीर कार्बोहाइड्रेट को तोड़कर ग्लूकोज में बदल देता है। इसके बाद इन्सुलिन की मदद से शरीर की कोशिकाएं इस शुगर को सोखकर ऊर्जा बनाती हैं, जिसे फिर शरीर हर तरह के काम के लिए उपयोग करता है।

**■ डायबिटीज से संबंध :** जब तक पैंक्रियास की कोशिकाएं इन्सुलिन के प्रति कमजोर प्रतिक्रिया को दूर करने के लिए पर्याप्त इन्सुलिन बनाते हैं, तब तक ब्लड शुगर का लेवल स्वस्थ श्रेणी में रहता है। यदि कोशिकाएं इन्सुलिन के प्रति बहुत अधिक प्रतिरोधी हो जाती हैं, तो इससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है (हाइपरग्लाइसेमिया), जो समय के साथ प्रीडायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज का कारण बनता है।

**■ लक्षणों पर ध्यान :** सबसे बड़ी चिंता की बात यही है कि इन्सुलिन रेजिस्टेंस के शुरुआती स्टेज पर इसके कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। इस कारण बहुत-से लोगों को यह समझ नहीं आता कि उन्हें इन्सुलिन रेजिस्टेंस है। हालांकि, समय बीतने के साथ इसके लक्षण नजर आने लगते हैं, जैसे-वजन का बढ़ना खासकर कमर के आस-पास, थकान महसूस होना, बार-बार भूख लगना, ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव आना, नींद की कमी, हाई ब्लड प्रेशर, बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल का बढ़ना, बार-बार यूरिन आना या अधिक प्यास लगना। इसमें दृष्टि संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा मुंहासे, त्वचा पर पैचेज और छोटे, नरम तथा हानि रहित मांसल उभार हो सकते हैं। इसके अलावा असामान्य रूप से त्वचा पर बालों का उगना या बढ़ना भी इन्सुलिन रेजिस्टेंस के लक्षण हो सकते हैं।



### नियमित जांच बेहद जरूरी है

मोटापा और त्वचा पर टैग्स (मस्से) होना इन्सुलिन रेजिस्टेंस संकेत हो सकता है। ऐसे में चिकित्सक से सलाह लेकर टेस्ट कराने चाहिए। वह आपको एचबीएवनसी और ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा होमियोस्टेटिक मॉडल असेसमेंट ऑफ इन्सुलिन रेसिस्टेंस टेस्ट भी करवाया जा सकता है, इससे पता चलता है कि आपका शरीर इन्सुलिन का कितने अच्छी तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। वहीं 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को नियमित डायबिटीज और इन्सुलिन से संबंधित ब्लड टेस्ट करवाना चाहिए, ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और इसके बचाव संबंधी कदम उठाए जा सकें। यदि परिवार में डायबिटीज या लिवर रोग का इतिहास है तो ज्यादा सतर्क रहें।



डॉ. हरप्रीत सिंह
प्रोफेसर, इंटरनल मेडिसिन, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली

**■ जीवनशैली में सुधार :** इन्सुलिन रेजिस्टेंस का सबसे बड़ा कारण मोटापा और निष्क्रिय जीवनशैली है। अधिक चीनी, मीठे पेय और प्रोसेस्ड फूड का सेवन करने से भी यह हो सकता है। आनुवंशिकी, नींद की कमी, तनाव भी इसका कारण बन सकता है। इसके अलावा स्टेरॉइड्स और एंटी-साइकोटिक्स दवाएं भी प्रभावित करती हैं।

**■ छोटे-छोटे बदलाव से राहत :** यदि आपका वजन ज्यादा है, तो इसे कम करने की कोशिश करें। वजन कम करने की शुरुआत से ही इन्सुलिन रेजिस्टेंस की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिलता है। हेल्दी खाने की आदत डालें। इसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन और अच्छे फैट्स (जैसे एवोकाडो, नट्स) शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा खाने में शक्कर और प्रोसेस्ड फूड से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा कुछ दवाइयां भी कोशिकाओं को इन्सुलिन के प्रति ज्यादा संवेदनशील बना सकती हैं। ज्यादा तनाव से शरीर में शुगर लेवल बढ़ सकता है, जिससे इन्सुलिन रेजिस्टेंस का खतरा बढ़ जाता है। तनाव को कम करने के लिए योग, ध्यान अभ्यास करें। हर रोज कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लें। नींद की कमी और क्रॉनिक तनाव दोनों ही इन्सुलिन संवेदनशीलता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**■ अगर बढ़ा रहता शुगर लेवल :** जब शरीर इन्सुलिन के लिए ठीक तरीके से प्रतिक्रिया नहीं करता है तो पैंक्रियाज जरूरत के हिसाब से इन्सुलिन नहीं बनाता है और इससे शुगर का स्तर बढ़ने लगता है। ये कई मामलों में दवाओं से भी नियंत्रित नहीं होता है। अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो इससे प्री-डायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज हो सकती है।

योग टिप्स

### कंधे और गर्दन के लिए योगाभ्यास

**सर्वाइकल** या स्पोंडिलाइटिस जैसी समस्याओं में अक्सर गर्दन और कंधों का संतुलन बिगड़ जाता है। लंबे समय तक गलत तरीके से बैठने, कंप्यूटर या मोबाइल का अधिक उपयोग करने और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में गर्दन और ऊपरी कमर आगे की ओर झुकने लगती है और कंधों की स्थिति भी असंतुलित हो जाती है। यदि इस स्थिति पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो धीरे-धीरे शरीर में झुकाव या कुबड़ जैसी स्थिति भी बनने लगती है। गर्दन और कंधों के इस असंतुलन को ठीक करने के लिए कुछ सरल अभ्यास बहुत मददगार साबित हो सकते हैं।



ढाकाराम
योगाचार्य



इसके लिए सबसे पहले किसी खुले स्थान पर सम स्थिति में खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों के बीच थोड़ा अंतर रखें, ताकि शरीर का संतुलन बना रहे। अब अपने दोनों हाथों को पीछे की ओर ले जाकर उंगलियों को आपस में जोड़ लें। इसके बाद धीरे-धीरे हाथों को पीछे की ओर खींचते हुए ऊपर उठाने का प्रयास करें। इस खिंचाव की स्थिति में लगभग एक मिनट तक बने रहें। इससे कंधों, गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों में अच्छा खिंचाव आता है और रक्त संचार बेहतर होता है। यह अभ्यास विशेष रूप से उन लोगों के लिए बहुत लाभकारी है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हैं, मोबाइल फोन देखते समय कई घंटों तक एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। ऐसे लोगों में अक्सर गर्दन और कंधों में जकड़न, दर्द और थकान की समस्या देखी जाती है।

## आज का दिन

17 मार्च, 1958

पहला सौर ऊर्जा चालित उपग्रह वैनगार्ड 1 को फ्लोरिडा के केप केनवरल से प्रक्षेपित किया गया था। इस छोटे उपग्रह का वजन चार पाउंड से भी कम था। इस उपग्रह ने 1964 में प्रसारण बंद कर दिया था।



- 1919 : अमेरिकी गायक और संगीतकार नैट किंग कोल का जन्म हुआ था।
- 1921 : ब्रिटिश कार्यकर्ता मैरी स्टॉप्स ने इंग्लैंड में पहला बर्थ कंट्रोल क्लिनिक खोला था।
- 1969 : गोल्डा मेयर इस्राइल की चौथी प्रधानमंत्री बनी थीं।
- 2005 : अमेरिकी लेखक आंद्रे नॉर्टन का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार

**आज :** चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी।
**कल :** अमावस्या पुण्य, वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले। **राहुकाल :** दिन में 12.00 से 13.30 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2082, 27 फाल्गुन मास शक 1947, चैत्र मास 05 प्रविष्टे, 28 रमजान हिजरी 1447, चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08.25 तक उपरांत अमावस्या, पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र 29.20 तक उपरांत उत्तराभाद्रपदा नक्षत्र, शुभ योग 28.00 तक उपरांत शुक्ल योग, शकुनि करण 08.25 तक उपरांत चतुष्पाद करण, चंद्रमा मीन राशि में 23.32 बजे।

■ सूर्योदय : 06.32
■ सूर्यास्त : 18.27
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** विकास के नए अवसर मिलेंगे। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** पूर्व में किए श्रम का लाभ मिलेगा। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। व्यवसाय में यथेष्ट धन लाभ होगा।

**मिथुन :** नौकरी में नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। शांति बनाए रखें।

**कर्क :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में काम की सराहना होगी। व्यवसाय में जोखिम जमानत से बचें।

**सिंह :** कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या :** राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। नौकरी में पद भार बढ़ सकता है। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**तुला :** मानसिक तनाव से बचें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ होगा।

**वृश्चिक :** दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी। योजना में अल्प सफलता मिलेगी। नौकरी में श्रम की अधिकता रहेगी।

**धनु :** नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। अटका धन मिल सकता है। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**मकर :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में नई परेशानी आ सकती है। स्वजनों से मनमुटाव संभव है।

**कुंभ :** आत्मबल बना रहेगा। नौकरी प्राप्ति के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यवसाय में अचानक उत्तम लाभ होगा।

**मीन :** नई योजना में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक स्थिति सुखद रहेगी।

## जन्मदिन



साइना नेहवाल, बैडमिंटन खिलाड़ी

**इस** वर्ष लोकप्रियता में वृद्धि होगी। किसी मनोइच्छा पूर्ति का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। सुख साधनों पर व्यय होगा। अविवाहितों के विवाह प्रस्ताव आएंगे। वर्ष की द्वितीय तिमाही में नौकरी प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नए कार्य में पूंजी निवेश हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | 9 | |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| 2 | | | | 8 | | | | 3 |
| | 8 | | | 7 | | 5 | 1 | |
| | 4 | | | | | | 8 | |
| | 3 | 7 | | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | 4 | | | | 5 |
| | 9 | | | 5 | 2 | | | |
| | 1 | | 8 | | | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### रिसर्च कहती है मोटापा घटाता है अनानास

*अनानास बाहर से सख्त और कंटीला जरूर होता है, लेकिन इसका खट्टा-मीठा रस कई गुणों से भरपूर होता है।*

**अनानास** यानी पाइनएप्पल खाने से ही नहीं, बल्कि इसके जूस का सेवन करने से भी सेहत में सुधार होता है। कई शोधों में पाया गया है कि अनानास का रस वसा चयापचय को नियंत्रित करके मोटापे को कम करने में सहायक है। इस जूस में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। इससे मसूड़ों और दांतों को मजबूती मिलती है। अनानास में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मसूड़ों की सूजन को कम करते है। इसमें कैल्शियम, फाइबर, विटामिन सी होता है, जो अपच में राहत देता है। इस जूस में मौजूद पोटैशियम, सोडियम को संतुलित करके बीपी को नियंत्रित रखता है। अनानास में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सांस की बीमारियों में राहत देते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन सी सर्दी-जुकाम से बचाव करता है और इम्युनिटी को बढ़ाता है। अनानास में ब्रोमलैन तत्व होता है, जो दिल को सेहतमंद रखता है। अनानास के जूस में पाया जाने वाला विटामिन ए और बी उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है, जिनके नाखून कमजोर होकर बार-बार टूट जाते है या उनमें दरारें पड़ जाती हैं। इस जूस का नियमित सेवन करने से नाखून मजबूत होते हैं।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**अनानास में मौजूद उच्च एसिड और ब्रोमेलिन एंजाइम से एलर्जी, पेट में जलन, एसिडिटी, या होठों में सूजन हो सकती है। इसे कच्चा या अधिक न खाएं। गर्भवती महिलाएं, डायबिटीज रोगी चिकित्सक की सलाह लें।**
-पायल शर्मा, आहार विशेषज्ञ

# सीआईए का रेड अलर्ट

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने 'क्रेडिबल थ्रेट' का अलर्ट जारी किया है। उसके बाद से अमेरिका में और घबराहट देखी जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस के अंडर ग्राउंड के बंकर में सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से वह अपना ज्यादा समय बंकर में बिता रहे हैं। व्हाइट हाउस में बना बंकर सुरक्षा के लिहाज से बेहद अत्याधुनिक है। इसे राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए आपातकालीन परिस्थितियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इस बंकर की लंबाई 761 फीट, चौड़ाई 10 फीट और ऊंचाई 7 फीट है। यहां हवा, पानी, भोजन और संचार जैसी सभी अत्याधिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ईरान ने हाल ही में मध्य पूर्व देशों के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से घातक हमले किए हैं। इन हमलों को अमेरिका और इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीरता से लिया है। ईरान के पास इन दिनों चीन, रूस और नॉर्थ कोरिया के भी हथियार होने की संभावना देखी जा रही है। ईरान के पास बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियार हैं। हथियारों के संबंध में जानकारी अमेरिका और इजरायल को तब लग पा रही है, जब ईरान उनका उपयोग कर रहा है। जिससे अमेरिका में राष्ट्रपति और महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा का खतरा, गंभीर चेतावनी बनकर सामने आया है। हालांकि ईरान के पास सीधे अमेरिका तक मार करने वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें या फाइटर जेट्स उपलब्ध नहीं हैं। फिर भी अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियों को ड्रोन हमले, क्रूज मिसाइल, स्लीपर सेल तथा ईरान को जिस तरह के हथियारों से युद्ध में सहायता मिल रही है, उसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के ऊपर खतरा बढ़ गया है। यही वजह है, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने तत्काल रेड अलर्ट जारी करके सुरक्षा इंतजाम में भारी बदलाव किए हैं। इसमें सर्वोपरि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा व्यवस्था है। इसलिए ट्रम्प को सुरक्षा कर्मियों ने बंकर में रहने की सलाह दी है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है, अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी और सैन्य क्षमता कितनी भी अत्याधुनिक और बड़ी क्यों न हो, सुरक्षा के मामलों में अमेरिका हमेशा सतर्क रहता है। ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह खामनेई की हत्या के बाद ट्रम्प के लिए खतरा और बढ़ गया है। ईरान की ओर से लगातार धमकी मिल रही है। ईरान बातचीत करने के लिए कहीं से भी तैयार नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति को सुरक्षित रखने के लिए बंकर का उपयोग किया जा रहा है। जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान द्वारा निशाने पर लिया जा रहा है। उसको देखते हुए ट्रंप की सुरक्षा अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। अमेरिका में बंकर की व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पर्ल हार्बर जैसे हमले का मुकाबला करने के लिए आपात स्थिति को ध्यान में रखकर बनाई गई थी, जिसका अब उपयोग होने जा रहा है। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच का यह तनाव वैश्विक राजनीति और सुरक्षा के लिहाज से गंभीर घटना है, जो यह दिखाता है, ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका की यह जंग केवल मिसाइल या जेट्स तक सीमित नहीं है। साइबर हमले, ड्रोन स्ट्राइक और आतंकवादी नेटवर्क भी अमेरिका और इजरायल के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी खुफिया इनपुट को हल्के में नहीं ले रही हैं। उनके लिए राष्ट्रपति की सुरक्षा सर्वोपरि है। सीआईए का यह रेड अलर्ट, राष्ट्रपति ट्रंप को बंकर में सुरक्षित रखने की रणनीति, अमेरिका की सतर्कता और युद्ध के आधुनिक स्वरूप के रूप में मिल रही चुनौती को दर्शाता है। वर्तमान का यह घटनाक्रम साबित करता है, कि वैश्विक राजनीति में हथियार, नवीनतम उपकरणों की शक्ति, खुफिया सुरक्षा तथा अत्याधुनिक रक्षा प्रणाली, संचार माध्यम युद्ध के दौरान बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिस तरीके से हथियारों में बदलाव आ रहा है। छोटे-छोटे से हथियार बड़े घातक स्वरूप में सामने आ रहे हैं। कम कीमत के छोटे-छोटे हथियार बड़े हथियारों के मुकाबले ज्यादा घातक और बड़े प्रभावी रुप से सामने आये हैं। उसने महाशक्तियों के लिए भी एक नई चुनौती तैयार कर दी है। वर्तमान में युद्ध के दौर में जिस तरह के परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, उसने दुनिया के सभी देशों में हैरानी पैदा कर दी है। हथियारों और युद्ध के जो परंपरागत स्रोत थे, उनका स्थान अब नवीनतम तकनीकी के हथियार ले रहे है। जो अर्थव्यवस्था में बदलाव का सबसे बड़ा संकेत है। वर्तमान युद्ध ने यह बता दिया है, कि युद्ध ताकत से नहीं जीता जा सकता है। युद्ध जीतने के लिए और भी बहुत सारे उपाय करने होंगे। अन्यथा बड़ी से बड़ी महाशक्ति छोटे-छोटे देश का मुकाबला नहीं कर सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 4 साल से युद्ध चल रहा है। रूस महाशक्ति होते हुए भी अभी तक यूक्रेन को पराजित नहीं कर पाया है। यह सब नवीनतम तकनीकी के कारण सम्भव हो पाया है। पहली बार अमेरिका को इसका अहसास हो रहा है। ईरान के मामले में यदि अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरु करने के पूर्व जरा भी गंभीरता बरती होती, तो उन्हें इस तरह का भारी नुकसान नहीं उठाना पड़ता।

# काम आई पीएम मोदी की कूटनीति

|| मनोज कुमार अग्रवाल ||

अमेरिका और इजरायल के ईरान के साथ चल रहे विनाशकारी युद्ध के बीच पीएम मोदी और ईरान के राष्ट्रपति की वार्ता के बाद ईरान ने भारतीय जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने का संकेत दिया है। ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने कहा कि भारत हमारा मित्र है और जल्द ही भारतीय जहाजों को रास्ता मिलेगा।

ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच वैश्विक ईंधन संकट गहराता जा रहा है। इस तनावपूर्ण माहौल में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान की नीति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि यह समुद्री रास्ता सबके लिए बंद नहीं है, बल्कि केवल चुनिंदा देशों के लिए प्रतिबंधित है।

बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की लगभग 20% तेल आपूर्ति का मुख्य रास्ता है। पिछले महीने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद से तेहरान ने इस मार्ग पर नाकेबंदी सख्त कर दी है जिससे तेल और गैस की सप्लाई रुक गई है और पूरी दुनिया में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं।आज के वैश्वीकरण के दौर में दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला संघर्ष केवल स्थानीय नहीं रह जाता, बल्कि उसके प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जाते हैं। पश्चिम एशिसया में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव भी ऐसा ही एक उदाहरण है। भौगोलिक दृष्टि से भारत इन देशों से हजारों किलोमीटर दूर है, लेकिन आर्थिक, रणनीतिक और मानवीय संबंधों के कारण इस युद्ध के प्रभाव से भारत अछूता नहीं है। अमरीका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। उसके मुख्य नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सहित वरिष्ठ नेताओं और महत्त्वपूर्ण सैन्य जरनैल इस हमले में मारे गए थे। इनका युद्ध तो चाहे दो सप्ताह पहले ही शुरू हुआ था, परन्तु ईरान और इज़रायल की दुश्मनी दशकों पुरानी है। ईरान ने इज़रायल का अस्तित्व मिटाने का पहले से ही संकल्प लिया हुआ है। इज़रायल न सिर्फ उससे पूरी टक्कर ले रहा है अपितु नज़दीक के कई अरब क्षेत्रों, जिनमें फिलिस्तीनियों ने शरण ली हुई है, पर भी समय-समय पर कब्ज़ा करके वहां उसके द्वारा अपनी स्थायी बस्तियां बना ली गई हैं।चाहे लम्बी अवधि व्यतीत होने के बाद ज्यादातर अरब देश इज़रायल के अस्तित्व को स्वीकार भी करने लगे हैं और उसके साथ किसी न किसी रूप में अपने संबंध भी बहाल कर रहे हैं परन्तु ईरान ने नज़दीकी देश लेबनान में हिजबुल्ला जैसे कट्टर संगठन और यमन में हूती संगठन के साथ-साथ गाजा पट्टी में हमास गुरिल्लों को दशकों से सहायता देकर उन्हें इजरायल से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार किया हुआ है, जो समय-समय पर इस पर हमले भी करते रहते हैं। इस बार इस लड़ाई की शुरुआत भी गाजा पट्टी में प्रशासन चला रहे हमास संगठन द्वारा 7 अक्तूबर, 2023 को पहले इज़रायल पर हमला किया गया था, जिसके बाद यह लड़ाई गम्भीर रूप धारण करती रही, जिसकी भेंट 80,000 से अधिक गाजा पट्टी में बसे हुए फिलिस्तीनी भी चढ़ गए परन्तु इसके साथ-साथ दोनों देशों की आपसी दुश्मनी लगातार और भी बढ़ती गई। अब शुरू हुई इस लड़ाई में जहां अमरीका द्वारा ईरान का प्रत्येक पक्ष से भारी नुकसान किया जा रहा है, वहीं ईरान की ओर से भी



**बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की लगभग 20% तेल आपूर्ति का मुख्य रास्ता है। पिछले महीने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद से तेहरान ने इस मार्ग पर नाकेबंदी सख्त कर दी है जिससे तेल और गैस की सप्लाई रुक गई है और पूरी दुनिया में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं।आज के वैश्वीकरण के दौर में दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला संघर्ष केवल स्थानीय नहीं रह जाता, बल्कि उसके प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जाते हैं। पश्चिम एशिसया में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव भी ऐसा ही एक उदाहरण है। भौगोलिक दृष्टि से भारत इन देशों से हजारों किलोमीटर दूर है, लेकिन आर्थिक, रणनीतिक और मानवीय संबंधों के कारण इस युद्ध के प्रभाव से भारत अछूता नहीं है। अमरीका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। उसके मुख्य नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सहित वरिष्ठ नेताओं और महत्त्वपूर्ण सैन्य जरनैल इस हमले में मारे गए थे। इनका युद्ध तो चाहे दो सप्ताह पहले ही शुरू हुआ था, परन्तु ईरान और इज़रायल की दुश्मनी दशकों पुरानी है।**

वैकल्पिक रूप में इज़रायल और खाड़ी देशों के उन देशों पर हमले किए जा रहे हैं, जिनमें अमरीकी अड्डे स्थापित हैं। यह लड़ाई तेल और गैस से भरपूर खज़ानों वाले देशों में हो रही है, जिसका सीधा प्रभाव विश्व भर के देशों पर पड़ रहा है। कच्चे तेल के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में आयात की जाती महत्त्वपूर्ण खाद की भी बड़ी कमी महसूस की जाने लगी है।

आपको बता दें भारत में 80 प्रतिशत से भी अधिक कच्चे तेल और यूरिया का आयात किया जाता है। इसीलिए इस युद्ध का सीधा प्रभाव देश पर पड़ा है। इससे एक तरह से हाहाकार मचा हुआ दिखाई देने लगा है। युद्ध लम्बा होने की आशंका से लोगों में बेचैनी और परेशानी लगातार बढ़ रही है। देश भर में पेट्रोल और डीज़ल के साथ-साथ रसोई गैस की भी भारी किल्लत पैदा होने के समाचार मिलने शुरू हो गए हैं, जिस कारण इन वस्तुओं की मांग एकाएक बढ़ गई है, जिसकी शीघ्र पूर्ति करना बेहद कठिन है। चाहे ऊर्जा मंत्री लगातार संसद में यह बयान दे रहे हैं कि इन ज़रूरी वस्तुओं की कमी नहीं आने दी जाएगी और यह भी कि इसके बड़े भंडार देश में हैं परन्तु इसके बावजूद जिस तरह अफवाहें फैल रही हैं और सप्लाई संबंधी अनिश्चितता बढ़ती जा रही है, उसे लेकर देश भर में गैस एजेंसियों के समक्ष भीड़ एकत्रित होना शुरू हो गई है। पेट्रोल और डीज़ल के साथ-साथ गैस की मांग भी चार गुणा बढ़ गई है, जिससे हालात बेकाबू होने लगे हैं। स्थिति का लाभउठाकर जमाखोरी और काला बाज़ारी का धंधा भी प्रफुल्लित होने लगा है। मांग बढ़ने से पम्पों पर पैट्रोल और डीज़ल की सप्लाई में देरी होने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों से किसानों और अन्य द्वारा भारी मात्रा में डीज़ल और पेट्रोल खरीदने के समाचार प्राप्त होने शुरू हो गए हैं। विपक्षी पार्टियों ने चल रहे संसद अधिवेशन में और बाहर इन वस्तुओं की आपूर्ति के विरुद्ध कड़ी बयानबाज़ी और प्रदर्शन करने शुरू कर दिए हैं।इस संबंध में पैट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप पुरी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्थिति के संबंध में डर का माहौल पैदा करने का यत्न करने वाले लोगों की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि मौजूदा संकट से कोई भी देश बच नहीं सका परन्तु सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को बनाये रखने के लिए पूरा यत्न कर रही है। उन्होंने जहां जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोगों को चेतावनी दी है, वहीं राज्य सरकारों को भी ऐसी स्थिति पर नज़र रखने के लिए कहा है, परन्तु हालात ऐसे बन रहे हैं कि देश में ज्यादातर स्थानों पर व्यापारिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कमी के कारण होटल कारोबार और उद्योग पर प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। गैस के लिए ज्यादातर स्थानों पर ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी गई है। राजधानी दिल्ली में भी कई रैस्टोरेंट और दुकानें बंद रहीं। एक अनुमान के अनुसार 70 प्रतिशत रैस्टॉरेंटों का काम प्रभावित हुआ है। गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं, जिस कारण स्थान-स्थान पर उलझन भरी स्थिति बन गई है।

आपको पता है कि भारत के लिए इस युद्ध के प्रभाव से बच पाना बेहद कठिन है। सरकार के समक्ष पैदा हो रही यह स्थिति एक बड़ी चुनौती है। पहले ही चिन्तावान हुई केन्द्र सरकार को बड़ी तत्परता दिखाते हुए इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए बड़े यत्न करने की ज़रूरत होगी।युद्ध की स्थिति में सरकार पर अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने का दबाव भी बढ़ जाता है। हाल के समय में हजारों भारतीयों को युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से निकालने की कोशिशें भी की गई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऐसे संघर्ष केवल कूटनीतिक मुद्दे नहीं होते, बल्कि मानवीय संकट भी पैदा कर सकते हैं। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत रणनीतिक स्वायत्तता रहा है। इसका अर्थ है कि भारत किसी एक शक्ति गुट के साथ पूरी तरह से जुड़ने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर संतुलित नीति अपनाता है। पश्चिम एशिया के इस संघर्ष में भारत के सामने यही सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती है। इजरायल भारत का एक महत्वपूर्ण रक्षा सहयोगी है और कृषि तथा तकनीकी क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। वहीं अमेरिका के साथ भारत के सामरिक और आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। दूसरी ओर ईरान भी भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके अलावा ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से भी ईरान का महत्व रहा है। ऐसे में भारत को इन तीनों देशों के साथ संतुलन बनाए रखना होगा, जो कूटनीतिक दृष्टि से बेहद जटिल कार्य है। इस वैश्विक अनिश्तिता के बीच भारत सरकार भी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है।। भारत जैसे बड़े और उभरते हुए देश के लिए यह स्थिति एक कठिन परीक्षा है। उसे ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा बनाए रखने, वैश्विक व्यापार को संतुलित रखने और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने जैसे कई मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। आज की दुनिया में किसी भी संघर्ष की गूंज सीमाओं के भीतर नहीं रहती। इसलिए भारत को अपनी रणनीति में सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता बनाए रखनी होगी। यही नीति उसे इन वैश्विक चुनौतियों के बीच स्थिरता और विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी।

# पांच राज्यों में चुनावी बिगुलः चुनाव का पर्व-हम सबका गर्व

||किशन सनमुखदास भावनानी ||

चुनावी महाकुंभ- दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र जब चुनावी प्रक्रिया से गुजरता है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की शक्ति का प्रतीक बन जाता है।

पांच राज्यों के चुनावों के नतीजे केवल इन राज्यों की सरकारों को तय नहीं करेंगे बल्कि आने वाले वर्षों में भारत की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और दशा को भी प्रभावित कर सकते हैं -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में एक बार फिर चुनावी महापर्व का शंखनाद हो चुका है। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत यही है कि सत्ता का निर्धारण जनता के मत से होता है और यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इसी कड़ी में भारतीय चुनाव आयोग ने पांच महत्वपूर्ण राज्यों पश्चिम बंगाल तमिलनाडु,असम केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा कर दी है। इन चुनावों को केवल पांच राज्यों की सत्ता की लड़ाई के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय राजनीति,भविष्य की रणनीति और लोकतांत्रिक परिपक्वता का एक बड़ा संकेतक भी साबित होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनावी कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा जारी किया गया, जिसके साथ ही पूरे देश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।घोषित कार्यक्रम के अनुसार पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा,जबकि मतगणना 4 मई को होगी। तमिलनाडु में एक ही चरण में 23 अप्रैल को मतदान और 4 मई को परिणाम घोषित होंगे।असम,केरल औरपुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा और इन राज्यों के परिणाम भी 4 मई को सामने आएंगे। यह चुनाव कार्यक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों के नतीजे एक ही दिन घोषित होंगे, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में एक साथ बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।चुनाव आयोग के अनुसार इस बार लगभग 7.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और लगभग 2.18 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अकेले पश्चिम बंगाल में ही 80 हजार से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह आंकड़े भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की विशालता को दर्शाते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारत में होने वाले चुनाव केवल राष्ट्रीय घटना नहीं होते बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निगाहें भी इन पर टिकी रहती हैं। दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र जब चुनावी प्रक्रिया से गुजरता है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की शक्ति का प्रतीक बन जाता है। यही कारण है कि इन पांच राज्यों के चुनावों को एक प्रकार से चुनावी महाकुंभ कहा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों के नतीजे केवल इन राज्यों की सरकारों को तय नहीं करेंगे बल्कि आने वाले वर्षों में भारत की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और दशा को भी प्रभावित कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम क्षेत्रीय दल बनाम राष्ट्रीय दलः सियासी संघर्ष इस विशेष पहलू को समझने की करें तो इन चुनावों का सबसे बड़ा पहलू यह है कि तीनमहत्वपूर्ण राज्यों,पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लंबे समय से क्षेत्रीय दलों का मजबूत वर्चस्व रहा है।इन राज्यों में राष्ट्रीय स्तर पर सत्तारूढ़ पार्टी अभी तक सत्ता में नहीं आ सकी है। इसके विपरीत असम में बीजेपी सत्ता में है और वह तीसरी बार सत्ता में लौटने कीकोशिश कर रही है, जबकि पुडुचेरी में भी वह दूसरी बार सरकार बनाने की रणनीति पर काम कर रही है।इस प्रकार




यह चुनावक्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों और राष्ट्रीय दलों के बीच शक्ति संतुलन की परीक्षा भी माना जा रहा है।

साथियों बात अगर हम पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अग्निपरीक्षा को समझने की करें तो,पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार सबसे अधिक चर्चा में है।राज्य की राजनीति पिछले डेढ़ दशक से ममता बनर्जी और उनकी पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 2011 से लगातार सत्ता में रहने के कारण इस बार उनके सामने सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है।यदि ममता बनर्जी चौथी बार मुख्यमंत्री बनने में सफल होती हैं तो यह भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।दूसरी ओर बीजेपी राज्य में सोनार बांग्ला के नारे के साथ अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पार्टी के शीर्ष नेताओं का मानना है कि हिंदुत्व, विकास और भ्रष्टाचार के मुद्दों के आधार पर वह राज्य में मजबूत चुनौती पेश कर सकती है।पश्चिम बंगाल विधानसभा में कुल 294 सीटें हैं। पिछले चुनाव में टीएमसी ने 213 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि बीजेपी को 77 सीटें मिली थीं।कांग्रेस और वामपंथी दलों का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा था।यही कारण है कि इस बार चुनावी गणित काफी दिलचस्प बन गया है। भाजपा की रणनीति यह है कि कांग्रेस और वाम दलों के कमजोर होने से जो वोट बैंक खाली हुआ है, उसे अपने पक्ष में किया जाए। वहीं टीएमसी अपनी कल्याणकारी योजनाओं और मजबूत संगठन के आधार पर सत्ता बचाने की कोशिश कर रही है।

साथियों बात अगर हम असमः सत्ता बरकरार रखने की चुनौती को समझने की करें तो,असम में राजनीतिक समीकरण कुछ अलग हैं। यहां बीजेपी पहले से ही सत्ता में है और तीसरी बार सरकार बनाने के लिए प्रयासरत है।राज्य में कुल 126 विधानसभा सीटें हैं और पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने अपने संगठन को काफी मजबूत किया है। हालांकि विपक्षी दल भी गठबंधन के जरिए चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। असम का चुनाव इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि पूर्वोत्तर भारत में भाजपा की राजनीतिक पकड़ का यह एक बड़ा केंद्र बन चुका है।केरल वैचारिक राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र।

साथियों बात अगर हम केरल भारतीय राजनीति का एक अनूठा उदाहरण है इसको समझने की करें तो यहाँ सत्ता अक्सर दो बड़े गठबंधनों के बीच बदलती रहती है। राज्य की राजनीति में वामपंथी दलों और कांग्रेस केनेतृत्व वाले गठबंधन का प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है। यहां भाजपा अभी तक सत्ता के करीब नहीं पहुंच सकी है। 140 सीटों वाली केरल विधानसभा में इस बार भी मुख्य मुकाबला पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवों के बीच ही देखने को मिल सकता है। हालांकि भाजपा अपने संगठन के विस्तार के माध्यम से यहां धीरे-धीरे अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

## चिंतन

# अंटार्कटिका में सूक्ष्म जीव 'हवा से ऊर्जा' लेकर सर्दियों में भी रहते हैं सक्रिय

अंटार्कटिका की लंबी और अंधेरी सर्दियों में तापमान शून्य से काफी नीचे चला जाता है और कई क्षेत्रों में अप्रैल से अगस्त तक सूरज नहीं निकलता, लेकिन तब भी वहां जीवन पूरी तरह नहीं रुकता। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका के सूक्ष्मजीव हवा में मौजूद गैसों से ऊर्जा लेकर बेहद ठंडे मौसम में भी सक्रिय बने रहते हैं। 'द आईएसएमई' जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि अंटार्कटिका के कुछ सूक्ष्मजीव शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे तक के तापमान में भी वातावरण से हाइड्रोजन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों का उपयोग कर ऊर्जा बना सकते हैं। यह खोज यह समझने में मदद करती है कि अत्यधिक ठंडे और कठोर वातावरण में जीवन कैसे जीवित रहता है और भविष्य में जलवायु परिवर्तन इस प्रक्रिया को किस तरह प्रभावित कर सकता है। सामान्यतः पृथ्वी के अधिकतर स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों में खाद्य श्रृंखला का आधार प्रकाश संश्लेषण होता है। पौधे सूर्य के प्रकाश और वातावरण से कार्बन लेकर ऊर्जा और जैविक पदार्थ का निर्माण करते हैं। लेकिन अंटार्कटिका की शुष्क और ठंडी मिट्टी में सूर्य का प्रकाश लंबे समय तक उपलब्ध नहीं होता और वहां प्रकाश संश्लेषण करने वाले जीव बहुत कम पाए जाते हैं। ऐसे में सूक्ष्मजीवों के लिए ऊर्जा प्राप्त करने का तरीका अलग होता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार ₹एरोट्रॉफी₹ नामक प्रक्रिया अंटार्कटिका के सूक्ष्मजीवों को जीवित रहने में मदद करती है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीव विशेष एंजाइमों की मदद से वातावरण में बेहद कम मात्रा में मौजूद हाइड्रोजन और कार्बन मोनोऑक्साइड को पहचानते हैं और उनसे ऊर्जा बनाते हैं। पोषक तत्वों की कमी वाले अंटार्कटिका के रेगिस्तानी इलाकों में यह क्षमता उनके लिए एक बड़ा लाभ है। शोधकर्ताओं ने 2022 से 2024 के बीच पूर्वी अंटार्कटिका के अलग-अलग क्षेत्रों से सतह की मिट्टी के नमूने एकत्र किए और प्रयोगशाला में उनका विश्लेषण किया। उन्होंने यह मापा कि सूक्ष्मजीव वातावरणीय गैसों का कितनी तेजी से उपयोग करते हैं। इसके अलावा मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीवों का डीएनए निकालकर उसका अनुक्रमण किया गया, जिससे यह पता लगाया जा सके कि वहां कौन-कौन से सूक्ष्मजीव मौजूद हैं और वे ऊर्जा के लिए किन स्रोतों का उपयोग करते हैं। प्रयोगों में पाया गया कि यह प्रक्रिया गर्मियों के औसत तापमान (लगभग 4 डिग्री सेल्सियस) और सर्दियों के तापमान (शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे) दोनों स्थितियों में सक्रिय रहती है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि हाइड्रोजन और कार्बन मोनोऑक्साइड पूरे वर्ष इन सूक्ष्मजीवों के लिए ऊर्जा का स्रोत बने रहते हैं।अध्ययन में एक और रोचक तथ्य सामने आया कि ये सूक्ष्मजीव 75 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर भी हाइड्रोजन से ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं, जबकि अंटार्कटिका की मिट्टी का तापमान शायद ही कभी 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह दर्शाता है कि ये सूक्ष्मजीव अत्यधिक ठंड के अनुरूप तो ढल चुके हैं, लेकिन केवल उसी तक सीमित नहीं हैं। डीएनए विश्लेषण से यह भी पता चला कि अंटार्कटिका की मिट्टी में मौजूद अधिकतर सूक्ष्मजीवों में हाइड्रोजन से ऊर्जा प्राप्त करने वाले जीन मौजूद हैं और उनमें से कई वातावरण से कार्बन भी ग्रहण कर सकते हैं। इस कारण इन्हें ₹प्राथमिक उत्पादक₹ माना जाता है, क्योंकि वे हवा से ही नई जैविक सामग्री तैयार करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि अंटार्कटिका की कई जगहों पर एरोट्रॉफी ही खाद्य श्रृंखला का आधार बनती है। इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि यह वर्षभर हो सकती है और इसके लिए तरल पानी की आवश्यकता नहीं होती, जबकि प्रकाश संश्लेषण के लिए पानी जरूरी होता है। अध्ययन में यह भी आकलन किया गया कि वैश्विक तापवृद्धि का इस प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? शोधकर्ताओं के अनुसार, कम उत्सर्जन वाले परिदृश्यों में सूक्ष्मजीवों द्वारा वातावरणीय हाइड्रोजन के उपयोग की दर लगभग चार प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जबकि अत्यधिक उत्सर्जन की स्थिति में यह वृद्धि 35 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।हालांकि हाइड्रोजन स्वयं ग्रीनहाउस गैस नहीं है, लेकिन यह वातावरण में मीथेन जैसी गैसों की अवधि को प्रभावित करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार विश्व भर में मिट्टी और उसमें रहने वाले सूक्ष्मजीव पृथ्वी पर उपयोग होने वाली लगभग 82 प्रतिशत हाइड्रोजन को अवशोषित करते हैं, इसलिए वे वैश्विक हाइड्रोजन चक्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन अंटार्कटिका के विशिष्ट सूक्ष्मजीव पारिस्थितिक तंत्र को समझने और यह जानने में मदद करता है कि बदलती जलवायु परिस्थितियों के बीच ये तंत्र कितने लचीले और टिकाऊ साबित हो सकते हैं।

(द कन्वरसेशन)



पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मॉस्को को निशाना बनाने आए यूक्रेन के 250 ड्रोन मार गिराए

एजेंसी। मॉस्को

रूस की वायुरक्षा प्रणाली ने सप्ताहांत में राजधानी मॉस्को को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन की ओर से भेजे गए 250 ड्रोन मार गिराए। शहर के महापौर सर्गेई सोब्यानिन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

महापौर का यह बयान ऐसे समय आया है जब सोमवार सुबह कुछ प्रमुख हवाई अड्डों को उड़ानों की संख्या में कटौती करनी पड़ी।

सोब्यानिन ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, "रक्षा मंत्रालय की वायु रक्षा प्रणाली को उनके पेशेवर और समर्पित कार्य के लिए धन्यवाद।" उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी की ओर या रक्षा की दूसरी पंक्ति की ओर बढ़ रहे 250 स्थिर डैनों वाले ड्रोन को मार गिराया गया।

यूक्रेन ने 14 मार्च को मॉस्को को निशाना बनाने के लिए बड़े पैमाने पर



हमलों की शुरुआत की। राजधानी की ओर बढ़ते समय कुल 159 ड्रोन को मार गिराया गया। इन हमलों की वजह से सोमवार को प्रमुख हवाई अड्डों पर परिचालन सीमित करना पड़ा। मोस्कवा 24 चैनल ने जानकारी दी, "हवाई सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण, राजधानी के डोमोडेडोवो और ज़ुकोवस्की हवाई अड्डे वर्तमान में संबंधित अधिकारियों के समन्वय से उड़ानों का परिचालन कर रहे हैं।"

यात्रियों को सलाह दी गई कि वे संभावित उड़ान पुनर्निर्धारण के लिए अपने हवाई अड्डों की ऑनलाइन समय सारिणी की जांच करें। दक्षिण-पश्चिम मॉस्को में स्थित एक अन्य व्यस्त हवाई अड्डा, वनुकोवो भी हवाई यातायात के लिए बंद प्रतीत हो रहा था क्योंकि वहां से कोई भी विमान उड़ान भरता या उतरता हुआ नहीं देखा गया।

## गाजा में इजराइली हमले में दो बच्चों और एक गर्भवती महिला समेत 12 लोग मारे गये

**एपी, काहिरा।** युद्ध प्रभावित गाजा पट्टी में रविवार को इजराइली हवाई हमले में दो लड़कों, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 12 फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि रविवार सुबह गाजा में नुसेरात के शहरी शरणार्थी शिविर में एक घर पर हुए हमले में चार लोग मारे गए, जिनमें करीब 30 साल का एक दंपति और उसका 10 वर्षीय बेटा शामिल है।

अस्पताल के अनुसार महिला गर्भवती थी और गर्भ में जुड़वा शिशु थे। चौथे मृतक 15 वर्षीय एक किशोर को नुसेरात के अवदा अस्पताल ले जाया गया। हमास शासित गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार दोपहर एक और हमला किया गया तथा जावैदा शहर के प्रवेश द्वार पर दक्षिण-उत्तर सलाह अल-दीन मार्ग एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में मध्य गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ समेत आठ पुलिस अधिकारी मारे गए। इन शवों को अल-अक्सा शहीद अस्पताल ले जाया गया तथा अस्पताल ने उनकी मौत की पुष्टि की। उसने बताया कि 14 अन्य घायल हुए ।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने रविवार को हमास के एक आतंकवादी को निशाना बनाया जो उससे पहले हुई एक घटना के जवाब में था जिसमें एक आतंकवादी ने सैनिकों पर गोलीबारी की थी। सेना ने इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। वैसे तो भीषण लड़ाई थम गई है, लेकिन इजराइल अब भी लगभग रोजाना गोलीबारी कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इजरायली सेना ने बार-बार हवाई हमले किए हैं और सैन्य नियंत्रण वाले क्षेत्रों के पास फलस्तीनियों पर लगातार गोलीबारी की है, जिसमें 650 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। इजराइल का कहना है कि उसने युद्धविराम के उल्लंघन का जवाब दिया है या वांछित आतंकवादियों को निशाना बनाया है। लेकिन गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मारे गए लोगों में से लगभग आधे महिलाएं और बच्चे हैं। इजराइल ने अलग से घोषणा की है कि वह दो सप्ताह से अधिक समय बाद बुधवार से मिस्र के साथ लगती गाजा की रफा सीमा को फिर से खोलने की अनुमति देगा।

## एक्सचेंज ट्रेडेड फंड लॉन्च

एजेंसी। मुंबई

एचएसबीसी म्यूवचुअल फंड ने भारत में अपने पहले एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के रूप में एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ और एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फिजिकल गोल्डअ या सोने से जुड़े साधनों में निवेश करेगा, जबकि एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करेगा। इन दोनों योजनाओं का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) इस सप्ताह सब्सफक्रिप्श्न के लिए खुल रहा है। दोनों फंड का प्रबंधन दीपन पारिख करेंगे। एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ मुख्य रूप से भौतिक सोने में निवेश करेगा और इसकी प्रदर्शन तुलना घरेलू सोने की कीमतों से की जाएगी। वहीं एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड, एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करेगा। ये दोनों फंड निवेशकों को सोने में निवेश का आसान और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा, ''सोना भारतीय परिवारों में हमेशा से अहम स्थान रखता है और अब इसे पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण एसेट एलोकेशन के रूप में भी देखा जा रहा है। यह बाजार की अस्थिरता के समय पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में मदद कर सकता है।

''वहीं, वेणुगोपाल मंघत, सीआईओ इक्विटी, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा, ''सोने का इक्विटी जैसे अन्य एसेट क्लास के साथ कम संबंध रहा है, इसलिए यह पोर्टफोलियो में विविधता लाने और बाजार की अस्थिरता के समय सुरक्षा देने में उपयोगी हो सकता है।

## लोकसभा के आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन लिया जा सकता है वापस

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किए गए आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन मंगलवार को वापस लिया जा सकता है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक बुलाई जिसमें आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बनी। बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों में इस बात पर भी सहमति बनी कि कोई भी सदस्य अब नारेबाजी करते हुए दूसरे पक्ष की सीटों की तरफ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन में कागज फाड़कर नहीं फेंकने, अधिकारियों की मेजों पर नहीं चढ़ने पर भी सहमति बनी। कांग्रेस ने सोमवार को आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन का विषय लोकसभा में उठाया और अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि उनका निलंबन रद्द किया जाए। विपक्षी दलों ने पिछले सप्ताह भी सरकार और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया था कि आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाए। बजट सत्र के पहले चरण के दौरान तीन फरवरी को आसन की ओर कागज फेंकने के बाद सदन की अवमानना के मामले में विपक्ष के आठ सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस. वेंकटेशन शामिल हैं।

## सीएआरए का राज्यों को निर्देश: गोद लेने की प्रक्रियाओं और बाल पहचान संरक्षण का पालन सुनिश्चित करें

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन कार्यालय ज्ञापन जारी किए हैं, जिसमें उन्हें गोद लेने की प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, गोद लिए गए बच्चों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और बच्चों की पहचान की रक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सीएआरए ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (जैसा कि 2021 में संशोधित किया गया) और दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों (एसएआरए) को ये निर्देश जारी किए हैं।

अधिनियम के तहत गोद लेने का उद्देश्य अधिनियम की धारा 56(1) के तहत परिकल्पित अनाथ, परित्यक्त और आत्मसमर्पण किए गए बच्चों के लिए परिवार के अधिकार को सुरक्षित करना है।

बयान के मुताबिक, पहले ज्ञापन में, देश में दत्तक ग्रहण संबंधी सर्वोच्च संस्था सीएआरए ने किसी बच्चे को गोद लेने के लिए कानूनी रूप से स्वतंत्र घोषित करने से पहले वैधानिक प्रक्रियाओं और समय-सीमाओं के अनिवार्य पालन को दोहराया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि उचित जांच, जैविक माता-पिता का पता लगाने, परिवार से पुनः मिलाने के प्रयासों और निर्धारित समय सीमा के भीतर अन्य वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा किए बिना किसी भी अनाथ या परित्यक्त बच्चे को कानूनी रूप से गोद लेने के लिए स्वतंत्र घोषित नहीं किया जा सकता है। बयान में कहा गया है कि सरेंडर किये गए बच्चों के मामले में, अधिनियम के तहत निर्धारित दो महीने की अनिवार्य पुनर्विचार अवधि का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और उसके बाद ही बच्चे को दोबारा गोद लेने के लिए स्वतंत्र घोषित किया जाना चाहिए। बयान के मुताबिक, दूसरे ज्ञापन में बच्चों और गोद लिए गए व्यक्तियों के रिकॉर्ड की सुरक्षा, रखरखाव और हस्तांतरण संबंधी नीतिगत स्पष्टीकरण जारी किया गया।

बयान में कहा गया है कि रिकॉर्ड को तब तक नष्ट, खारिज या अप्राप्य नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन न किया जाए। इसमें आगे जोड़ा गया कि ये प्रावधान अधिनियम की धारा 99 के अनुरूप हैं, जो बच्चों से संबंधित रिपोर्ट और रिकॉर्ड की गोपनीयता को अनिवार्य बनाती है

तीसरे कार्यालय ज्ञापन में, सीएआरए ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 74 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जो कानून का कथित उल्लंघन करने वाले बच्चों या देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान का खुलासा करने पर रोक लगाती है। राज्यों को सभी संबंधित संस्थानों और अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी करने के लिए कहा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियों या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों की तस्वीरें, वीडियो या पहचान संबंधी विवरण सोशल मीडिया सहित किसी भी प्रकार के संचार में प्रकट न किए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### वोल्गा से गंगा तक भारतीय व्यवसायों और रूस के प्रमुख निवेशकों को एक मंच पर लाएगा

**एजेंसी, मुंबई।** तीसरा रूस-भारत फोरम ₹वोल्गा से गंगा तकः सभ्यताओं का संवाद और पूंजी बाजारों का एकीकरण₹ मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) में आयोजित किया जाएगा। यह रणनीतिक आयोजन भारतीय कंपनियों और वित्तीय संस्थानों को प्रमुख पूंजी धारकों, निवेशकों और रूस की निवेश नीति को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्तियों तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। इस फोरम का मुख्य उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में रूसी निवेश को आकर्षित करने के लिए व्यावहारिक तंत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है, साथ ही दीर्घकालिक विकास की ओर उन्मुख संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देना है। वित्तीय प्रवाह और निवेश रणनीतियों को नियंत्रित करने वाली प्रमुख हस्तियों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। फोरम का एक मुख्य आकर्षण भारतीय भागीदारी के लिए उपलब्ध रूसी निवेश परियोजनाओं की प्रस्तुति होगी। मुंबई में पहली बार, भारतीय निवेशक परियोजना शुरू करने वालों के साथ सीधे बातचीत कर सकेंगे, सीमा-पार निवेशों के कानूनी और वित्तीय पहलुओं पर अग्रणी विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे, और रूसी अर्थव्यवस्था भर में रणनीतिक अवसरों तक विशेष पहुंच प्राप्त कर सकेंगे। यह फ़ॉर्मेट शुरुआती बातचीत से लेकर व्यावहारिक निवेश सहयोग की ओर बढ़ने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### असम में एक चरण में चुनाव कराने के पीछे वजह बेहतर बुनियादी ढांचा और सुरक्षा व्यवस्था है : अधिकारी

**एजेंसी, गुवाहाटी।** बेहतर बुनियादी ढांचा और सुरक्षा व्यवस्था असम में आगामी विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने के निर्णय के पीछे प्रमुख कारक हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही। निर्वाचन आयोग ने रविवार को घोषणा की कि असम में विधानसभा चुनाव एक चरण में नौ अप्रैल को होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुराग गोयल ने यहां प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन सभी 126 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। गोयल ने कहा, "बेहतर बुनियादी ढांचा, अधिक इमारतों और पुलों आदि की उपलब्धता से राज्य में एक ही चरण में चुनाव कराने का भरोसा बढ़ा है।" चुनाव के लिए नोडल सुरक्षा अधिकारी एवं पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि राज्य ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 828 कंपनियां मांगी हैं, जिनमें से 200 कंपनियां पहले ही पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, होम गार्ड सहित विभिन्न रैंक के 74,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट: निर्यातकों के लिए सहायता उपायों की जल्द घोषणा करेगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय पश्चिम एशिया में जारी संकट से निपटने के लिए निर्यातकों की मदद को जल्द ही कुछ सहायता उपायों की घोषणा कर सकता है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि विभाग इस सप्ताह के भीतर इन कदमों की विस्तृत जानकारी साझा करेगा। माना जा रहा है कि ये उपाय मुख्य रूप से बीमा जैसे क्षेत्रों से संबंधित हो सकते हैं। पिछले महीने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के कारण पश्चिम एशिया में जहाजों और विमानों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई है। इस तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, जिससे निर्यातकों के लिए समुद्री और हवाई माल ढुलाई के साथ-साथ बीमा प्रीमियम की लागत भी काफी बढ़ गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 58.8 अरब डॉलर रहा था। सूखे मेवे, फल और सब्जियों जैसे क्षेत्रों के निर्यातकों का कहना है कि युद्ध के कारण कारण उनकी खेप प्रभावित हुई है। सचिव ने बताया कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह दैनिक आधार पर स्थिति की निगरानी कर रहा है। सीमा शुल्क विभाग ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और समुद्री मार्गों में बाधा के कारण भारतीय बंदरगाहों पर वापस आने वाले निर्यात माल के प्रबंधन के लिए नियम भी जारी किए हैं।

### देश के निर्यात में फरवरी में मामूली गिरावट व्यापार घाटा मासिक आधार पर हुआ कम

**नई दिल्ली।** देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया।

## तकनीकी खराबी के कारण संसद के गेट पर लगा 'बूम बैरियर' गिरा, सुरक्षा अलार्म बजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को तेज हवाएं चलने के बीच, संसद के प्रवेश द्वार पर लगा एक 'बूम बैरियर' तकनीकी खराबी के कारण गिर जाने पर सुरक्षा अलार्म बज गया और तुरंत ही एक त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) मौके पर पहुंचा।

सूत्रों ने बताया कि संसद भवन परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएफ) के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि कोई सुरक्षा खतरा नहीं पाया गया।

विजय चौक के पास स्थित गेट से वाहनों की आवाजाही कुछ समय बाद सामान्य रूप से बहाल हो गई।

सूत्रों ने बताया कि 'बूम बैरियर' संभवतः तेज हवा के कारण आई तकनीकी खराबी के चलते स्वतः ही नीचे गिर गया।

'बूम बैरियर' उठाये जाने पर ही वाहन परिसर में प्रवेश कर पाते हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस बारे में विस्तृत जांच की जा रही कि क्या 'बूम बैरियर' तेज हवा के कारण गिरा था, या उस समय संसद परिसर में प्रवेश कर रही एक कार का 'प्रवेश स्टिकर' नहीं पढ़े जा सकने के कारण यह घटना हुई।

## सरकार जल्द नई 'स्टैंड-अप' योजना लाएगी: सीतारमण

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार नये उद्यम शुरू करना चाह रहे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) समुदाय के सदस्यों और महिलाओं को लाभ प्रदान करने के लिए जल्द ही एक



संशोधित 'स्टैंड-अप इंडिया' योजना लाएगी। साल 2016 में शुरू की गई 'स्टैंड-अप इंडिया' योजना का उद्देश्य एससी-एसटी और महिला उद्यमियों को नये उद्यम स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा देकर सशक्त बनाना था। यह योजना 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गई। लोकसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि संशोधित योजना में मूल 'स्टैंड-अप इंडिया' योजना के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों को शामिल किया जाएगा।

सीतारमण ने कहा, "नीति आयोग और अन्य संस्थाओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर इस योजना का मसौदा फिर से तैयार किया जा रहा है। जल्द ही मंत्रिमंडल के समक्ष एक प्रस्ताव रखा जाएगा, जिसके बाद हम एक नई योजना शुरू करेंगे। यह नई योजना 'स्टैंड-अप इंडिया' के कार्यों को ही आगे बढ़ाएगी, जिससे पूरे देश में एससी-एसटी वर्गों के लोगों और महिलाओं को लाभ मिला है।" इस योजना के तहत 10 लाख रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये तक का ऋण दिया जाता था। यह ऋण उस श्रेणी के लिए बैंक की सबसे कम लागू दर पर उपलब्ध होता था। इसकी पुनर्भुगतान अवधि 7 वर्ष थी, जिसमें अधिकतम 18 महीने तक की मोहलत शामिल थी। उनसे जब पूछा गया कि क्या सरकार ऋण की राशि बढ़ाने की योजना बना रही है, तो सीतारमण ने कहा, "हम नई

## ऋण वसूली न्यायाधिकरण में लंबित मामलों को निपटाने के लिए इस साल चार लोक अदालतों की योजना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि ऋण वसूली न्यायाधिकरणों और ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित मामलों को निपटाने के लिए वर्ष 2026 में चार विशेष लोक अदालतों की योजना बनाई गई है।

सीतारमण ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) और ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण (डीआरएटी) के सामने लंबित मामलों में से अधिकतर मामले बड़ी रकम वाले हैं, खासकर वे मामले जिनमें 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक राशि शामिल है।

उन्होंने कहा, "अगर हम डीआरटी के सामने लंबित मामलों में शामिल कुल रकम को देखें, तो मुकदमे की रकम का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं बड़ी रकम वाले मामलों से जुड़ा है।"

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने लंबित मामलों को निपटाने के लिए दो-तरफ़ा रणनीति अपनाई है।

उन्होंने कहा कि पहली रणनीति में कुछ विशिष्ट डीआरटी को सिर्फ अधिक मूल्य वाले मामलों की सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है, यानी ऐसे मामले जिनमें 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा रकम शामिल है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर शुल्क ढांचा तय होने के बाद ही होंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर अमेरिका का नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार होने के बाद ही किए जाएंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा, " अंततः हर देश एक पैकेज के हिस्से के रूप में ऐसा समझौता करता है जिसमें उसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले तुलनात्मक लाभ मिलता है।" भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक ढांचे को अंतिम रूप देने की घोषणा पिछले महीने की थी। इस ढांचे के तहत अमेरिका ने भारत पर शुल्क 18 प्रतिशत तक कम करने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक शुल्क को निरस्त करने के बाद हालांकि अमेरिका में शुल्क ढांचे में बदलाव किया गया है। फैसले के बाद ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू कर दिया है।

इन बदलावों के मद्देनजर भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की बैठक को स्थगित कर दिया गया है। वे पिछले महीने समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए मिलने वाले थे और इस महीने समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी। अधिकारी ने कहा, " समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने थे लेकिन उस समय अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईपीएल) से जुड़े शुल्क पर उच्चतम न्यायालय का फैसला नहीं आया था। अब उस फैसले के बाद वे शुल्क अस्तित्व में नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि अब अनुच्छेद 122 के तहत शुल्क लागू हैं जो भुगतान संतुलन संकट से जुड़े हैं और पांच महीनों के लिए करीब 10 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत-अमेरिका समझौते को ऐसे शुल्क ढांचे के आधार पर ही अंतिम रूप दिया जाएगा जिससे अमेरिका के बाजार में भारत को तुलनात्मक लाभ मिल सके।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका फिलहाल एक नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार करने पर काम कर रहा है.. " जब वह इसे तैयार कर लेगा, तब ही समझौते पर हस्ताक्षर करना उचित होगा।" उन्होंने कहा कि समझौते की रूपरेखा पहले ही तय हो चुकी है और दोनों पक्ष इसके बारीक पहलुओं पर बातचीत कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा, " हालांकि, मेरा मानना है कि हस्ताक्षर तब ही किए जाएंगे जब वैश्विक स्तर पर नया शुल्क ढांचा स्थापित हो जाएगा।"

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

- सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 अंक के पार

एजेंसी। मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80



अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...।'' नायर ने कहा, "निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव कम होने से बाजार को और समर्थन मिल सकता है।" मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।" उन्होंने कहा, "हालांकि, पश्चिम एशिया में लगातार तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण पूरा माहौल सतर्क बना हुआ है। इससे मुद्रास्फीति और भारत के आयात बिल को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और मुद्रा की अस्थिरता जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित कर रही है।" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे।

## घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन के लिए प्रोत्साहन दे रहीं शहरी गैस कंपनियां: मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पैदा हुए आपूर्ति संकट के बीच शहरी गैस वितरण कंपनियों ने उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के बजाय 'पाइप से मिलने वाली रसोई गैस' (पीएनजी) को अपनाने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) दिल्ली और आसपास के शहरों में पीएनजी कनेक्शन लेने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले उपयोग शुरू करने पर 500 रुपये तक की मुफ्त गैस दे रही है।

इसी तरह, मुंबई स्थित महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपये का



पंजीकरण शुल्क माफ करने और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए एक से पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा जमा राशि में छूट देने की घोषणा की है।

शर्मा ने कहा कि सरकारी गैस कंपनी गेल इंडिया और पेट्रोलियम कंपनी 'भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड' (बीपीसीएल) जैसी कंपनियों ने भी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए इसी तरह के प्रोत्साहन उपाय शुरू किए हैं।

उन्होंने कहा, " मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरा करने के लिए एलपीजी की आपूर्ति जारी है। देश में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां गैस समाप्त होने की सूचना नहीं है।"

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते मालवाहक जहाजों की आवाजाही बाधित होने से हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बना है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है जिनमें से बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है। अधिकारी ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की बुकिंग 15 मार्च को घटकर करीब 50झ55 लाख रह गई, जो ईरान युद्ध से पहले के स्तर के करीब है। इससे पहले शनिवार को यह आंकड़ा लगभग 77 लाख था और 13 मार्च को यह बढ़कर 88.8 लाख के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शर्मा ने कहा कि यह देखना अभी बाकी है कि सिलेंडर बुकिंग में आई यह गिरावट एक स्थायी रुझान है या फिर 15 मार्च को रविवार होने के कारण आई गिरावट है।

एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन माध्यमों की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 90 प्रतिशत हो गई है, जो पहले लगभग 87 प्रतिशत थी। सरकार उपभोक्ताओं से लगातार अपील कर रही है कि घबराहट में गैस एजेंसियों पर कतार लगाने के बजाय डिजिटल माध्यमों से बुकिंग करें।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 17 मार्च, 2026

कल्पमेधा

*किसी भी व्यक्ति का अच्छा व्यवहार खुद उसे भी ताकत देता है और दूसरों को उसी तरह से अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।*

*– प्लेटो*

## चुनाव के मोर्चे

निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके समांतर यह सवाल बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होनी बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले। गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुदुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर सच यह है कि कई बार इस पहलू को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर दी जाती है। अब तक इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

यही वजह है कि ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले लोगों के लिए विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। इसमें सत्ताधारी दल को ऐसी घोषणा करने और उस पर तुरंत अमल करके मतदाताओं को आकर्षित करने का बेहतर मौका होता है। असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान की योजनाओं के जरिए सत्ताधारी भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला है। हालांकि कई दूसरे विवादों और स्थानीय मुद्दों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। वहीं पश्चिम बंगाल में भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। हालांकि ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है।

इन चुनावों में एक सबसे अहम मुद्दा इस बात का उभरा है कि कई जगहों पर अभी मतदाता सूची का काम जिस तरह अपने अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंचा है, वैसे में क्या बहुत सारे वैसे लोग भी वोट देने से वंचित होंगे, जिन्हें आखिरकार वैध मतदाता माना जाएगा? खासतौर पर पश्चिम बंगाल में इस बार मतदाता सूची में बदलाव पर खासा विवाद है। राज्य में एसआइआर के बाद अंतिम सूची में से लगभग चौंसठ लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं करीब साठ लाख मतदाताओं के नाम अभी भी विचाराधीन के सूची में हैं। सवाल है कि मतदाता सूची से हटाए गए नाम, उन पर उभरी आपत्तियां, सुधार के दावे आदि तमाम विवाद क्या चुनाव की तारीख के पहले निपटा लिए जाएंगे। अगर ऐसा नहीं हो सका और कुछ वैध मतदाता भी मतदान से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जवाबदेह होगा? इसमें कोई दोराय नहीं कि समय पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर क्या यह जरूरी नहीं है कि सभी सीटों पर हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई भी अपनी भागीदारी के अधिकार से वंचित न हो!

## किसकी जवाबदेही

किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में मरीज प्रायः अपने जीवन की रक्षा के लिए जाते हैं, लेकिन जब वहीं उनकी जान जोखिम में पड़ जाए, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? चिकित्सा को व्यवसाय बना कर देश में हर जगह खुल रहे अस्पतालों में जिस तरह सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाती है, उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दिल्ली से लेकर कोलकाता, झांसी, अहमदाबाद और जयपुर तक सभी जगहों पर आग लगने की घटनाओं में मरीजों की मौत की वजह अग्निशमन संबंधी सुरक्षा मानकों में घोर लापरवाही पाई गई। ओड़ीशा के कटक में रविवार देर रात राज्य सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में भीषण आग मरीजों के लिए सबसे सुरक्षित सघन चिकित्सा कक्ष में लग गई और उसमें कम से कम दस मरीजों की मौत हो गई और ग्यारह चिकित्सा कर्मचारी झुलस गए। यह तब है जबकि मुख्यमंत्री ने कुछ महीने पहले ही राज्य के सभी चिकित्सा संस्थानों को आग से बचाव के उपाय करने की हिदायत दी थी। सवाल है कि क्या वहां अग्नि सुरक्षा के बुनियादी मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा था? इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी है?

यह दुखद ही है कि अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से कभी सबक नहीं लिया गया। कई जगहों पर तो आग से बचाव के साधन नहीं थे, तो कहीं आपातकालीन निकास की उचित व्यवस्था नहीं थी। यहां तक कि अग्निशमन सुरक्षा प्रमाणपत्र की मियाद निकल जाने पर भी न तो अस्पतालों को चेतावनी दी जाती है और न ही उन पर कोई कड़ी कार्रवाई होती है। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक में अमूमन हर जगह निजी और छोटे अस्पताल बिना वैध लाइसेंस और सुरक्षा प्रमाणपत्र के चलते पाए जाते हैं। क्या ऐसा संबंधित महकमे की लापरवाही और अधिकारियों की सांठगांठ के बिना संभव हो सकता है? कायदे से सभी चिकित्सा संस्थानों में अग्नि से बचाव के साधनों की नियमित और सख्ती से जांच की जानी चाहिए। ऐसा न होने का ही नतीजा है कि ओड़ीशा में अति सुरक्षित सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कई मरीजों की जान चली गई। अब इस घटना की जांच कराई जाएगी, लेकिन इसके शिकार मरीज तो कभी घर लौट कर नहीं आएंगे।

# मशीन निर्भर विकास के जोखिम

**मनुष्य ने मशीनों का आविष्कार किया अपने काम को सरल बनाने के लिए, ताकि बचे हुए समय में अपनों के साथ एक खुशहाल जीवन जी सके। मगर यह नहीं सोचा गया होगा कि एक दिन मशीनें ही मनुष्यों का स्थान लेने लगेंगी और उनके अस्तित्व के समक्ष चुनौती उत्पन्न हो जाएगी।**

**ज्योति सिडाना**

इसमें कोई दोराय नहीं है कि कृत्रिम बुद्धि यानी एआइ एक दोधारी तलवार है, जिसे सही नियमों और नैतिक दिशा-निर्देशों के साथ इस्तेमाल किया जाए, तो मानवता के लिए वरदान है। दूसरी तरफ इसकी अनियंत्रित वृद्धि सामाजिक और नैतिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। क्या मानव समाज में एआइ की सच में इतनी जरूरत है? मनुष्य ने मशीनों का आविष्कार किया अपने काम को सरल बनाने और कम समय में अधिक काम पूरा करने के लिए, ताकि बचे हुए समय में अपनों के साथ एक खुशहाल जीवन जी सके। मगर यह नहीं सोचा गया होगा कि एक दिन मशीनें ही मनुष्यों का स्थान लेने लगेंगी और उनके अस्तित्व के समक्ष चुनौती उत्पन्न हो जाएगी। जब तक मनुष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चल रहा था, एक खुशहाल जीवन जी रहा था। जैसे ही उसने विकसित तकनीक का प्रयोग करके प्रकृति के नियमों को तोड़ने और तकनीकी और आभासी वातावरण बनाने की कोशिश शुरू की, समाज अनेक तरह के जोखिमों का सामना करने लगा।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक डेमिस होसाबिस का तर्क है कि जहां एआइ के विकास से संभावनाएं बढ़ी हैं, वहीं उसके खतरे भी उभरे हैं। एआइ की दौड़ में कुछ देश या कंपनियां सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज कर सकती हैं। ऐसा करने पर यह तकनीक मानवता के लिए विनाश का कारण बन सकती है। उनका तर्क है कि एआइ को बच्चों की तरह ही नैतिकता और इंसानियत सिखाने की जरूरत है। वे चाहते हैं कि ऐसी एआइ विकसित हो, जो न सिर्फ बुद्धिमान हो, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार भी हो। माना जा रहा है कि 2030 तक इतना सोचने वाली मशीन आ जाएगी, जो इंसानी क्षमता से अधिक तेज और ज्ञानवान होगी। वह हमारे आसपास की दुनिया को गहराई से समझेगी और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में घुलमिल जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि एआइ अगले दस साल में बीमारियों को खत्म कर देगा। सवाल यह है कि प्राकृतिक वातावरण में इतनी बीमारियां तो नहीं थीं, जितनी आज के डिजिटल वातावरण में विकसित हुई हैं, तो क्या ये बीमारियां विकसित तकनीक के अधिक उपयोग के कारण ही उभर रही हैं? पहले मशीन एक सहायक के रूप में प्रयुक्त होती थी और मुख्य भूमिका मनुष्य की होती थी, लेकिन अब मुख्य भूमिका में एआइ (विकसित मशीन) है और मनुष्य केवल सहायक की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में मनुष्य का शरीर और दिमाग, दोनों ही शिथिल पड़ने लगते हैं और अनेक तरह की बीमारियों का घर बन जाते हैं।

यह भी कहा जा रहा है कि 2030 तक करोड़ों नौकरियां चली जाएंगी, क्योंकि एआइ मनुष्य से अधिक कुशलता से काम कर सकती है। ऐसे में समाज में एक नए प्रकार का विभाजन उभरेगा- श्रेष्ठ बौद्धिक जनसंख्या और कम बौद्धिक जनसंख्या। मशीन मनुष्य से अधिक संपूर्णता से काम करती है, इसलिए लोग उस पर ज्यादा विश्वास करने लगते हैं। इस कारण से हर क्षेत्र के विशेषज्ञों और उनके कौशल को चुनौती मिल रही है। डाक्टर की जगह एआइ बहुत गहनता से मेडिकल रपट की जांच करती है और बीमारी का कारण और निदान बताने लगी है। शिक्षकों की जगह एआइ से पढ़ने में विद्यार्थी अधिक रुचि लेने लगे हैं। वास्तुविद, काउंसलर, फैशन, प्रशिक्षक, कोच, व्यायाम- सभी क्षेत्रों में एआइ ने अपना प्रभुत्व जमाना शुरू कर दिया है। ऐसे में युवाओं को लगता है कि अब उन्हें परिवार, मित्र या अन्य किसी की जरूरत नहीं है। सभी की कमी एआइ से पूरी की जा सकती है।



एआइ युवा पीढ़ी की विश्लेषण करने और अलग तरह से सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रही है। मसलन, पहले कुछ भी लिखने के लिए सोचना और पढ़ना पड़ता था, लेकिन अब अधिकांश विद्यार्थी और युवा चैट-जीपीटी पर विषय लिख देते हैं और वह कुछ ही सेकंड में उत्तर तैयार करके दे देता है। यहां तक कि पसंद न आने पर अनेक अन्य विकल्प भी देता है। सवाल यह भी है कि क्या उसके द्वारा प्रस्तुत सूचनाएं सौ फीसद सही होंगी। यह एक कृत्रिम यंत्र ही है, जो मनुष्य द्वारा निर्मित है। फिर इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यहां यह स्पष्ट हो जाता है कि एआइ का शिक्षा के क्षेत्र पर सबसे खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से समाज विज्ञान के क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है। एआइ ने 'उपयोग के लिए तैयार सामग्री' उपलब्ध कराकर बच्चों को बंधक मस्तिष्क (कैप्टिव माइंड) में बदल दिया है। चाहे कोई 'प्रोजेक्ट' बनाना हो, आवेदन लिखना हो, लेख लिखना हो या फिर किसी शोधार्थी को कोई शोध कार्य करना हो, सभी चैट-जीपीटी और अन्य एआइ ऐप के माध्यम से अपने कार्य को करने लगे हैं। इससे समय की बचत तो होती है, लेकिन विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता और आलोचनात्मक समझ भी प्रभावित हो रही है। समय अगर किसी उचित काम के लिए बचाया जाना है, तो कुछ हद तक इसे सही कहा जा सकता है, लेकिन बच्चे और युवा उस समय को स्मार्टफोन को स्क्राल करने, रील बनाने या आनलाइन गेम खेलने और यहां तक कि कुछ अपराध में लगा रहे हैं। परिणामस्वरूप छोटी-सी उम्र में ही बच्चे अनेक गंभीर शारीरिक तथा मानसिक बीमारियों का शिकार बन रहे हैं। ऐसा लगने लगा है कि स्मार्टफोन तक ही लोगों का जीवन विश्व सिमट कर रह गया है।

**कहा जा रहा है कि 2030 तक करोड़ों नौकरियां चली जाएंगी, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मनुष्य से अधिक कुशलता से काम कर सकती है। ऐसे में समाज में एक नए प्रकार का विभाजन उभरेगा- श्रेष्ठ बौद्धिक जनसंख्या और कम बौद्धिक जनसंख्या। मशीन मनुष्य से अधिक संपूर्णता से काम करती है, इसलिए लोग उस पर ज्यादा विश्वास करने लगते हैं। इस कारण हर क्षेत्र के विशेषज्ञों और उनके कौशल को चुनौती मिल रही है। युवाओं को लगता है कि अब उन्हें परिवार, मित्र या अन्य किसी की जरूरत नहीं है। सभी की कमी एआइ से पूरी की जा सकती है। एआइ युवा पीढ़ी की विश्लेषण करने और अलग तरह से सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।**

हाल ही में इसरो के एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने इसलिए अपनी पत्नी की हत्या कर दी कि मेरे मरने के बाद इसकी देखभाल कौन करेगा। उनकी इकलौती बेटी अमेरिका में बस गई थी, जिससे उन्हें कोई उम्मीद नहीं थी। इसी तरह मुंबई के एक संभ्रांत इलाके में एक बुजुर्ग दंपति की सड़ी हुई लाश उनके आलीशान बंगले में मिली थी, जिनके दोनों बेटे विदेश में बसने के कारण अपने बुजुर्ग मां-बाप की देखभाल करने में असमर्थ थे। उनके पास अकूत धन-दौलत थी, लेकिन समय नहीं था। इन घटनाओं में परिवार हर दृष्टि से समृद्ध और संपन्न थे, लेकिन परिवार के सदस्यों में भावनात्मक लगाव और संवादहीनता की स्थिति थी। ऐसी भौतिक संपन्नता और तकनीकी विकास दृष्टि किस काम की, जब बुजुर्ग माता-पिता का अंतिम संस्कार लावारिस की तरह अनजान लोगों द्वारा किया जाए? क्या इसी दिन के लिए लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाते हैं, उनका भविष्य बनाने के लिए अपने जीवन की हर इच्छा को त्याग देते हैं?

एआइ निर्देशित मशीन से काम के घंटे कम हो सकते हैं, जिससे लोगों के पास अधिक समय रहता है और जिसे वे अपने परिवार के साथ बिताने में खर्च कर सकते हैं। मगर यह कितना संभव हो पा रहा है? एआइ के तंत्र ने व्यक्तिगत डेटा को सार्वजनिक कर दिया है, जिससे गोपनीयता की समस्या उभर रही है। समाज में आर्थिक असमानताओं में वृद्धि के कारण एआइ तंत्र का लाभ उठाने के लिए लोगों को तकनीकी ज्ञान और संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिससे समाज में अन्य प्रकार की असमानताएं बढ़ सकती हैं।

इसलिए लोगों को एआइ और नवीन तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ इससे होने वाले खतरों से अवगत करना होगा। सरकार या प्रशासन को भी एआइ प्रणालियों के उपयोग को नियंत्रित करना होगा, ताकि वे सुरक्षित और न्यायसंगत बन सके। तकनीक कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, मनुष्य का स्थान नहीं ले सकती। प्राकृतिक (वास्तविक) बुद्धि में कृत्रिम बुद्धि को विकसित करने की क्षमता है, लेकिन कृत्रिम बुद्धि कभी भी वास्तविक बुद्धि को उत्पन्न नहीं कर पाएगी और न ही उसे विस्थापित कर सकेगी, लेकिन मानव जीवन के समक्ष खतरे और चुनौतियां जरूर उत्पन्न कर सकती है। इस पर समय रहते नियंत्रण करने की जरूरत है।

# सत्य की यात्रा

**रामानुज पाठक**

मनुष्य की जिज्ञासा जितनी पुरानी है, उतनी ही पुरानी है सत्य की खोज। आकाश में चमकते तारों को देखकर, नदियों के प्रवाह को समझने की इच्छा से और प्रकृति की अनगिनत घटनाओं को देखकर मनुष्य के मन में सदैव यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या इस संसार का कोई 'अंतिम सत्य' भी है? विज्ञान इसी जिज्ञासा की संगठित और तर्कसंगत अभिव्यक्ति है। मगर विज्ञान का इतिहास बताता है कि विज्ञान अंतिम सत्य की घोषणा करने के बजाय सत्य की निरंतर खोज की प्रक्रिया है।

विज्ञान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह किसी भी ज्ञान को अंतिम नहीं मानता। वह हर सिद्धांत, हर नियम और हर निष्कर्ष को प्रमाण और प्रयोग की कसौटी पर परखता है। यही कारण है कि विज्ञान में जो बात आज स्थापित मानी जाती है, वह भविष्य में नए प्रमाणों के सामने संशोधित या परिवर्तित भी हो सकती है। इस दृष्टि से विज्ञान में सत्य स्थिर नहीं बल्कि विकसित होने वाली अवधारणा है। इतिहास में अनेक उदाहरण इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। प्राचीन काल में यह धारणा व्यापक रूप से स्वीकार की जाती थी कि पृथ्वी ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य तथा अन्य ग्रह उसके चारों ओर घूमते हैं। बाद में खगोलीय अध्ययन और गणनाओं के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि पृथ्वी नहीं, बल्कि सूर्य केंद्र में है और पृथ्वी सहित अन्य ग्रह उसके चारों ओर परिक्रमा करते हैं। यह परिवर्तन मानव ज्ञान की दिशा को ही बदल देने वाला था। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि विज्ञान में स्थापित धारणाएं भी नए प्रमाणों के आधार पर बदल सकती हैं।

इसी प्रकार, गति और बल के संबंध में लंबे समय तक 'न्यूटन के गति के नियमों' को प्रकृति के अंतिम नियमों के रूप में देखा जाता रहा, जिसने वस्तुओं की गति, ग्रहों की परिक्रमा और यांत्रिकी के अनेक सिद्धांतों को समझाने में अद्भुत सफलता प्राप्त की। मगर बीसवीं शताब्दी में अल्बर्ट आइंस्टीन ने 'सापेक्षता का सिद्धांत' प्रस्तुत कर यह बताया कि अत्यधिक वेग या अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण की परिस्थितियों में न्यूटन के नियम पूरी तरह पर्याप्त नहीं हैं। इसका अर्थ यह नहीं था कि न्यूटन के नियम गलत थे, बल्कि यह कि वे एक विशेष सीमा तक ही लागू होते हैं।

इसी प्रकार, जब वैज्ञानिकों ने परमाणु और उससे भी छोटे कणों की दुनिया को समझने का प्रयास किया, तो उन्हें पता चला कि सूक्ष्म स्तर पर प्रकृति का व्यवहार हमारे सामान्य अनुभव से बिल्कुल भिन्न है। इस क्षेत्र को समझाने के लिए 'क्वांटम मैकेनिक्स' का विकास हुआ। इस सिद्धांत ने यह बताया कि सूक्ष्म जगत में कणों का व्यवहार संभावनाओं के आधार पर होता है, और कभी-कभी एक ही कण तरंग और कण, दोनों की तरह व्यवहार कर सकता है। यह विचार पारंपरिक भौतिकी से बिल्कुल अलग था और इसने विज्ञान की समझ को नई दिशा दी। रसायन विज्ञान में भी एक समय चार तत्त्वों- पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि को ही पदार्थ का मूल आधार माना जाता था। बाद में प्रयोगों और विश्लेषणों से यह स्पष्ट हुआ कि पदार्थ असंख्य तत्त्वों और परमाणुओं से बना है। आज आधुनिक रसायन विज्ञान में तत्त्वों का वर्गीकरण 'आवर्त सारणी' के माध्यम से किया जाता है, जिसने पदार्थ की संरचना को समझने का वैज्ञानिक आधार प्रदान किया।

जीव विज्ञान में भी सत्य की खोज का यही क्रम दिखाई देता है। एक समय यह माना जाता था कि जीवों की प्रजातियां स्थायी और अपरिवर्तनीय हैं। मगर उन्नीसवीं शताब्दी में चार्ल्स डार्विन ने 'थ्योरी आफ इवोल्यूशन' का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जिसके अनुसार जीवित प्रजातियां समय के साथ परिवर्तित होती रहती हैं। इस सिद्धांत ने जीवविज्ञान की समझ को मूल रूप से बदल दिया और जीवन की विविधता को समझाने का वैज्ञानिक आधार दिया।

दरअसल, विज्ञान में सत्य कोई स्थिर और अंतिम स्थिति नहीं है। विज्ञान निरंतर विकसित होने वाली प्रक्रिया है, जिसमें नए प्रयोग, नई तकनीक और नई खोजें पुराने विचारों को चुनौती देती रहती हैं। विज्ञान की यह विशेषता उसे अन्य ज्ञान प्रणालियों से अलग बनाती है। जहां कई विचारधाराएं अपने सिद्धांतों को अंतिम और अपरिवर्तनीय मानती हैं, वहीं विज्ञान अपनी सीमाओं को स्वीकार करता है। विज्ञान का वास्तविक लक्ष्य अंतिम सत्य घोषित करना नहीं, बल्कि प्रकृति के नियमों को क्रमशः अधिक स्पष्टता और सटीकता के साथ समझना है। प्रत्येक नई खोज इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाती है। उदाहरण के लिए, आधुनिक खगोल विज्ञान आज भी सौरमंडल की उत्पत्ति, 'डार्क मैटर' और 'डार्क एनर्जी' जैसे रहस्यों को समझने का प्रयास कर रहा है। इन प्रश्नों के उत्तर अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध निरंतर जारी है। इस संदर्भ में विज्ञान को एक अनंत यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। यह यात्रा प्रश्नों से शुरू होती है, प्रयोगों से आगे बढ़ती है और नए निष्कर्षों तक पहुंचती है। हर निष्कर्ष नए प्रश्नों को जन्म देता है। इस प्रकार ज्ञान की यह प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती।

### दुनिया मेरे आगे

**विज्ञान में सत्य कोई स्थिर और अंतिम स्थिति नहीं है। विज्ञान निरंतर विकसित होने वाली प्रक्रिया है, जिसमें नए प्रयोग, नई तकनीक और नई खोजें पुराने विचारों को चुनौती देती रहती हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक स्वयं भी अपने सिद्धांतों को अंतिम सत्य नहीं कहते, बल्कि उन्हें उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर सबसे उपयुक्त व्याख्या मानते हैं।**

कहा जा सकता है कि विज्ञान में 'अंतिम सत्य' की अवधारणा उतनी महत्त्वपूर्ण नहीं है, जितनी सत्य की खोज की प्रक्रिया। विज्ञान हमें यह सिखाता है कि ज्ञान का मार्ग खुला होना चाहिए, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और नए प्रमाणों के सामने पुराने विचारों को बदलने का साहस होना चाहिए। यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और यही वह शक्ति है, जिसने मानव सभ्यता को अज्ञानता से ज्ञान की ओर निरंतर आगे बढ़ाया है। इसलिए अगर पूछा जाए कि विज्ञान में अंतिम सत्य क्या है, तो उत्तर यही होगा कि विज्ञान में अंतिम सत्य कोई स्थिर बिंदु नहीं, बल्कि सत्य की अनवरत खोज ही उसका वास्तविक स्वरूप है। यही खोज मानव बुद्धि को आगे बढ़ाती है और प्रकृति के गहरे रहस्यों के द्वार धीरे-धीरे खोलती चली जाती है।




## विश्वास की परीक्षा

हर वर्ष जब सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित होता है, तो वह हजारों युवाओं के लिए वर्षों की मेहनत और सपनों के साकार होने का क्षण होता है। देश के कोने-कोने के अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा एक नौकरी नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा, सेवा और परिवर्तन का अवसर होती है। यही कारण है कि इस परीक्षा से जुड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सबकी निगाह रहती है। दरअसल, सिविल सेवा परीक्षा केवल अभ्यर्थियों की नहीं, बल्कि व्यवस्था की भी परीक्षा है। मगर पिछले कुछ वर्षों से परिणामों के साथ-साथ कुछ ऐसे विवाद भी सामने आने लगे हैं, जो इस प्रतिष्ठित परीक्षा की साख पर प्रश्नचिह्न लगा देते हैं। हाल में एक ही नाम और एक ही क्रमांक से जुड़ी दो अभ्यर्थियों का मामला हो या उससे पहले महाराष्ट्र की एक आइएएस अधिकारी के चयन को लेकर उठे गंभीर सवाल, ये घटनाएं संकेत देती हैं कि व्यवस्था की छोटी-सी चूक भी अविश्वास को जन्म दे सकती है। तकनीक के इस युग में, जब परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत और बहुस्तरीय जांच से गुजरती है, तब इस प्रकार की गड़बड़ियां केवल तकनीकी भूल मान कर टाल देना आसान नहीं है।

*– मो अजहर आलम अंसारी, पूर्णिया*

## पर्यटन की राह

ग्रामीण पर्यटन केवल एक गांव की यात्रा नहीं है। यह ग्रामीण क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों, समृद्ध विरासतों और ऐतिहासिक धरोहरों को नजदीक से जानने और समझने का जीवंत माध्यम है। यह हमें गांवों का इतिहास जानने, ग्रामीण परिवेश की जीवंतता को अनुभव करने और विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम तथा एकता का सेतु बनाने का अवसर देता है। भारत के छोटे-छोटे गांव भी अपनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विविधता के लिए जाने जाते हैं। गांवों की संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प और परंपरागत उत्सव पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र न केवल पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध हैं, बल्कि यहां की अतिथि सत्कार की परंपरा भी अनुपम है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में पर्यटकों के ठहरने की सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। पर्यटन को शहरों और ऐतिहासिक स्थलों तक सीमित न रख कर गांवों के अंतिम सिरे तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाना चाहिए।

*– राजेंद्र कुमावत, जयपुर*

## संकट और विकल्प

भारत के नागरिक मुसीबत के समय सरकार के साथ हर बार खड़े रहे हैं। अभी अमेरिका-इजराइल के ईरान पर आक्रमण से भारत सहित दुनिया के कई देशों के ऊर्जा के स्रोतों पर सीधा असर पड़ा है। पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इससे लोगों में अफरा-तफरी फैल गई है। जबकि सरकार लगातार बोल रही है कि देश में ईंधन की कोई समस्या नहीं है। मगर ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि अधिक मांग से गैस बुकिंग भी प्रभावित होने लगी है। एजंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। सच है कि युद्ध के कारण ऊर्जा उत्पादों का संकट है, लेकिन सरकार के पास दूसरे विकल्प मौजूद हैं। हालांकि सरकार के सब कुछ ठीक होने के दावे के बरक्स जमीनी हकीकत यह भी है कि लोग गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में खड़े हैं और बहुतों को यह नहीं भी मिल रहा है। ऐसे में सरकार को हर स्तर पर पूरी व्यवस्था करनी चाहिए।

*– ललित शंकर, हरिद्वार*

## खतरे में बचपन

रिहाइशी इलाकों में पब या बार के लाइसेंस देने से आबकारी विभाग को बचना चाहिए। बचपन वह बुनियादी नींव है, जिस पर पूरी जिंदगी की इमारत खड़ी होती है। अगर शुरुआती वर्षों में बच्चों को सुरक्षित और सकारात्मक माहौल नहीं मिलता, तो उनका व्यक्तित्व और आत्मविश्वास दोनों डगमगा जाते हैं। जिंदगी को संवारने के लिए बचपन प्रथम सीढ़ी है। बच्चों का मन कोमल होता है। जो वे देखते हैं, वही सीखते हैं। एक प्रदूषित सामाजिक वातावरण उनकी एकाग्रता और भविष्य की संभावनाओं को धुंधला कर देता है। समाज और प्रशासन का यह पहला दायित्व है कि वे उस पहली सीढ़ी को मजबूत रखें। पब और बार के लाइसेंस की प्रक्रिया को सख्त बनाना और उन्हें शैक्षणिक संस्थानों से दूर रखना न केवल नैतिकता, बल्कि बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

संवाद
जनसत्ता | 17 मार्च, 2026





**उत्सव**

वृंदावन के रंगजी मंदिर की शोभायात्रा में शामिल भक्त।

**बोल**

*अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। मेरे लिए अधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है, ताकि वह पश्चिम एशिया और वास्तव में पूरी दुनिया को नष्ट न कर दे। – डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति*



**बोल**

*दुनिया एक खतरनाक युद्ध की गवाह बन रही है और ईरान पूरे क्षेत्र के देशों पर अंधाधुंध हमले कर रहा है। ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए ठोस योजना बनानी जरूरी है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। -फ्रेडरिक मर्ज, जर्मनी के चांसलर*



सम-सामयिक

# ऊर्जा संकट : भारत-चीन पर मार, रूस को हो रहा फायदा

जनसत्ता संवाद

ईरान संकट के कारण दुनिया के लिए ऊर्जा की आवाजाही का सबसे अहम रास्ता बंद हो गया है। चीन, यूरोप और भारत के सामने आपूर्ति की बड़ी चुनौती है। दुनिया में ऊर्जा की बढ़ी कीमतों का फायदा रूस उठा सकता है।

पूरी दुनिया पर असर दिख रहा है। बाजार हिल गए हैं, ऊर्जा की आपूर्ति और कारोबार हर जगह प्रभावित हुआ है। तेल की कीमत चढ़ती जा रही है, जहाजों का मार्ग फंसा हुआ है, बाजार में उथल-पुथल है और ग्राहकों के लिए कीमतों का बढ़ना तय है। यूरोप एक तरफ ऊर्जा की कमी से डरा हुआ है, तो चीन सप्लाई चेन की स्थिरता को लेकर झुंझला रहा है।

हमलों ने विस्तृत बाजार में तेज बिकवाली और उपभोक्ता कीमतों में भारी इजाफे की शुरुआत कर दी है। होर्मुज जैसे ऊर्जा आपूर्ति के रास्तों पर इस लड़ाई का असर होने से दुनिया में महंगाई बढ़ने का खतरा इस बार अभूतपूर्व है। ईरान युद्ध ने चीन के लिए बड़ी चुनौती पैदा की है। बेजिंग, तेहरान से ऊर्जा का बड़ा आयातक और उसका रणनीतिक साझीदार है।

चीन दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक और ईरान से तेल का मुख्य खरीदार है। पिछले साल ईरान में बिके तेल का 80 फीसद से ज्यादा चीन ने खरीदा, औसतन 13.8 लाख बैरल प्रति दिन। यह चीन में तेल की कुल ऊर्जा आपूर्ति का करीब 13 फीसद है। ऐसे में ईरान युद्ध की वजह से आपूर्ति में बाधा का उस पर सबसे बड़ा असर होगा।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए पैसा रोकने की नीयत से लगाए गए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने उसके तेल खरीदारों को सीमित कर दिया है। चीन, ईरान के जिस तेल को खरीदता है उसे भी कारोबारी मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों का लेबल लगाकर बेचते हैं। ये दोनों देश तेल की ढुलाई के बड़े केंद्र हैं।

ईरान की जंग ने दुनिया के सबसे अहम कारोबारी मार्ग को लाचार बना दिया है। होर्मुज जलमार्ग दुनियाभर में टैंकरों के जरिए तेल की ढुलाई का एक प्रमुख समुद्री मार्ग है। इसके जरिए खाड़ी के देशों से यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका तक तेल की ढुलाई होती है।

ओमान और ईरान के बीच मौजूद इस संकरे मार्ग से दुनिया का करीब 20 फीसद तेल गुजरता है। मलक्का के रास्ते के बाद यह तेल की ढुलाई का सबसे बड़ा रास्ता है। ईरान युद्ध में इसके बाधित होने की वजह से तेल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है और व्यापक रूप से आर्थिक प्रभाव हुए हैं।

यह युद्ध भारत और चीन को भारी छूट पर मिलने वाला रूसी तेल खरीदने का मौका देगा।अगर कच्चे तेल की कीमत 100 डालर प्रति बैरल से ऊपर रही, तो रूस को हर महीने 4.8 अरब डालर की कमाई होगी। यूक्रेन के साथ युद्ध में जुटे पुतिन को इसका बड़ा फायदा होगा।

तेल के ग्राहकों के लिए ईरान, रूस का प्रतिद्वंद्वी है। ऐसे में अगर ईरानी निर्यात में कोई बाधा आती है, तो रूस का बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा हो जाएगा। पुतिन को इसमें कोई संदेह नहीं कि यह युद्ध अमेरिकी संपत्तियों को उलझाए रखेगा और संसाधनों को यूक्रेन से हटाकर मध्यपूर्व ले जाएगा।

भारत, रूसी कच्चे तेल से दूर जा रहा था लेकिन अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण यह फिलहाल रुक सकता है। भारत को कच्चे तेल की सप्लाई का लगभग आधा हिस्सा होर्मुज से होकर पहुंचता है। ऐसे में भारत में तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और उसे दोबारा रूस के पास जाना पड़ रहा है।



**होर्मुज का रास्ता**

दो करोड़ बैरल तेल और गैस की प्रतिदिन ढुलाई के साथ ही होर्मुज दुनिया की करीब एक तिहाई रासायनिक खाद के कारोबार को भी संभालता है। दूसरे प्रमुख कच्चे सामानों में पेट्रोकेमिकल और सल्फर के साथ ही चूना पत्थर और सीमेंट जैसी निर्माण सामग्रियां भी हैं। सऊदी अरब और यूएई के पाइपलाइन का विस्तार हो जाए, तो भी वह होर्मुज से गुजरने वाली मात्रा के 30 से 40 फीसद तक ही पहुंच पाएंगे।

शोध

# ईरान संघर्ष : दुनिया में खाद्य संकट का अंदेशा

जनसत्ता संवाद

ईरान के साथ चल रहे तनाव के कारण ऊर्जा और खाद की कीमतें बढ़ रही हैं। किसानों को डर है कि संसाधनों की कमी के कारण इस साल पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है, इससे खाद्य संकट पैदा हो सकता है। ईरान युद्ध की वजह से होर्मुज जलमार्ग पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। ईरान और ओमान के बीच मौजूद इस संकरे समुद्री रास्ते से दुनिया का लगभग 20 फीसद कच्चा तेल और एलएनजी गुजरता है।

संकट उन जहाजों को लेकर है जिनमें दुनिया भर में खेती के लिए जरूरी खाद और खाड़ी देशों के लिए भोजन भरा होता है। संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों के लिए यह समुद्री रास्ता जीवन रेखा है। इसके बंद होने का मतलब है कि इन रेगिस्तानी देशों में खाने-पीने की चीजें खत्म हो सकती हैं। समुद्री कारोबार पर निगाह रखने वाली कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया भर में व्यापार होने वाली प्रमुख खादों, जैसे कि अमोनिया, फास्फेट और सल्फर का 20 फीसद हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। दुनिया भर में यूरिया सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला नाइट्रोजन खाद है, जिसका लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। इसमें से अकेले कतर पूरी दुनिया की आपूर्ति के 10 फीसद हिस्से का उत्पादन करता है।

जब ईरान ने दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी और खाद ठिकाने 'रास लफ्फान' पर हमला किया था, तो कतर एनर्जी को अपना उत्पादन रोकना पड़ा। इस वजह से लाखों टन जरूरी खाद पोषक और उन्हें बनाने वाले कच्चे माल (प्रिकर्सर्स) जहां के तहां रुक गए।

**समुद्री कारोबार पर निगाह रखने वाली कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया भर में व्यापार होने वाली प्रमुख खादों, जैसे कि अमोनिया, फास्फेट और सल्फर का 20 फीसद हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। एक रपट के मुताबिक, दुनिया भर में व्यापार होने वाले यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। इसमें से अकेले कतर पूरी दुनिया की आपूर्ति के 10 फीसद हिस्से का उत्पादन करता है।**



(फाइल फोटो)

ईरान युद्ध के बढ़ते असर से, पिछले छह साल में दुनिया की खाद्य सुरक्षा के लिए तीसरा सबसे बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इससे पहले पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी और फिर 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध का सामना कर चुकी है। उस समय रूस ने यूक्रेन के उन खेतों और बंदरगाहों पर कब्जा कर लिया था जहां से अनाज का निर्यात होता था।

जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, खाद की कीमतें 10 से 30 फीसद तक बढ़ गई हैं। हालांकि, वे अभी भी रूसी टैंकों के यूक्रेन में घुसने के बाद के हफ्तों की तुलना में लगभग 40 फीसद कम हैं। विकासशील देशों की मदद करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था 'यूएनसीटीएडी' के मुताबिक, हर महीने होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन खाद का निर्यात किया जाता है। इसलिए, अगर यह समुद्री रास्ता सिर्फ 30 दिनों के लिए भी बंद हो जाए, तो दुनिया भर में खाद की किल्लत पैदा हो सकती है। इससे मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों की पैदावार गिरने का बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा, क्योंकि ये फसलें पूरी तरह से नाइट्रोजन (यूरिया) पर निर्भर होती हैं।

वाशिंगटन में मौजूद 'इंटरनेशनल फूड पालिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट' (आइएफपीआरआइ) के सीनियर रिसर्च फेलो जोसेफ ग्लाबर ने बताया, 'खाद की बढ़ी हुई कीमतें इस बात पर असर डालेंगी कि किसान कौन सी फसल उगाना चाहते हैं। खेती की लागत को बढ़ने से बचाने के लिए, किसान उन फसलों को चुन सकते हैं जिन्हें कम खाद की जरूरत होती है। खाद की कीमतें बढ़ने से गरीब देशों के किसान उसे खरीद नहीं पाएंगे और मजबूरी में कम खाद का उपयोग करेंगे। इससे पैदावार को भारी नुकसान पहुंच सकता है।'

विश्व परिक्रमा

# ट्रंप से हर्जोग ने कहा, इजराइल की गरिमा बिकाऊ नहीं

जनसत्ता संवाद

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने भ्रष्टाचार के मुकदमे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को क्षमादान देने के लिए अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बार-बार की गई अपील का जवाब देते हुए कहा है कि इजराइल की 'गरिमा, स्वतंत्रता और संप्रभुता' बिकाऊ नहीं है। ट्रंप ने नेतन्याहू के खिलाफ आपराधिक भ्रष्टाचार मुकदमे में उन्हें क्षमादान जारी करने में अब तक की विफलता को लेकर हर्जोग पर मौखिक हमले किए हैं।

हाल में ट्रंप ने क्षमादान अनुरोध से निपटने के तरीके को लेकर हर्जोग को कमजोर बताया। टाइम्स आफ इजराइल की रपट के अनुसार, बेत जारजिर शहर के दौरे के दौरान हर्जोग ने ट्रंप की बार-बार की गई टिप्पणियों को 'इजराइल देश के शासन और संप्रभुता के प्रतीकों पर एक स्पष्ट हमला' करार दिया। हर्जोग ने कहा, 'मैं अपनी प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा चाहता हूं। हमारी गरिमा, स्वतंत्रता और संप्रभुता किसी को भी बेची नहीं जा सकती।' रपट में कहा गया, 'जब क्षमादान का अनुरोध प्राप्त होगा, तो मैं निश्चित रूप से पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से – बिना किसी दबाव या शोर-शराबे के – स्पष्ट मन और निर्मल भाव से उस पर विचार करूंगा।' इजराइली राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि नेतन्याहू को ट्रंप के खिलाफ कड़ा रुख अपनाना चाहिए था।



हर्जोग ने कहा, 'विभिन्न मुद्दों पर दशकों से चले आ रहे राजनीतिक और कानूनी मतभेदों – यहां तक कि हमारे सहयोगियों के साथ भी – और इजराइल देश के शासन और संप्रभुता के प्रतीकों पर खुलेआम हमले में अंतर है।' उन्होंने कहा, 'इस मुद्दे पर एक बयान जारी किया जाना चाहिए।'

हालांकि, इजराइली प्रधानमंत्री ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने हस्तक्षेप के लिए ट्रंप से संपर्क किया था। उन्होंने ट्रंप की टिप्पणी पर कहा, 'उनके कहे के लिए मैं जिम्मेदार नहीं।'

जानें-समझें

*पश्चिम एशिया संघर्ष*

# हिंद महासागर क्षेत्र में संतुलन की कवायद

जनसत्ता संवाद

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल का संघर्ष खतरनाक रूप ले रहा है। ट्रंप के द्वारा एकतरफा जीत की घोषणा और ईरान की युद्धविराम के लिए रखी गई तीन शर्तें का उलटा असर हो गया। कई अमेरिकी विमानों को मार गिराया गया है, जिनमें से ताजा मामला इराक के ऊपर ईंधन भर रहे एक विमान का है। कई अमेरिकी ठिकानों पर हमले हुए हैं। इसके अलावा, ईरान का उग्र रवैया और होर्मुज के रास्ते में संभावित रूप से बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश ने पहले से ही विस्फोटक स्थिति को और भी जटिल बना दिया है। संघर्ष का दायरा भारतीय जलसीमा तक पहुंच गया है। ऐसे में हिंद महासागर में अपने हितों का ध्यान रखने में भारत जुटा हुआ है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भारत फूंक-फूंककर कदम उठा रहा है।

### *भारत के हितों का सवाल*

अमेरिका-ईरान संघर्ष अब समुद्री क्षेत्रों तक पहुंच गया है। हाल ही में अमेरिकी पनडुब्बी ने हिंद महासागर में भारतीय जलसीमा के पास एक ईरानी फ्रिगेट डुबो दिया। इस हमले ने इस संघर्ष में एक नया नौसैनिक आयाम जोड़ दिया है, जो अब तक मुख्य रूप से हवाई शक्ति तक सीमित था।द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हिंद महासागर में यह पहली बड़ी नौसैनिक घटना मानी जा रही है। इसका असर क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर पड़ेगा और भारत के हितों के लिए भी यह महत्त्वपूर्ण है। यह घटना भारत की समुद्री सीमा के काफी पास हुई और यह युद्धपोत हाल ही में भारतीय नौसेना के एक अभ्यास में शामिल हुआ था।

### *'लेमोआ' समझौता*

जो बात भारत के लिए स्थिति को कुछ जटिल बनाती है वह है 2016 में भारत और अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित 'लाजिस्टिक्स एक्सचेंज' समझौता ज्ञापन (लेमोआ)। यह समझौता दोनों देशों के बीच ईंधन भरने, जरूरी सामान देने और अन्य सेवाओं में मदद को आसान बनाने के लिए किया गया था। इस समझौते के तहत अमेरिकी नौसेना जरूरत पड़ने पर भारत के बंदरगाहों और ठिकानों का उपयोग ईंधन भरने और सामान लेने के लिए कर सकती है और भारत भी इसी तरह अमेरिकी सुविधाओं का उपयोग कर सकता है। ऐसे समय में जब अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई भारत में चिंता पैदा कर सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप के इस जोर को देखते हुए कि उसके सहयोगी देश वाशिंगटन की उम्मीदों को पूरा करें, भारत को यह ध्यान रखना होगा कि वह सीधे या परोक्ष रूप से इस संघर्ष में शामिल न हो।

### *हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समीकरण*

भारत और अमेरिका ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियमों पर आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुद्री सहयोग को काफी बढ़ाया है, लेकिन अमेरिका का यह हमला हिंद महासागर को ईरान के खिलाफ उसकी कार्रवाई का नया केंद्र बना सकता है। हिंद महासागर की सुरक्षा और शांति बनाए रखना भारत की समुद्री सुरक्षा नीति का अहम लक्ष्य है। हिंद महासागर के अन्य देशों की तुलना में भारत के पास ज्यादा संसाधन और क्षमताएं हैं, इसलिए इस क्षेत्र में भारत एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा शक्ति माना जाता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए जरूरी है कि वह क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करता रहे।

### *ईरान के इरादे*

संघर्ष में अगर ईरान की सैन्य क्षमताएं काफी हद तक कमजोर हो जाती हैं, लेकिन शासन बना रहता है तो ईरान अपने परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के पुनर्निर्माण के प्रयासों को और तेज कर सकता है। इससे उसके पड़ोसियों के लिए दीर्घकालिक खतरा उत्पन्न होगा। ईरान होर्मुज के रास्ते में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछा रहा है और उसने संकेत दिया है कि वह अपने हमलों को रोकने वाला नहीं है।



(फाइल फोटो)



भारत के सामने असली मुद्दा यह है कि क्या वह अपने ऊर्जा और समुद्री हितों की रक्षा कर सकता है, पश्चिम एशिया में अपनी विश्वसनीयता बनाए रख सकता है और अपनी आवाज बुलंद रख सकता है? भारत जैसे देश को अपने आप पर भरोसा होना चाहिए।

*– निरूपमा राव, पूर्व विदेश सचिव*



बहुत गंभीर स्थिति है और लगातार खराब होती जा रही है। हमने पहले ही बड़ी संख्या में लोगों की मौत और बुनियादी ढांचे की व्यापक तबाही देखी है। कई खाड़ी देश इस संघर्ष से प्रभावित हुए हैं और अब इसका आर्थिक असर भी सामने आने लगा है।

*– वीना सीकरी, पूर्व राजनयिक*

### क्यों चुप है चीन

चीन की रणनीति सीधी है– राजनीति अपनी जगह, कारोबार अपनी जगह। वह ताइवान और तेल-बाजार पर ध्यान रखते हुए ईरान जैसी जंगों में सीधे कूदने के बजाय पर्दे के पीछे कूटनीति, आर्थिक और खुफिया मदद के जरिए अपने हित को सुरक्षित करता है।

वेनेजुएला के मसले पर भी चीन खामोश रहा, और अब अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष के दौरान ज्यादा कुछ बोल नहीं रहा। चीन में एक मजबूत सोच है कि चीन के असली और सबसे अहम हित सिर्फ दो इलाकों से जुड़े हैं– पहला ताइवान, और दूसरा साउथ चाइना सी। इसके बाद दुनिया में चीन की दिलचस्पी मुख्य रूप से व्यापार और कारोबार तक ही रहती है।

कारोबार में चीन अपने साझेदारों और दोस्तों में अमेरिका-विरोधी रुख का स्वागत करता है। चाहे मामला वेनेजुएला का हो या ईरान का, चीन की पहली दिलचस्पी तेल में है और दूसरी बाजारों में।

व्यक्तित्व

# मयंक चक्रवर्ती : ग्रैंडमास्टर बनने वाले पूर्वोत्तर के पहले शतरंज खिलाड़ी

जनसत्ता संवाद

युवा शतरंज खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपना तीसरा और अंतिम 'ग्रैंडमास्टर नार्म' हासिल करते हुए भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वे पूर्वोत्तर भारत से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में 'इंटरनेशनल मास्टर' बने थे। उन्होंने 'होटल स्टाकहोम नार्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' में स्वीडिश आइएम फिलिप लिंडग्रेन को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। चक्रवर्ती ने एक बाजी गंवाई, दो ड्रा खेले और बाकी छह बाजी जीती। उन्होंने नौ में से सात अंक हासिल कर न केवल खिताब जीता, बल्कि अपनी लाइव रेटिंग को 2508 तक पहुंचा दिया। मयंक के लिए यह जीत इसलिए भी बड़ी है क्योंकि उन्होंने दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को एकतरफा मुकाबले में पीछे छोड़ दिया।

मयंक चक्रवर्ती की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। जहां पूर्वोत्तर के अधिकांश बच्चे फुटबाल या मुक्केबाजी खेलना पसंद करते हैं, वहीं चक्रवर्ती ने शतरंज चुना। हालांकि, गुवाहाटी में शतरंज के लिए बुनियादी ढांचा बहुत ही सीमित है। शुरुआत में चक्रवर्ती के पास कोई कोच भी नहीं था। उन्होंने अपने शुरुआती दौर में यूट्यूब वीडियो और चेस-बेट की डीवीडी देखकर शतरंज सीखा। बाद में उन्हें ग्रैंडमास्टर सप्तर्षि राय चौधरी का साथ मिला। सप्तर्षि ने उनके हुनर को निखारा। चक्रवर्ती की सफलता में उनके परिवार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहां एक तरफ पेशे से डाक्टर उनकी मां मोनोमिता उनके लिए स्तंभ बनीं, तो वहीं उनके पिता केशब चक्रवर्ती ने बेटे के अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी।



चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे और अपने आयु वर्ग के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। अंडर-11 वर्ग में भारत और एशिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी चक्रवर्ती के लिए 2021 का सत्र बेहद शानदार रहा। उस साल उन्होंने यूरोप में कई टूर्नामेंट खेले जिससे उनकी ईएलओ रेटिंग 1800 से बढ़कर 2200 के करीब पहुंच गई। साथ ही वह 2009 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ियों की ईएलओ रैंकिंग में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी बन गए। उनकी असाधारण प्रतिभा की बदौलत वह अंडर-9 वर्ग में राष्ट्रीय रजत पदक और अंडर-11 वर्ग में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। इसके अलावा उन्होंने श्रीलंका में आयोजित एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-10 वर्ग का रजत पदक भी जीता था। वे दो बार नेशनल अंडर-17 खिताब भी जीत चुके हैं।

# Your Time Is Most Valuable Thing.
# I will not let you down 🙏

I GIVE YOU MY GUARANTEE, THIS PURCHASE WILL BE WORTH IT.

## 📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard

+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

🎈Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

## 📚International Newspapers Channel

## 📚 Magazine Channel (National & International)